श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 336, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य 15

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम 16

## दरबार हॉल नहीं, अब गणतंत्र मंडप

नई दिल्ली, एजेंसी

**बदला नाम**

- राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अब कहलाएगा अशोक मंडप

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल के नाम गुरुवार को बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिए गए। पिछले साल राष्ट्रपति भवन परिसर में प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दरबार हॉल राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रम के आयोजन का स्थान है। बयान में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म गई। गणतंत्र मंडप आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। अशोक शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त है। भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ है। जिसके अनुसार अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। इस हॉल का उपयोग दूसरे देशों के प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने के स्थल के रूप में किया जाता है।

### सरकार के लिए दरबार नहीं, शहंशाह का सिद्धांत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदले जाने के बाद केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के लिए दरबार का नहीं, बल्कि शहंशाह का सिद्धांत है। दोनों हॉलों के नाम बदले जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार के पास दरबार का नहीं, शहंशाह का सिद्धांत है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा

- अगस्त में 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा
- 60,244 सिपाहियों की भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से फरवरी में हुई थी स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन अगस्त माह की 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि परीक्षा फरवरी माह में निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिया गया था कि यह परीक्षा छह महीने के अंदर पुनः आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं यथा, परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश शासन द्वारा 19 जून को जारी किए गए हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।



### परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना

**परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना :** प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 पहली जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

### परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निशुल्क बस सेवा की सुविधा देगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए कंडक्टर को देना है।

**एक नजर**

### अब्बास की बेल पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत (बेल) याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया। अंसारी की पत्नी चित्रकूट जिला जेल में बंद अपने पति अंसारी से मुलाकात के लिए जाती थी। मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक मई के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

### गूगल मैप्स ने भारत में कई नई सुविधाएं पेश कीं

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने गूगल मैप्स पर कई नई सुविधाएं की पेशकश की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सूचना, फ्लाईओवर कॉलआउट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए संकरी सड़क के उपयोग को कम करने के लिए एआई-संचालित रूटिंग क्षमता शामिल है। गूगल मैप्स ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जबकि उसे घरेलू कंपनी ओला मैप्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गूगल मैप्स ने गुरुवार को नई विशेषताओं की घोषणा करते हुए कहा कि यह मैपिंग के लिए एक रोमांचक समय है।

## सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

**बजट पर चर्चा** हंगामे के चलते दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही

कांग्रेस सांसद चन्नी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच चले शब्द बाण

किसानों को एमएसपी की गारंटी के बयान पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई, बाद में सत्तापक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच कहासुनी देखने को मिली।

सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान जालंधर से कांग्रेस के सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ये देश के हवाई अड्डे समेत सबकुछ बेच रहे हैं। चन्नी ने कहा कि आप (सरकार) देश की संपत्तियों के संरक्षक हैं, मालिक नहीं हैं। इन्हें बेचने की और देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए आरोप लगाया कि इनमें (सत्तापक्ष) और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ रंग का फर्क है। पहले ये सत्ता में काबिज हुए और फिर सत्ता के रास्ते ये देश के उद्योगों पर अपने लोगों का कब्जा करा रहे हैं। इस पर रेल राज्य मंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य बिट्टू ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में चन्नी ने उनका नाम लेते हुए कहा कि आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन वह उस दिन मरे, जिस दिन आपने कांग्रेस को छोड़ा। इस पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य से व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करने को कहा। बिट्टू ने कहा कि इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि चन्नी गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 1:25 बजे दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद चन्नी ने अपना अधूरा भाषण आगे बढ़ाया और कहा कि सरकार ने किसानों को (एमएसपी की) कानूनी गारंटी देने का लिखित वादा किया था। इस पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य अपनी बात प्रमाणित करें या माफी मांगें। सदन में एक बार फिर से नोकझोंक शुरू हो गई। बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य को अपनी बात प्रमाणित करनी होगी। चन्नी के बाद जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य सुनील तटकरे ने बोलना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठने के स्थान को लेकर कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद फिर दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर करीब 25 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



रवनीत सिंह बिट्टू



चरण जीत सिंह चन्नी

### मर्यादा रखें, आसन को चुनौती नहीं दें : बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा रखें तथा आसन को चुनौती नहीं दें। बुधवार को गंगोपाध्याय के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर टिप्पणी की जिस पर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

### बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष कर रहा राजनीति



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद में केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर बोलने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। रीजीजू ने कहा कि जिस तरह से कुछ विपक्षी नेताओं ने अपने भाषण दिए, वह सदन का अपमान करने और बजट सत्र की गरिमा को कम करने जैसा है।

## जौहर विवि में शत्रु संपत्ति पर गृह मंत्रालय ने लिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नौ अप्रैल को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई
- 13.8 हेक्टेयर रकबे पर चारों ओर खंभे लगे, कराई तारबंदी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लखनऊ से आई टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में ले लिया। गुरुवार को शत्रु संपत्ति को चिन्हित कर खंभे लगवाने के बाद तारबंदी करवा दी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। जौहर विवि में करीब 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। नौ अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय की टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है।

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने 2006 में तहसील सदर स्थित आलियागंज में जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना का काम शुरू किया था, लेकिन सपा सरकार के बाद भाजपा की सरकार ने आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। निर्माण के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति को भी मिला लिया था। यह संपत्ति करीब 13.8 हेक्टेयर है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराने पर मामला सही पाया गया था। तभी से इसकी जांच चल रही है। कुछ दिनों पहले लखनऊ से आई टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ जमीन को चिहिन्त करके खंभे लगवाकर तारबंदी करा दी थी। हालांकि बाद में आजम खां के अधिवक्ताओं ने इस जमीन पर कुछ समय के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बाद खंभे हटा दिए गए थे। स्टे का समय पूरा होने के बाद गुरुवार को फिर गृह मंत्रालय से आए शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक प्रशांत सैनी, नायब तहसीलदार गौरव विश्वनोई राजस्व टीम के साथ जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने शत्रु संपत्ति को चिहिन्त करने के बाद खंभे लगवाए और तारबंदी कराई।

### सीयूईटी-यूजी की अंतिम कुंजी जारी, नतीजे जल्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने 7 जुलाई को सीईयूटी-यूजी की वैकल्पिक कुंजी जारी की थी जबकि करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

## कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई



- सिसोदिया और के कविता की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 8 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में आप के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने दिया निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है और संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपये के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी।

## बारिश-भूस्खलन से बदरीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री हाईवे बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जारी बारिश व भूस्खलन के चलते चमोली व रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ, केदारनाथ हाईवे समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। उत्तरकाशी में भटवाड़ी-गंगनानी के बीच बोल्डर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है। चमोली जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब आए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हाईवे पर फाटा के निकट डोलिया देवी में मलबा आने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। केदारघाटी में लगातार बारिश से केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाड़ी व गंगनानी के बीच में मलबा व बोल्डर आने के कारण बाधित हो गया।

## मेरठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करें सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र का प्रस्ताव इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

केंद्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) को पत्र लिखकर कुछ मामलों की मेरठ और आगरा से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई करने का प्रस्ताव भेजा है तथा उसे उम्मीद है कि इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट सबसे पुराना हाईकोर्ट है, इसमें कोई शक नहीं है। इसकी पीठ मेरठ और आगरा में स्थापित हो, यह विषय लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ई-कोर्ट प्रोजेक्ट-तृतीय' के माध्यम से ऐसा प्रयास कर रही है। मेघवाल ने कहा कि हमने (इलाहाबाद हाईकोर्ट के) मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ सुनवाई मेरठ और आगरा से की जा सकती है। उसका (पत्र का) जवाब अभी आया नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सकारात्मक उत्तर आने की संभावना है। मेघवाल ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने के प्रश्न पर कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव अभी सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने सरकार से जानना चाहा कि सरकार जब सर्किट बेंच या क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी तो क्या वह देश के सबसे पुराने हाईकोर्ट में से एक इलाहाबाद हाईकोर्ट की क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी? उन्होंने यह भी पूरक प्रश्न किया था कि क्या सरकार हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 से बढ़ा कर 65 वर्ष और 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने पर विचार करेगी, वेतन एवं भत्तों के साथ? एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में मेघवाल ने कहा कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 और 224 के तहत की जाती है, जिसमें किसी भी जाति या वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

## अनपरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उमस भरी गर्मी में कटौती होने से परेशान हैं लोग

**अमृत विचार :** भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को अनपरा की दो इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे बिजली संकट गहरा गया, जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादतर इलाके बिजली संकट की चपेट में रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार दोपहर में अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। अपरान्ह करीब तीन बजे अनपरा की ही 210 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई भी ठप हो गई। सूत्रों ने बताया कि दोनों इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। इन इकाइयों के देर रात तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की दो सौ मेगावाट की इकाई 20 जुलाई से बंद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। बिजली आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सारिणी के तहत गांवों में छह घंटे, नगर पंचायतों-तहसील मुख्यालयों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती जारी रही। इस दौरान लोग परेशान रहे।

## उत्तराखंड आने वाले पर्यटक वाहनों में लगाने होंगे डस्टबिन

**राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखने को फैसला**

ब्यूरो, देहरादून



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

- पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों को पालन कराने के निर्देश
- उत्तराखंड परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के परिवहन आयुक्तों को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्राकृतिक स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटक वाहनों में अब डस्टबिन/कचरा बैग रखना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसियों व टैक्सी चालकों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। पर्यटकों से भी वाहन में कचरा बैग रखने की अपील की है।

मुख्य सचिव ने इस संबंध में नियमित रूप से चेकिंग एव चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन / कचरा बैग लगाना अनिवार्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/कचरा बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड वासियों के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है।

## आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

**कठुआ आतंकी हमला**

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए आतंकवादियों के दो कथित मददगारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के दूरस्थ मछेड़ी इलाके में आतंकवादियों द्वारा 8 जुलाई को घात लगाकर किए गए हमले में एक जूनियर कमीशन अधिकारी सहित सेना के पांच जवान शहीद हुए थे और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिलावर के कलना धानू परोल के रहने वाले लायाकत अली उर्फ पावू और मल्हार के बौली मोहल्ला के मूल राज उर्फ जेनजू के रूप में हुई है। मल्हार थाने में अली और राज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा और इग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

### छत्तीसगढ़ में 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

# एआरटीओ कार्यालय में 4 दलाल पकड़े

## सिटी मजिस्ट्रेट के छापा से मचा रहा हड़कंप, सामान छोड़कर भाग गए दलाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा


एआरटीओ कार्यालय में लोगों से पूछताछ करते सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह।

**अमृत विचार।** सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ने गुरुवार को अचानक एआरटीओ कार्यालय में छापा मारा। दोपहर के समय उनके अचानक पहुंचने से कार्यालय के आसपास बैठने वाले दलालों में हड़कंप मच गया। कई लोग मौके से भाग निकले। इस दौरान कुछ दलालों को सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस बुलाकर पकड़वा भी लिया। निरीक्षण के समय एआरटीओ कार्यालय के बाहर हड़कंप की स्थिति रही। यहां आसपास बड़ी संख्या में लोग कुर्सी मेज डालकर कार्यालय आने वाले लोगों के कामकाज के लिए दलाली करते हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि कई लोग बिचौलिये के रूप में कार्य करते हुए बैठे पाये गये इनसे पूछताछ की गई तो यह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। निरीक्षण के समय उनकी गाड़ी देखकर कई लोग भाग गये। इस दौरान कुछ लोग पकड़ में आ गये जो बिचौलिये के रूप में कार्य कर रहे थे, जिन्हें थाना सिविल लाइन में निरूद्ध कराया गया। इसके बाद एआरटीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय कार्यालय स्टाफ उपस्थित मिला। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में एआरटीओ बृजेश कुमार भी आ गये थे। बता दें कि इस दौरान अजय प्रताप मुन्नी का अड्डा, थाना सिविल लाइन, दीपक कुमार अधियापुरा परासना थाना सैफई, राजेन्द्र प्रसाद फ्रेण्डस कालोनी, राकेश लुहन्ना, थाना सिविल लाइन को मौके पर दबोचा गया।

दरअसल लंबे समय से एआरटीओ कार्यालय में दलालों का वर्चस्व कायम है। यही कारण है कि न सिर्फ बाहर बल्कि कार्यालय के अंदर भी दलाल खुलेआम पटल पर काम करते और कराते नजर आते है। इस व्यवस्था को लेकर ए एआरटीओ कार्यालय 2018 में चर्चा में आया था जब एक दलाल को सालों से कामकाज के बाद पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा था। इस मामले में दो एआरटीओ पर भी कड़ी कार्रवाई हुई थी जबकि कार्यालय के अन्य स्टाफ पर भी इसकी गाज गिरी थी।

इन सब के बावजूद एआरटीओ कार्यालय में दलालों की मौजूदगी किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में डीएम अवनीश राय के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह गुरुवार को अचानक निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां कार्यालय के बाहर व अंदर दलाल काम काज करते हुए पाए गए जिसको लेकर उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की है उम्मीद की जा रही है कि इस रिपोर्ट को डीएम के पास प्रस्तुत किया जाएगा।

### पूर्ति कार्यालय के बाहर लगी मिली भीड़

**इटावा।** सिटी मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट में सुबह 11.35 बजे जिला पूर्ति कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां कार्यालय के बाहर एवं अंदर काफी लोगों की भीड़ लगी थी। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने नाराजगी जताई उन्होंने वहां मौजूद लोगों से जब पूछताछ की तो उसमें से अधिकांश लोग राशन कार्ड में नाम कटने, यूनिट कम होने व राशन न मिलने जैसी शिकायतें लेकर यहां पहुंचे थे। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी को सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थित पंजिका देखी जिसमें कार्यालय स्टाफ उपस्थित मिला।


बाल संरक्षण समिति की बैठक में भाग लेते अधिकारी। अमृत विचार

# बच्चों से श्रम कराया तो जाना पड़ेगा जेल: श्वेता

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- बाल संरक्षण समिति की बैठक में किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिलाओं को जागरूक किया गया। सहायक श्रम आयुक्त व प्रभारी खंड विकास अधिकारी श्वेता गर्ग ने कहा कि बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण नहीं होना चाहिए। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कार्य कराए जाने पर कानूनी कार्रवाई के अंतर्गत जेल भी जाना पड़ेगा।

बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रवर्तकता कार्यक्रम, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्पलाइन व जेजे एक्ट की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार ने कहा कि वार्ड व ग्राम बाल संरक्षण समितियां अपने-अपने वार्ड या मोहल्ले में योजना के पात्र बच्चों के आवेदन पूर्ण कर जमा कराने में सहयोग करें। एसआई संत कुमार ने कहा कि डरें नहीं बेझिझक शिकायत करें। प्रभारी सीडीपीओ शकुंतला यादव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार यादव एवं शिक्षा विभाग से हंसराज ने संबोधित किया। प्रोबेशन कार्यालय से आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा व आंगनबाड़ी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कौशल कुमार ने सहयोग प्रदान किया।

## सार-संक्षेप

### बिजली चोरी करते पकड़े गए पांच उपभोक्ता

**इटावा।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हाई लास फीडर पुरबिया टोला में गुरुवार को छापेमारी की गई। इस दौरान 5 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया है। सराय शेख के आसपास अवर अभियंता व विजीलेंस टीम के साथ चेकिंग करने पर 5 उपभोक्ताओं के यहां मीटर से पहले केबिल में कट लगाकर बिजली चोरी पाई गई। इनके खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### चौपाल में किसानों की समस्याओं का निस्तारण

**चकरनगर।** सहायक चकबंदी अधिकारी अखिलेश कुमार ने लेखपाल गौरव यादव व सहायक चकबंदी लेखपाल राजीव यादव के साथ गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवादा खुर्द कलां में जन चौपाल लगाकर ग्रामीण व किसानों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया। 12 किसानों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। किसानों ने मांग की कि शीघ्र ही चकबंदी की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए क्योंकि गांव की खतौनी में लगभग एक हजार के करीब खेती के सामूहिक खाते हैं। आजादी से वर्तमान समय तक सामूहिक खातों का बंटवारा नहीं हुआ है, जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन ज़मीन को लेकर वाद-विवाद होते रहते हैं।

### इटावावासियों से बनी आत्मीयता हमेशा जीवंत रहेगी : जोसेफ

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सेंट मैरी इटावा के पूर्व प्रधानाचार्य फादर जॉबी जोसेफ का विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बड़ा भावुक पल है। इटावा के 11 वर्ष के कार्यकाल को वे कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने यहां पर लोगों से जो आत्मीयता बनाई है वह सदैव जीवंत रहेगी एवं वे इटावा को तथा इटावा वासियों को सदैव याद रखेंगे। कैलाश चंद्र ने 25 वर्षों में शिक्षा जगत में एक अलग पहचान बनाई है और हजारों बच्चों को अच्छे संस्कार देते हुए अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी है। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि फादर जोबी जोसेफ मिलनसार एवं सहयोगी व्यक्ति रहे हैं। उनके दिशा निर्देशन में विद्यालय का रिजल्ट बहुत अच्छा रहा है तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास हुआ है। अब वे फरुखाबाद जिले में प्रधानाचार्य के रूप में इसी प्रकार से अपनी सेवाएं देंगे। इटावा सहोदय के कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल अभिषेक सक्सेना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ्रांसिस सर, संगीता, साधना, फरमान, बिग्नेश, आशा, मनीष आदि अध्यापकों का योगदान रहा।


फादर जोबी जोसेफ को प्रतीक चिंह देते डॉ. कैलाश चंद्र यादव। अमृत विचार

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

**बकेवर।** न्यायालय से आदेश कराकर थाना में इसी क्षेत्र में गांव दादरपुर के आमिर खां के खिलाफ महिला से छेड़छाड़ अश्लील हरकतें करते हुए दलित उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कहा गया है कि 17 जनवरी को दलित महिला घर में अकेली थी कि तभी नामजद घर में घुस आया जो छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा, विरोध किया तो जाति सूचक गाली-गलौज मारपीट करने लगा। चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग आए तब तक हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। तब न्यायालय में गुहार लगाई। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया। इसकी जांच सीओ भरथना अतुल प्रधान करेंगे।

### बाइक पर स्क्रेच किया तो महिला ने बालिका का सिर फोड़ा

**जसवंतनगर।** बालिका द्वारा बाइक पर स्क्रेच कर दिए जाने से गुस्साई महिला ने बालिका पर कहर ढाते हुए नुकीली वस्तु से सिर फोड़ दिया। थाना क्षेत्र में गांव नगला इच्छा में रहने वाली ममता देवी ने बताया कि आठ वर्षीय बेटी ने खेलने के दौरान पड़ोसी की बाइक पर स्क्रैच कर दिया, जिससे खफा होकर बेटी रिया को पड़ोसन ने जमकर मारा पीटा व नुकीली वस्तु से सिर पर प्रहार कर सिर फोड़ दिया। जिससे उसके गहरा घाव हो गया। सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने घायल बेटी को सीएचसी में भर्ती कराया। घटना से सभी परिजन भयभीत हैं।


डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह का स्वागत करते शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

### प्रेमपाल सिंह बने डायट के प्राचार्य

**इटावा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के नविनयुक्त प्राचार्य प्रेम पाल सिंह का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। प्रदेशीय मंत्री/जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं महामंत्री जितेन्द्र सिंह यादव शैक्षिक उन्नयन पर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए गुणवत्तापरक शिक्षा पर चर्चा की। प्राचार्य ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार सबके सहयोग से निपुण भारत लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा डायट की व्यवस्थाओं में हर संभव सुधार किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी जिलाध्यक्ष देश दीपक तिवारी, मंडल महामंत्री/कोषाध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी, बलराज चतुर्वेदी, विमलेश यादव, विमल शुक्ला, अनिल यादव व शिवम कुमार मिश्र, विकास कुमार शुक्ल के साथ ही डायट प्रवक्ता मनोज कुमार रहे।

### मां-बेटे को पीटकर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम वंशियापुरा की रहने वाली रजनी देवी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 21 जुलाई को उसका पुत्र हरिओम खेतों पर जा रहा था। वह रंजीत कुमार के दरवाजे के सामने गली में पहुंचा तभी नामजद लोग बिना वजह पुत्र को गाली-गलौज करने लगे। पुत्र ने विरोध किया तो लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। मां रजनी देवी बचाने पहुंची तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रंजीत, अमर जीत, अमित कुमार पुत्रगण रवीन्द्र सिंह व रवीन्द्र सिंह की पत्नी संतोषी देवी निवासीगण ग्राम वंशियापुर थाना बकेवर इटावा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विद्यालयों का समय बदले जाने की मांग

**इटावा।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद यादव एवं मंत्री अजय तिवारी के नेतृत्व में शिक्षक संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले। उन्हें विद्यालयों में आने वाली समस्या के बारे में बताया। शिक्षकों नेबताया कि सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय लगते हैं। 12 बजे के बाद विद्यालयों में बच्चे गर्मी से पसीना-पसीना होते हैं। अधिक उमस भारी गर्मी पड़ने के कारण विद्यालय के बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। क्योंकि काफी बच्चे बीमार भी पढ़ चुके हैं। शिक्षक संघ ने विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7 से 12 बजे करने की मांग की है।

### आत्महत्या करने घर से गए युवक की पुलिस ने बचाई जान

भरथना। भरथना कोतवाली के क्षेत्र के अंतर्गत गृह क्लेश से तंग आकर ट्रेन की पटरी पर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की सक्रियता से उसकी जान बच गई। घटना के संबंध में उपनिरीक्षक ईद हसन ने बताया कि युवक ग्रह कलह से तंग आ चुका है। दुखी होकर राजू खान निवासी कल्याननगर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने घर से निकल पड़ा।


कलश यात्रा में शामिल युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

# बीबामऊ में निकली भव्य कलशयात्रा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बीबामऊ के पास महामई मार्ग किनारे ईंट-भट्टा परिसर में स्थित मंदिर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में 51 महिलाएं पीले वस्त्र और सिर पर कलश लेकर निकलीं। वृंदावन से पहुंचे वेदनारायण दीक्षित शास्त्री व आचार्य उदित नारायण दीक्षित की देखरेख में मंत्रोच्चार के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह की शुरुआत की गई।

आयोजन समिति के मुन्ना लाल यादव डीलर व प्रेम सिंह ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन संध्या समय प्रवचन एवं कथा होगी। प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। यह सनातन धर्म की ज्ञान की धारा है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है।

चंद्रपाल यादव, सर्वेश यादव, बीरेंद्र यादव, राम नरेश यादव, प्रदीप कुमार, रविन्द्र यादव, सुरेंद्र कुमार, सुधीर यादव, लाखन, ब्रजेश, राकेश कुमार, सोनी, रंगोली, रिंकी, रुपाली समेत समस्त ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# सीएचसी में तीमारदार से मांगे पांच हजार

संवाददाता भरथना, इटावा

- रुपये मांगने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार।** भरथना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला स्वास्थ्य कर्मी द्वारा पांच हजार रुपये मांगे गए। मांग पूरी न करने से बरती गई लापरवाही से नवजात शिशु मौत होने का आरोप लगाया गया। रुपये मांगने का वीडियो वायरल किया गया है, हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है लेकिन यह स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालिया निशान लगा रहा है।

भरथना नगर में मोहल्ला महावीर नगर में रहने वाली प्रसूता सोनाली और उसके पति बबलू ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए 21 जुलाई रात आठ बजे भरथना सीएचसी पर पहुंचा। वहां एक महिला स्वास्थ्यकर्मी ने सुरक्षित प्रसव कराने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की।

इस बीच प्रसूता को प्रसव पीड़ा तेज हो गई, आधा घंटा में प्रसूता ने स्वस्थ शिशु को सुरक्षित जन्म दिया। स्वास्थ्यकर्मी द्वारा मांगी गई धन राशि की न नुकर करते हुए पति अपने घर आ गया।


आप बीती सुनाते दंपति।

तीमारदार पति दिखाई नहीं दिया तो उक्त महिला स्वास्थ्यकर्मी ने प्रसूता व उसके जन्मे नवजात शिशु की देखभाल में लापरवाही शुरू कर दी। कुछ देर बाद कुछ धन राशि लेकर पति अस्पताल पहुंचा तब तक स्वास्थ्यकर्मी महिला ने प्रसूता सहित नवजात शिशु की हालत खराब बताकर जिला अस्पताल के लिए रेफर की तैयारी कर दी। इस दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई।

इस बीच रिश्वत मांगने का बना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिस पर पीड़ित दंपति ने मुख्यमंत्री सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित किए ताकि अन्य गरीब इस तरह की रिश्वतखोरी और लापरवाही के शिकार न बने।

### जांच समिति का गठन दोषी पर होगी कार्रवाई

भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अमित दीक्षित ने बताया कि मीडिया कर्मियों से उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी हुई थी। इस पर जिला चिकित्साधिकारी के निर्देश पर उन्होंने एक तीन सदस्यीय टीम का गठन कर जांच करने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट आने पर दोषी स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** जिला सहकारी बैंक में हुए करीब 25 करोड रुपये के घोटाले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के उपमहाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक राजीव त्रिपाठी ने 10 कर्मचारियों के खिलाफ 24 करोड़ 90 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों अतुल प्रताप व जैदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी अखिलेश चतुर्वेदी पुत्र शैलेंद्र चतुर्वेदी निवासी चम्पाबाग कोतवाली राज पैलेस होटल भरतपुर राजस्थान में रूका हुआ है। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित मुख्य आरोपी अखिलेश चतुर्वेदी को राज पैलेस होटल भरतपुर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया।

# सचिवों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ग्राम विकास अधिकारी एसो. ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि गांवों में कामकाज और गौशालाओं की व्यवस्थाओं के नाम पर सचिवों को प्रताड़ित किया जाता है। उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती। इससे उनमें आक्रोश है। यदि यही रवैया रहा तो संगठन आंदोलन करेगा।

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की आवश्यक बैठक लोक निर्माण विभाग के संघ भवन में पूरन सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें आए दिन सचिवों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए कहा गया कि इस समय बरसात का सीजन चल रहा है जिसके कारण गांव में जल भराव एवं गंदगी का होना स्वाभाविक है। विकास एक सतत प्रक्रिया है जो एक साथ नहीं हो सकता ऐसा सभी जानते हैं फिर भी उच्चाधिकारियों द्वारा गांव में भ्रमण के समय यदि कहीं जल भराव या तालाबों में जलकुंभी देखने को मिलती है तो उस गांव के सचिव पर दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।

इसके साथ ही सचिवों की बैठक में धनउगाही के आरोप भी लगाए गए। यह भी कहा गया कि सोशल ऑडिट की टीमों द्वारा सुविधा शुल्क मांगा जाता है। यह भी कहा गया कि गौशालाओं में अवस्थापना सुविधाओं को कराने की पूरी जिम्मेदारी सचिव की मानते हुए उसे प्रताड़ित किया जाता है जबकि कुछ छोटी छोटी पंचायत में भी गौशालाएं स्थापित है। जहां कर्मचारियों का मानदेय तक निकलना भी मुश्किल होता है तो सचिव गौशाला के फील्ड में इंटरलॉक या खरंजा कैसे बनवाएं।

बैठक में संगठन ने निर्णय लिया कि यदि कर्मचारी की जायज समस्याओं को ना सुनकर अधिकारी अपना दंडात्मक रवैया नहीं बदलते हैं तो संगठन कार्य बहिष्कार करने एवं धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। उमाकांत, संजीव श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, संदीप सविता, रामेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, जय चंद्र, अजय यादव, अजय कुमार, महेंद्र पाल, संजीव यादव, यशवीर सिंह, अल्क्षेंद्र कुमार, पंकज यादव, जितेंद्र कुमार, बब्बू राजा, जय किशन, शैलेंद्र कुमार, बृजभान सिंह, दुर्विजय सिंह, मृदुल कुमार, सुशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## डंपर में घुसी डीसीएम चालक की गई जान

**बकेवर।** चालक को झपकी आने से आगरा-कानपुर नेशनल सिक्सलेन हाईवे पर डीसीएम खड़े डंपर से जा भिड़ी। हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के बद्दी कस्बा से एक डीसीएम चालक सामान लादकर उन्नाव जा रहा था। बुधवार को देर शाम उक्त हाईवे पर थाना क्षेत्र में गांव बिजौली के पास ओवरब्रिज के पहले हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से डीसीएम जा टकराई। जिससे उक्त कस्बा में रहने वाले बलकार सिंह के 34 वर्षीय बेटा डीसीएम का चालक रविंद्र सिंह घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान चालक रविंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार वाले सोलन हिमांचल से गुरुवार सुबह बकेवर आए।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने पांच साल पुराने किशोरी के साथ घर में घुसकर छेडछाड़ करने के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा के साथ एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि था 10 सितम्बर 2019 को सुबह आठ बजे अपने घर से काम पर निकली थी। तभी मोहल्ले के लोगों ने बताया कि तुम्हारे घर में एक लड़का घुस गया है। वह घर वापस आई तो दरवाजा खोलकर अंदर गई तो देखा तो देखा कि बेरून कटरा साहब खां निवासी कलीम उर्फ कामिल उसकी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। मोहल्ले के लोगों की मदद से वह उसे पकड़ कर कोतवाली ले गई और केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने कामिल के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने कामिल उर्फ कलीम को दोषी पाया। दोशी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा सुनाई।

# मोबाइल चोरी करने वाले तीन पकड़े, 8 फोन बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राहगीरों व ट्रक चालकों को बनाते थे निशाना

**अमृत विचार।** राहगीरों व ट्रक ड्राइवरों के मोबाइल फोन पार करने वाले तीन शातिर ऑटो सहित पुलिस के हाथ आ गए। तीनों के पास से चोरी किए गए आठ मोबाइल फोन बरामद हुए।

एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराम मिश्र फोर्स के साथ मैनपुरी इटावा स्टेट हाईवे पर बुधवार की रात कुनेरा के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। रात पौने एक बजे सूचना मिली कि बिचपुरी खेड़ा नहर पुल पर ऑटो सवार तीन लोग किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस पर घेराबंदी करके तीनों को ऑटो सहित पकड़ लिया। इसी थाना क्षेत्र में तुलसी अड्डा का सत्यम उर्फ बांकेबिहारी, दूसरे ने नवीन मंडी शिवा कॉलोनी का दीपक उर्फ दीपू तथा तीसरे ने अड्डा ऊसरा का सोनवीर नाम पता बताया, तीनों के पास से आठ मोबाइल तथा घटनाओं में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुआ। आरोपियों ने बताया कि राहगीरों को ऑटो में बैठाकर उनके तथा ट्रक में सो रहे चालकों के फोन पार कर सस्ते दाम में बेच देते हैं। दीपक इनमें ज्यादा शातिर है जिसके खिलाफ पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। अन्य का इतिहास खंगाला जा रहा है, ऑटो को सीज करा दिया गया है।

शिक्षा है अनमोल रतन | प्रदेश स्तरीय स्काउट गाइड कार्यशाला संपंन, शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# प्रत्येक स्कूल में गठित होगा स्काउड गाइड दल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त पूर्व आईएएस डॉ. प्रभात कुमार ने समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्काउट गाइड शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रत्येक विद्यालय में दलों के गठन के निर्देश दिए। इसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को जल्द ही स्काउट गाइड का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश आयुक्त स्काउट राजेश मिश्रा ने जनपद के समस्त जिला स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिला स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन को जनपदों में होने वाली समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा, प्रादेशिक आयुक्त को समस्त जिला स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन की तरफ से सुझाव पत्रक सौंपे गए, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविंद श्रीवास्तव ने युवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हुए नवीन परिवर्तनों के बारे जानकारी दी।


स्काउड गाइड कैप्टन को प्रतीक चिंह देते अच्युत त्रिपाठी। अमृत विचार

प्रादेशिक सचिव आनन्द सिंह रावत, प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट और गाइड हीरालाल यादव, कामिनी श्रीवास्तव, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी, मयंक शर्मा, पूनम संधू, कमलेश द्विवेदी, उपस्थित रहे। जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी को जिला सचिव रविंद्र यादव, सुनील कुमार,विपिन कुमार,डा पीयूष दीक्षित, आनन्द मिश्रा,अजय प्रताप सिंह, बृजेंद्र पाल सिंह, अर्चना चौधरी,अतर्ररहमान, स्वीटी मथुरिया,अंजुल यादव, मंजू यादव सुब्हान खान, नौशाद अली, धर्म नारायण, नारायण दत्त दीक्षित, दिलदार अली ने हार्दिक बधाई दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई – इटावा।**
पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत– अतिराजपुर/निविदा प्रकाशन/2024–25/दिनांकः 25.07.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत अतिराजपुर सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 26/07/2024 से 01/08/2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 02/08/2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/07/2024 से 01/08/2024 तक ग्राम पंचायत अतिराजपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भाऊपुर वाली सड़क से नाला तक नाला सफाई कार्य। | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | 187543.00 | 3750.86 | 500.00 |
| 2 | सौरव के घर के सामने अवशेष इण्टरलॉकिंग कार्य। | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | 128434.00 | 2568.68 | 500.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत अतिराजपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (प0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान — ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई, इटावा। — ग्राम पंचायत अधिकारी

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 30 | सूर्यास्त 07 : 00 |

# जच्चा- बच्चा मौत के मामले में बनी जांच कमेटी

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता फतेहपुर



गुरुवार के अंक में प्रकाशित खबर।

- मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे नर्सिंग होम में हुई थी जच्चा बच्चा की मौत

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे नर्सिंग होम में हुई जच्चा बच्चा की मौत के मामले में सीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं। सीएमओ ने नई तहसील रोड में श्रद्धा मेडिकल स्टोर के नाम पर चल रहे नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत की जांच के लिए 3 सदस्यों की जांच कमेटी गठित की है। कमेटी दो दिन में जांच रिपोर्ट देगी।

हुसेनगंज क्षेत्र के भागूपुर मजरे समदा सहोदर पुर निवासी कमलेश तहसील के पास किराए के कमरे में रहता है। उसने 23 जुलाई को श्रद्धा मेडिकल स्टोर में प्रसव के लिए पत्नी को भर्ती कराया था। भर्ती करने वाली डॉक्टर गीता उत्तम ने प्रसूता का गलत इलाज किया, इससे जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। पीड़ित ने बुधवार को सीएमओ को शिकायती पत्र दिया। इस पर सीएमओ राजीव नयन गिरि ने कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। खास बात यह है कि गलत इलाज से जच्चा बच्चा की यह पहली मौत नहीं है। ऐसे नर्सिंग होम अभिलेखों में कई-कई डॉक्टरों नाम लिखा रखते हैं, लेकिन इलाज झोलाछाप ही करते हैं। सीएमओ ने बताया कि आरोपी डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम बताई जा रही है। जांच में पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिले में कोई भी अयोग्य डॉक्टर का नर्सिंग होम संचालित नहीं होगा।

# किसी भी कोटे की दुकान से होगी केवाईसी

संवाददाता फतेहपुर

- प्रदेश के किसी भी कोटे में अंगूठा लगाकर करा सकते हैं ई-केवाईसी
- अंत्योदय और पात्र गृहस्थी वाले उपभोक्ता होंगे शामिल

**अमृत विचार।** यदि आप राशन कार्ड धारक हैं और अभी तक आपने ई-केवाईसी नहीं कराई है तो यह खबर आपके लिए राहत भरी हो सकती है। अब उपभोक्ता प्रदेश भर में किसी भी कोटे की दुकान पर जाकर अपना अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी करा सकेंगे। इसके लिए उसे सम्बंधित कोटेदार की दुकान जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

अंत्योदय और पात्र गृहस्थी वाले राशन कार्ड में शामिल सभी उपभोक्ताओं का जिला पूर्ति विभाग की ओर से सत्यापन कराया जा रहा है।

इसके लिए राशन कार्ड में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को कोटे की दुकान पर जाकर ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाना होगा, इसके बाद ही उसका सत्यापन माना जाएगा। उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए विभाग ने अब प्रदेशभर के किसी भी कोटे की दुकान पर ई-केवाईसी कराने की छूट दे दी गई है। इससे उपभोक्ता अपनी सहूलियत के मुताबिक कोटेदार से सम्पर्क कर ई-केवाईसी करा सकेंगे।

### दोपहर में दो बजे के बाद ई-केवाईसी का आदेश

- कोटेदारों के खाद्यान्न वितरण में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए जिला पूर्ति विभाग की ओर से अपरान्ह दो बजे के बाद ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया है। इससे पहले कोटेदार खाद्यान्न वितरित करेंगे।

> शासन की नई व्यवस्था के तहत राशन उपभोक्ता प्रदेश भर में किसी भी कोटे की दुकान पर जाकर अपनी ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए अपरान्ह दो बजे के बाद का समय निर्धारित किया गया है।
>
> जिला पूर्ति अधिकारी

## एक नजर

### कूलर में उतरे करंट से युवक की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के छीछा में बुधवार की शाम कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। छीछा गांव निवासी चंद्रभान का पुत्र महेश सिंह बुधवार की शाम खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। तभी कूलर चालू करते समय करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में जहां कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर में मानसिक तनाव के चलते अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाएं। जहां हालत ठीक न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी स्व. रामशंकर का पुत्र रमेश काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। बुधवार शाम उसने जान देने के इरादे से जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हाल बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 64 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 64 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 13 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर हड़प लिए 1.45 लाख रुपये

## दुबई में नौकरी की बात कहकर थमाया टूरिस्ट वीजा, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

- शिकायत पर पुलिस ने नहीं दर्ज की थी एफआईआर, कोर्ट से मिला सहारा




**अमृत विचार।** नौकरी का झांसा देकर युवक को टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया। फर्जीवाड़े का अहसास विदेश पहुंचने के बाद हुआ। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

राधानगर थाना के गांव रमवां पंथुवा निवासी संदीप ने बताया कि वह विदेश में नौकरी करना चाहता था। गांव के विनोद ने पंजाब प्रांत के अमृतसर गांव फतेहगढ़ रसूलपुर निवासी एजेंट सुखवीर के माध्यम से वीजा बनवाकर विदेश भेजने की बात कही।

विनोद ने एजेंट को गांव भी बुलवा लिया। सात अक्तूबर 2022 को सुखवीर के खाते में 24,500 और 25 हजार रुपये दो बार में भेजे गए। इसके पहले वह एप के माध्यम से दो बार 20-20 हजार और एक बार 10 हजार रुपये एजेंट सुखबीर के पास भेजा चुका था। विनोद और सुखबीर सिंह के कहने पर नौ मई 2023 को वह अमृतसर पहुंचा। वहां टिकट व टूरिस्ट वीजा देकर दुबई की फ्लाइट में बैठा दिया। उसे दुबई में कोई काम नहीं मिला। सुखवीर से फोन पर काम न मिलने की बात बताई, तो उसने गाली-गलौज किया।

संदीप ने बताया कि काफी मिन्नतों के बाद उसे वतन वापस बुलाया, लेकिन 1,45,500 रुपये नहीं लौटाए। कई बार मांगने पर पहले टालमटोल किया और अब धमकी दे रहा है। शिकायत पर पुलिस के एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर राधानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

# जमीन बैनामा करने के नाम पर तीन लाख की ठगी

संवाददाता थरियांव

- थरियांव थाना क्षेत्र का मामला, मां-बेटे के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जमीन बैनामा करने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित को जब तक खुद के ठगे जाने का अहसास हुआ। तब तक वह ठग के झांसे में आकर तीन लाख रुपये का चपत लग चुका था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मां बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

खागा थाना क्षेत्र के झरहा मजरे संवत गांव निवासी के राकेश कुमार पुत्र ननकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गरीब तबके का किसान है। पड़ोस के गांव रामपुर थरियांव निवासी सुमित सिंह व सुनीता देवी पत्नी अर्जुन सिंह एक साल पूर्व युवक के घर आए और डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से रामपुर थरियांव निवासी अरविंद कुमार के सामने 3 लाख रुपए ले लिया। कहा कि जून तक पैसा वापस नहीं करेंगे तो राजापुर की अपने मां के नाम की जमीन तुम्हारे नाम बैनामा कर देंगे। 24 जून को युवक अपना पैसा मांगने सुमित के दरवाजे पहुंचा तो सुमित सिंह व उसकी मां सुनीता देवी युवक को गाली देकर भगा दिया। आरोपी सुमित अपने को बीजेपी नेता बता कर गरीबों से ठगी कर रहा है। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कंटेनर में पीछे से घुसी डीसीएम चालक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के पास हाईवे में आगे जा रहे कन्टेनर के अचानक रूकने पर पीछे से आ रही डीसीएम घुस गई। हादसे में डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाराबंकी जनपद के थाना फतेहपुर भड़ने हवा मजरे संदूहूपुर निवासी सियाराम का पुत्र दिनेश डीसीएम चालक था। बताते हैं कि बुधवार की रात आगे जा रहे कन्टेनर ने बड़ौरी टोल प्लाजा के पास अचानक ब्रेक लगा देने पर पीछे से आ रही डीसीएम घुस गई। जिसमें दिनेश की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर जांच की।

## हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के उसरैना के पास हाईवे पर सड़क पार कर रहे चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की जेब में रखी आईडी के अनुसार परिजनों को सूचना दी। राजस्थान के जयपुर थाना बेवार गांव आदर्श विद्या मंदिर अजमेर रोड बाईपास निवासी अब्दुल हमीद ट्रक चालक था।


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

# जिला अस्पताल में एडीएम को मिला बाहरी शख्स

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पिछले दिनों जिला अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ से महोबा जाते समय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में फैली गंदगी, खुले बिजली के तार और परिसर के अंदर खड़ी बाइकों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई थी। डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य विभाग को सुधर लाने की हिदायत देकर चले गए थे।

जिसके बाद आठ दिन बीत जाने के बाद भी जिला अस्पताल में कोई सुधर नहीं हुआ और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व कर्मियों की मनमानी जारी रही। जिला अस्पताल की मिल रही शिकायत पर गंभीर जिलाधिकारी सी इंदुमती के आदेश पर एडीएम विनय कुमार पाठक टीम के साथ गुरूवार दोपहर जिला अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर के चेम्बर में पहुंचे तो कई डॉक्टर नदारद रहे। परिसर में कही कही गंदगी फैली रही। एक्सरे रूम में डॉक्टर की कुर्सी पर एक निजी पैथलॉजी का व्यक्ति बैठा मिलने पर पुलिस के हवाले कर दिया।

### दबे पांव भागते दिखे दलाल

जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान बहुत से दलाल अधिकारी को देखकर दबे पांच भागते दिखे। एडीएम विनय कुमार पाठक ने बताया कि जिला अस्पताल का लगातार रूटीन निरीक्षण किया गया है। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज मिले इसके लिए प्रदेश सरकार आदेश पर सारी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा लिखता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

# पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा का निधन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार रह चुके थे विधायक, बक्सर घाट पर होगा अंतिम संस्कार


पूर्व विधायक मदन गोपाल

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा का निधन हो गया है। लम्बी बीमारी से पीडित रहे पूर्व विधायक ने कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में अंतिम सांसे ली। वह जिले से तीन बार विधायक रह चुके थे। उनके निधन से उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। कानपुर से उनका पार्थिव शरीर बकियापुर गांव पहुंचने के बाद उन्नाव के बक्सर घाट में अंतिम संस्कार होगा। पूर्व विधायक के निधन के सूचना पर सपा नेताओं सहित अन्य दलों के नेताओं ने उनके घर पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

दोआबा के जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे मदन गोपाल वर्मा का बुधवार की रात में करीब 10 बजे के आस पास कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में निधन हो गया। पूर्व विधायक पहली बार वर्ष 1993 में जनता दल से विधायक बने। उसके बाद सपा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव से प्रभावित होकर सपा में चले गए और 2002 और 2012 में सपा से विधायक बने। पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा के पुत्र दीपक वर्मा ने बताया कि कानपुर यशोदा नगर आवास पर तबीयत बिगड़ने पर रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर रात में उनका निधन हो गया। पार्थिव शरीर गांव जाने के बाद उन्नाव के बक्सर घाट में अंतिम संस्कार होगा।

## मटन दुकानदारों ने लगाई गुहार

**फतेहपुर।** शहर के चिकन-मटन एवं मछली दुकानदार गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। सावन माह में पुलिस द्वारा जबरन मटन, चिकन व मछली की दुकानें बंद कराए जाने पर नाराज दुकानदार एक ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए न्याय दिलाए जाने की मांग की।

समाजसेवी मो. आसिफ एडवोकेट की अगुवाई में लाला बाजार, छोटी बाजार, कजियाना, बिंदकी बस स्टाप, खेलदार, सैय्यदवाड़ा सहित शहर क्षेत्र के अन्य स्थानों पर खुली मटन, चिकन व मछली के दुकानदार कलेक्ट्रेट आए और जिलाधिकारी सी. इन्दुमती को को एक ज्ञापन सौंपा। बताया कि सावन का महीना चल रहा है। पुलिस ने जबरन उनकी दुकानें बंद करवा दी हैं। दुकानें बंद होने के चलते आर्थिक संकट आ गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि शहर क्षेत्र के यह मार्ग कांवड़ मार्ग नहीं है। इसलिए उन्हें अपनी-अपनी दुकानें खोलने की अनुमति दी जाए।

# जिलाधिकारी पहुंची, बिचौलिए भागे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


एआरटीओ कार्यालय में डीएम ने निरीक्षण के दौरान सुधार के दिये निर्देश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एआरटीओ ऑफिस में दलाल और बाहरी व्यक्तियों से काम कराए जाने की आ रही शिकायतों की हकीकत जानने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती अचानक एआरटीओ कार्यालय जा पहुंची। जहां उन्होंने विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एआरटीओ को कड़ी चेतावनी देते कहा कि किसी भी हालत में बिचौलियों के माध्यम से कार्य न किए जाएं। साथ ही पटल में कोई भी बाहरी व्यक्ति काम करते नहीं मिलना चाहिए। जिलाधिकारी के निरीक्षण की खबर मिलते ही दलालों ने दुकानों के शटर गिराकर फरार हो गए।

जिलाधिकारी सी इन्दुमती ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिकार्ड रूम, कार्यालय के पटल सहायकों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं कार्यालय परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर के आसपास अवैध दुकानों एवं दलालों का मामला संज्ञान में आने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए एआरटीओ को तत्काल निर्देशित किया कि बिचौलियों के जरिए कोई भी कार्य न हो। एडीएम वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप भी साथ रहे।

### दुकानों की जांच कर मांगी रिपोर्ट

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया किया कि कार्यालय परिसर के आसपास जितनी भी दुकाने संचालित है, उनकी गम्भीरता के साथ जांच कराएं। स्पष्ट किया कि जांच कराते हुए तीन दिन के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वहीं यह भी निर्देश दिए कि कार्यालय में साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जो भी प्रार्थना पत्र आते हैं, उनका सूचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण हो।

### नये रिकार्ड रूम के लिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को रिकॉर्ड रूम में पर्याप्त जगह न पाए पर उन्होंने नया रिकॉर्ड रूम बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का परमिट, रजिस्ट्रेशन, वाहनों का फिटनेस, बीमा आदि का कार्य समय से किया जाए।

## सार-संक्षेप

### पिता-पुत्र समेत 4 पर खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र अलियाबाद में एक युवक को खुदकुशी के लिए उकसाने पर चार के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अलियाबाद निवासी चंद्रभान सिंह ने बताया कि गांव में एक माह पहले गांव में चोरी थी। उसके शक पर बेटे विनय सिंह को गांव के श्यामरूप, शिव स्वरूप, भूपेश, आदित्य ने 10 जुलाई सुबह नौ बजे बाग में आम के पेड़ में बांधकर लाठी डंडे से मारापीटा। 11 जुलाई की शाम को बेटे को रास्ते से पकड़कर घर ले गए। वहां दोबारा लाठी डंडों से पिटाई की। बेटे की लाख मिन्नतों के बाद छोड़ा। 12 जुलाई की शाम को वह घर पहुंचे और विनय को अपने घर ले जाकर तमंचे की बट से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। चंद्रभान ने बताया कि उनके घर पहुंचे और बेटे को निर्दोष बताते हुए मारपीट नहीं करने की गुजारिश की, लेकिन वे नहीं माने। चारों के डर से बेटे विनय ने 13 जुलाई को फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चारों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षकों ने भरी हुंकार

**फतेहपुर।** जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 19 वर्षों से संविदा पर कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। सभी ब्लाकों के शिक्षकों ने नगर संसाधन केंद्र में हुंकार भरते हुए प्रदर्शन किया। उसके बाद बीएसए के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र भेजकर अपनी समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की। शिक्षकों द्वारा दिए गए मांग पत्र में बताया कि इन विद्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को 24 घंटे कार्य करना पड़ता है। जबकि प्रधानाध्यापिका के पदों का गठन नहीं हुआ है। इसके साथ ही, अन्य संविदा कर्मचारियों को अवकाश के अधिकार की कमी और कम मानदेय जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, नई शिक्षा नीति के तहत प्रिंसिपल की नियुक्ति, 8 घंटे की ड्यूटी व्यवस्था और मानदेय में वृद्धि की मांग की है। इसके अतिरिक्त, रसोईयों, चपरासी और चौकीदारों के लिए रोटेशन अवकाश और अन्य सुविधाओं की भी मांग की गई है। कर्मचारियों ने आशा जताई कि मुख्यमंत्री इस पत्र पर गंभीरता से विचार करके उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाएंगे। इस मौके पर संजय पांडेय, अल्का मौर्या, रंजना सिंह चौहान, रेखा शुक्ला, भावना गुप्ता, रत्नमाला तिवारी, क्षमा तिवारी, रंजना सिंह, आकांक्षा दुबे, विजय त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**फतेहपुर।** अपनी कई मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों ने भी गुरुवार को हुंकार भरी। पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। उसके बाद डीआईओएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को 23 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संघ के अध्यक्ष आलोक शुक्ला की अगुवई में डीआईओएस कार्यालय में शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल सिंह चौहान व अतुल सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन करके आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। ।

### उद्योग बंधु की मासिक बैठक आज

**फतेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक आज यानि 26 जुलाई को अपराह्न तीन बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार मे जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें उद्यमियों की समस्याओं का प्रमुखता से जहां निस्तारण किया जाएगा। वहीं उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### आज आवास-विकास फीडर की आपूर्ति रहेगी बाधित

**फतेहपुर।** आबूनगर उपकेंद्र के अंतर्गत नऊवाबाग फीडर के विभक्तिकरण कार्य के लिए आवास विकास फीडर का शटडाउन 26 से 27 जुलाई तक प्रात: 10 .30 बजे से दोपहर के 03 .30 बजे तक होना प्रस्तावित है। शटडाउन के दौरान आवास विकास, सिविल लाइन, सदर विधायक के आवास के पास, रानी कॉलोनी, आदर्श नगर, सीओ ऑफिस इत्यादि के अतिरिक्त आस पास के क्षेत्र मां विद्युत आपूर्ति 5-6 घंटे बाधित रहेगी। उक्त फीडर बाइफरकेशन कार्य के उपरांत संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति के साथ लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिल सकेगी।

मुसीबत — बारिश के मौसम में बच्चे कीचड़ में घुसकर स्कूल जाने को मजबूर, निर्माण कार्य में देरी से लोगों में आक्रोश, विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

# कछुआ गति से हो रहा पुल निर्माण कार्य, रास्ता दलदल में तब्दील

संवाददाता, किशनपुर


पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ विरोध करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्षो से चल रहा पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। इस बार भी बारिश में क्षेत्रीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर गांवों को जोड़ने के लिए पक्का मार्ग न होने से लोगों को बरसात के दिनों में आवागमन में भारी समस्या होती है। वहीं दूसरी तरफ विभागीय लापरवाही भी लोगों को जमकर सता रही है। जिसके चलते गुरुवार को तमाम ग्रामीणों ने विभाग के प्रति विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

विजयीपुर क्षेत्र के चंदापुर से नरौली गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर नरौली के समीप पुल का निर्माण कराया जा है। पुल का निर्माण कार्य वर्षों पहले शुरू कराया गया था। लेकिन विभागीय सुस्ती के चलते आज भी पुल का कार्य पूरा नहीं हो सका है। अभी भी पुल का निर्माण आधा अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से आवागमन में भारी समस्या हो रही है। लोगों को दलदल भरे मार्ग से निकलना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या स्कूली छात्रों को हो रही है। प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में स्कूली छात्र इसी मार्ग से विद्यालय भी जाते हैं। दूसरे मार्ग से जाने में बच्चों को करीब आठ किलोमीटर दूर का सफर तय करना पड़ता है। गांव में यदि कोई बीमार हो जाए तो एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाती है। इकट्ठा हुए लोगों ने पीडब्ल्यूडी के खिलाफ नारेबाजी की।

### घटिया सामग्री का भी किया गया इस्तेमाल

ग्रामीणों ने बताया कि पुल आधा अधूरा जो निर्माण कार्य अभी तक किया गया है। उसमें भी मानक को दरकिनार कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। ठेकेदार द्वारा मोटी रकम बचाने के लिए मानक विहीन पुल बनाया जा रहा है। फिलहाल काफी दिनों से काम बंद पड़ा है।

### पूरी तरह से ठप हो गया आवागमन

ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य काफी दिनों से बंद पड़ा है। जिस वजह से राहगीरों के किसानों के खेतों से निकलना पड़ रहा था। पुल निर्माण से पहले ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण होने के समय किसानों से मुआवजा देने की बात कह कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। अब ठेकेदार द्वारा किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा। जिस वजह से किसान अब राहगीरों को अपने खेतों से नहीं निकलने दे रहे हैं। किसानों ने बांस बल्ली लगाकर रास्ते को बंद कर दिया है। अब आठ किलोमीटर दूर से घूमकर आवागमन करना पड़ रहा है।

### क्या बोले स्थानीय लोग


करीब साल भर पहले पुल पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। लेकिन विभागीय सुस्ती के चलते आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। गांव में कोई बीमार पड़ जाए तो एम्बुलेंस सेवा भी नहीं पहुंच पाती है। बरसात होते ही आवागमन बंद हो जाता है।

-विनीत गर्ग, संगोलीपुर मडैयन


पुल का काम पूरा न होने की वजह से आवागमन में समस्या आ रही है। हमें रोज इसी रास्ते से आना जाना पड़ रहा है। रास्ता खराब होने की वजह से बच्चे भी स्कूल आने से कतराते हैं।

-अमृत लाल सविता, शिक्षक


ठेकेदार द्वारा किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। जिस वजह से किसान भी अपने खेतों से नहीं निकलने दे रहे हैं। अब इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। विभागीय हीलाहवाली से निर्माण कार्य भी ठप है।

-रामसिंह निषाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य

# खतरे की दहलीज पर गंगा, गांवों में घुसा पानी

## ○ चेतावनी बिंदु से महज 15 सेंटी मीटर दूर है जलस्तर ○ नरौरा बांध से गंगा में छोड़ा गया 40 हजार क्यूसेक पानी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ना लगातार जारी है। जिसका सबसे अधिक प्रभाव तटीय क्षेत्रों में पड़ रहा है। यहां के दर्जनों गांवों और खेत-खलिहानों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। तटीय इलाके समेचीपुर में पानी भरने से कई लोग सड़क पर रह रहे हैं। गंगा किनारे खेतों में फसल डूबने लगी हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। दुर्वासा ऋषि आश्रम के आस-पास पानी भर गया है। वहीं बाढ़ का पानी इटावा-बरेली नेशनल हाईवे के किनारे तक पहुंच गया है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने मॉकड्रिल भी करनी शुरू कर दी है। नरौरा बांध से गंगा नदी में गुरुवार को 40019 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। असर यह हुआ कि गंगा का जलस्तर 20 सेमी बढ़ गया। बुधवार को जलस्तर 136.25 मीटर था। गुरुवार को यह बढ़कर 136.45 मीटर पहुंच गया। वहीं अब चेतावनी बिंदु से गंगा का जलस्तर मात्र 15 सेमी दूर रह गया है। जिससे भयंकर बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। पांचाल घाट के उत्तरी तट पर कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु बनी अस्थाई पुलिस चौकी भी बाढ़ के पानी से घिर गई है।


गंगा का जलस्तर दर्शाता मीटर गेज।


पानी से घिरा दुर्वासा ऋषि आश्रम। अमृत विचार

● कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बनी अस्थाई पुलिस चौकी भी बाढ़ के पानी से घिरी

इटावा-बरेली नेशनल हाईवे के किनारे पश्चिमी तरफ बाढ़ का पानी कई सौ मीटर तक फैला नजर आता है। कई घरों के आस-पास, आश्रमों के आस-पास पानी भर गया है। दुर्वासा ऋषि आश्रम से लेकर विकास खंड राजेपुर के चाचूपुर जटपुरा के पास खेतों में चारा, सहित कई फसलें किसानों की खड़ी हैं। इनमें बाढ़ का पानी भर गया है। खेतों में कई फीट तक पानी होने से किसान भी नहीं जा पा रहे हैं। हाईवे किनारे बना आशाराम आश्रम भी गंगा की बाढ़ के पानी से घिर गया है। अगर गंगा चेतावनी बिंदु पार करती हैं, तो स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

**सरकारी विद्यालय पर भी बाढ़ का संकट:** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्राथमिक विद्यालय बंधा घटिया घाट जलमग्न हो चुका है। स्कूल की प्रधानाचार्य एक मंदिर में कक्षाओं को लगाकर बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं। अगर लगातार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता रहा तो विकास खंड राजेपुर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चाचूपुर जटपुरा में भी बाढ़ का पानी भरने का खतरा बना हुआ है। पिछले वर्ष इसी विद्यालय में कहीं महीनों तक बाढ़ का पानी भरा रहा था।

### समेचीपुर के लोगों ने सड़कों पर डाला डेरा

शमशाबाद गंगा में आई बाढ़ से गांव समैचीपुर में घरों में पानी भरने से ग्रामीण सड़क के किनारे पन्नी डाल कर रहने लगे। गुरुवार को कायमगंज एसडीएम रविन्द सिंह, नायब तहसीलदार पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराकर उन्हें बाढ़ चौकी मंडी समिति में पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया। इस क्षेत्र में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है।


सड़क किनारे रह रहे बाढ़ पीड़ित। अमृत विचार


मॉकड्रिल करते पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

### इन गांवों में घुसा पानी

■ **अमृतपुर फर्रुखाबाद।** पिछले चार दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि जारी है, जिससे गंगा नदी का रुख अब गांवों की ओर है। गंगा नदी के तलहटी में बसे गांव हरसिंहपुर कायस्थ, ऊगरपुर, मंझा की मड़ैया, जुगराजपुर, लाइकपुर, सबलपुर, भाउपुर चौरासी, मड़ैया तोफीक, कंचनपुर, सबलपुर, तीसराम की मड़ैया, कछुआ गाढ़ा, माखन नगला, रामप्रसाद नगला आदि गांवों गंगा नदी का पानी घुसने से ग्रामीण परेशान हैं। गंगा नदी के सैलाब का पानी कुठिला झील में भरने लगा है। गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति को लेकर ग्रामीणों की धुकधुकी बढ़ी हुई है। तहसीलदार कर्मवीर सिंह की उपस्थिति में कर्मचारियों को बाढ़ की आपदा में राहत एवं बचाव कार्यों का मॉकड्रिल तीसराम की मड़ैया में कराया गया। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति बन सकती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला बाग रुस्तम निवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब पड़ोसियों ने महिला के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी तो मृतका का भाई सहित अन्य परिजन आ गए। मृतका के भाई ने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं सीमा विवाद में दो थानों की पुलिस उलझी रही।

शहर क्षेत्र के मोहल्ला बाग रुस्तम निवासी 28 वर्षीय रानी की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बंगशपुरा कोहना निवासी भाई आमिर आदि स्वजन घर पहुंचे तो रानी का शव घर में पड़ा था। उसका पति काशिम खां भाग चुका था। भाई व मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि पति का प्रेम संबंध एक युवती से चल रहा है। रानी इसका विरोध करती थी। इसी लिए उसकी जहरीला पदार्थ खिलाकर व और फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। घर में रानी की पिटाई भी की गई। रानी की शादी नौ साल पहले हुई थी। काशिम खां जरदोजी का कारखाना चलाता है। घटना के समय दोनों बच्चे स्कूल गए थे। पता चलते ही मऊदरवाजा थाना प्रभारी अमित कुमार गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल शहर कोतवाली का बताया, इसके बाद कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे। माथापच्ची के बाद फर्रुखाबाद कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरा।


घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

# डीजीजीआई टीम का छापा तीन फर्मों के गोदाम सील

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महानिदेशालय जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) टीम ने तंबाकू कारोबारियों के गोदामों में छापे मारी की कार्रवाई की। टीम ने यहां के तीन फर्मों के प्रतिष्ठानों के गोदामों को सील कर दिया। टीम के साथ लखनऊ की भी टीम मौजूद रही। इससे तंबाकू से जुड़े कारोबारियों में हडकंप मच गया।

टीम के आने की जानकारी पर कारोबारियों ने अपने-अपने गोदाम बंद कर दिए। टीम कुबेरपुर स्थित बेदिका ट्रेडिंग कंपनी, पितौरा अचरा मार्ग स्थित आरआर अग्रवाल ट्रेडर्स, चिलांका स्थित साबित्री टुबैकों कंपनी के प्रतिष्ठान पर पहुंची। जहां ताला लगा होने पर वह संबंधित कारोबारी के आने का इंतजार करती रही। न आने पर प्रतिष्ठानों के गोदामों को सील कर दिया गया है और नोटिस चस्पा कर दिया गया। देर रात टीम व्यापारी की टोह लेती रही। उसके बाद टीम रवाना हो गई।

● नोटिस किए गए चस्पा तंबाकू के कारोबारियों में मचा रहा हड़कंप


नोटिस चस्पा कर सील किया गया गोदाम।

# शिक्षकों की समस्याओं पर सरकार नहीं दे रही ध्यान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। डीआईओएस कार्यालय में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर सुबह से ही शिक्षक नेताओं व शिक्षकों का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचना शुरू हो गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली समेत शिक्षकों की कई समस्याएं लंबित चल रही हैं, लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिला महामंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए कहा कि शिक्षक संतोष त्रिपाठी, दीपावली कुमार, बबली पाल, पूनम दुबे व साधना की चयन वेतनमान की पत्रावलियां डीआईओएस कार्यालय में लंबित पड़ी हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोनिका त्रिवेदी के कहा कि अवशेष बिलों का भुगतान भी अभी तक नहीं हुआ है, जबकि उनके शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापित होकर आ चुके हैं। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी लंबित हैं, जिनका निस्तारण नहीं हो रहा। इसी दौरान आए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह को शिक्षक संघ ने 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। शिक्षक नेताओं ने डीआईओएस से मांग की कि पटल सहायकों की बैठक कर शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे, उपाध्यक्ष संतोष दुबे, संयुक्त मंत्री सत्येंद्र सिंह, रजनीश, शिवा, भगवान शरण पांडेय, प्रदीप जायसवाल, सुधाकर चतुर्वेदी, बृजेश कुमार, महेश पाल सिंह और मयंक आदि मौजूद रहे।


डीआईओएस कार्यालय के बाहर धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

● पुरानी पेंशन बहाली को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

### बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद को सौंपा। जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने मांग की कि पुरानी पेंशन बहाली का आदेश के क्रम में आने वाले शिक्षकों से विकल्प पत्र लिए जाने का बीएसए आदेश जारी करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के आधारकार्ड न होने से दिक्कत हो रही है। इस पर बीएसए ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) में आधारकार्ड मशीनें लगाकर बच्चों के आधारकार्ड बनवाने शुरू किए जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर, आर्येंद्र सिंह यादव, आदेश अवस्थी, नरेंद्र सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पांच घरों में पकड़ी बिजली चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में विजिलेंस टीम ने पांच लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। विजिलेंस टीम प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व न्यू भोलेपुर उपकेंद्र के जेई अनिल गौतम ने मोहल्ला नवदिया और ग्रानगंज में चेकिंग अभियान चलाया। टीम को ग्रानगंज निवासी उमा देवी पत्नी सुरेशचंद्र, विनोद कुमार पुत्र सुरेशचंद्र, नवदिया निवासी गोपाल दुबे पुत्र अवधेश दुबे, विवेक पुत्र शिव मंगल कुमार और स्वामी दयाल कटियार पुत्र जयराम के यहां बिजली चोरी होते हुए मिली। जेई ने पांचों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### इलाज के बहाने युवकों ने डॉक्टर की बाइक लूटी

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के गांव जिजुइया निवासी बृजेश कुमार पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि उनका खरैटा में अपना क्लीनिक हैं। वह 18 जुलाई 2024 को लालरंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक से घर जा रहे थे। जब वह शाम 7 बजे गांव समाधान नगला व चौरसिया मझोला के बीच से गुजर रहे थे। तभी उनकी बाइक का हैंडल चौरसिया मझोला की ओर पैदल जाने वाले तीन लोगों में एक युवक के हाथ में लग गया। हाथ में चोट लग जाने पर डॉक्टर बृजेश ने उसका इलाज हथियापुर में करने को कहा। जब डॉक्टर जख्मी युवक को इलाज करने के लिए ले जाने लगे। इस दौरान युवकों ने धक्का मारकर बृजेश को बाइक से नीचे गिरा दिया और बाइक लेकर फरार हो गए।

### पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश कश्यप एकता मंच की ओर से पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना में संयोजक जितेंद्र बाथम के आवास पर हुआ। संयोजक ने कहा कि फूलन देवी ने गरीबों और मजलूमों के हकों की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर अर्पित बाथम, गौरव बाथम, अजीत बाथम, अमरजीत कश्यप, शिवा बाथम, अनीता देवी, सोनी बाथम आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर कंपिल क्षेत्र के गांव बामन नगला निवासी कप्तान, गांव बिल्सडी निवासी मनोज मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मनोज को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### व्यापारी नेता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद।** व्यापारी नेता अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ के निधन पर वस्त्र छपाई कुटीर उद्योग सेवा संस्थान अंगूरीबाग में शोकसभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने दिवंगत अरुण प्रकाश तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व्यापारीहित में किए गए उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान अध्यक्ष चंद्रपाल वर्मा, राममुरारी शुक्ल, शिवनरायन वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### गिरने से दो लोग घायल, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी बुर्जुग नाहिद खान, गांव रायपुर खास निवासी विकास ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों के परिजन घायलों को सीएचसी लेकर आए। जहां उनका इलाज किया गया।

# सिटी मजिस्ट्रेट के निरीक्षण से पहले आई सूचना, दलाल हो गए फरार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नेकपुर कलां स्थित एआरटीओ कार्यालय का सिटी मजिस्ट्रेट ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उनके आने से पहले ही कार्यालय में निरीक्षण की सूचना आ गई। जिससे कई काउंटरों पर मौजूद दलाल और बाहरी कर्मचारी खिसक गए। सिटी मजिस्ट्रेट को निरीक्षण में कोई बाहरी कर्मचारी या व्यक्ति कार्यालय में काम करते नहीं मिला है। उन्हें बताया कि सब कुछ सही है। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र नेकपुर कलां स्थित एआरटीओ कार्यालय पर बड़ी संख्या में एजेंट और बाहरी लोगों की भरमार रहती है। शासन के निर्देश पर प्रदेश भर में एआरटीओ कार्यालयों से बाहरी व्यक्तियों को हटाने का अभियान चल रहा है। उसी क्रम में गुरुवार शाम को सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल निरीक्षण करने पहुंचे। कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर बने विभिन्न चैंबरों का निरीक्षण किया। इसके साथ एआरटीओ कार्यालय पहुंच कर्मचारियों की उपस्थित पंजिका रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्हें सबकुछ सही मिला।


आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल।

● आरटीओ कार्यालय पर नहीं मिले बाहरी लोग

# एमओआईसी पंचायत स्तर पर करें बैठकें

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीकेसिंह की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान संचालन के लिये जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के बारे में चर्चा की गई। जिसमें स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवाई खिलाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ये सुनिश्चित किया जाये कि आशा घर-घर जाकर दवा खाने वालों की सूची बनाए व दवा खिलाए। सभी परिवारों की दवा खाते हुये फोटो खींचे। एमओआईसी न्याय पंचायत वार कैम्प लगाएं। ग्राम पंचायतवार माइक्रो प्लान बनाएं। सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ पंचायत, खंड विकास अधिकारी लोगों को जागरूक करें।

# एसडीएम ने किया मंडी समिति का निरीक्षण

संवाददाता,कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एसडीएम ने मंडी समिति का निरीक्षण कर मातहतों को दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने अचानक मंडी समिति का निरीक्षण किया तो हडकंप मच गया।

उन्होंने मंडी सचिव के प्रशासनिक कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों की जांच की। एसडीएम ने शासन की ओर से निर्धारित नए वसूली लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडी में अवैध वसूली की जानकारी ली और सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसक बाद एसडीएम वहीं मंडी समिति में मौजूद आढ़तियों से बात कर समस्याएं पूछी। आढ़तियों ने बंदरों व बिजली की समस्या उठाई और कहा इससे वह बेहद परेशान हैं। इस पर उन्होंने बिजली की समस्या को लेकर बिजली अधिकारियों से बात की और समाधान के निर्देश दिए।

● सचिव को निर्धारित वसूली लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज।** नगर से सटे गांव लालपुर निवासी प्रीति को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

अव्यवस्था | अधिकारी बोले, एकाएक रक्त की जांच में वृद्धि संदेहास्पद, जांच करवाएंगे

# लोहिया अस्पताल में हो रहीं निजी अस्पतालों की जांचें

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मौसम बदल रहा है, तो जुकाम-बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डाक्टरों की कमी से जूझ रहे लोहिया अस्पताल में जो चिकित्सक हैं भी, उनके न बैठने की शिकायतें आम हैं। इसके बावजूद अस्पताल की पैथोलॉजी में औसतन रोजाना 140 से अधिक जांचें होना संदेहस्पद हो गया है। अब अधिकारी भी कह रहे हैं कि मामले की जांच कराई जाएगी। बताया जाता है कि लोहिया अस्पताल के आसपास खुले निजी अस्पतालों, नर्सिंगहोम के दलाल फर्जी तरीके से निजी अस्पतालों के मरीजों की जांच यहां करवा रहे हैं।

जिला मुख्यालय पर स्थित डॉक्टर राममनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल की पैथोलॉजी में मरीजों के रक्त की जांच निशुल्क होती है। मरीजों के रक्त के नमूने लेने के लिए सुबह नौ बजे से दोपहर 12:30 बजे तक समय निर्धारित है। यहां प्रतिदिन 70 से 80 मरीज जांच के लिए पहुंचते थे। इन दिनों जांच कराने आने वाले मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हो गया है। बुधवार को अस्पताल की पैथालाजी में 150 से अधिक रक्त के नमूने जांच को लिए गए। मरीजों को रिपोर्ट के लिए गुरुवार को आने को कहा गया। पता चला है कि रक्त की जांचें अधिक संख्या में आने के पीछे निजी पैथालाजी व कुछ दलालों का खेल है। यह दलाल रुपये लेकर आसपास नर्सिंगहोम में भर्ती मरीजों के रक्त की जांच लोहिया अस्पताल में कराते हैं। लोहिया अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि एकाएक रक्त की जांच के नमूनों में वृद्धि होना संदेहास्पद है। इसकी जांच करवाई जाएगी। साथ ही यह व्यवस्था की जाएगी कि अस्पताल के चिकित्सकों के हस्ताक्षर पैथालाजी में प्रमाणित होने के बाद ही रक्त के नमूने संकलित किए जाएं।


पैथोलॉजी में जांच के लिए लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

● पहले रोजाना 70 से 80 मरीज आ रहे थे, अब 150 तक पहुंची संख्या

### मौसम में बदलाव, बीमार हो रहे लोग

■ **कायमगंज फर्रुखाबाद।** कभी बारिश, कभी तेज धूप और उमस के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। इसके चलते कायमगंज सीएचसी में रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ओपीड़ी में सबसे ज्यादा मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, व त्वचा से सबंधित बीमारियों के आ रहे हैं। मरीजों में महिलाएं व बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। बच्चों में बुखार के साथ साथ सर्दी खांसी व जुकाम की समस्या आ रही है। महिलाओं में त्वचा संबंधित रोग की समस्या आ रही है। वहीं पुरुषों व बुजुर्गों में सबसे ज्यादा पेट दर्द व पेट संबंधित समस्याएं आ रही हैं। दिनभर में 5 से 10 टाइफाइड के मरीज भी आ रहे हैं। डॉक्टरों की माने तो बरसात के बाद मौसम में तेजी से बदलाव के कारण वायरल तेजी से फैल रहा है।

# कार की टक्कर से दंपति सहित 4 लोग हुए घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ओमनी ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। चालक ओमनी को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के रघुनाथपुर निवासी अवधेश शुक्ला अपनी ससुराल दोसपुर में रहते हैं। गुरुवार को अवधेश शुक्ला पत्नी राजो देवी पुत्री दीक्षा शुक्ला व साली के पुत्र राजन दुबे के साथ अपने रघुनाथपुर स्थित घर से ससुराल दोसपुर जा रहे थे। जब राजेपुर कस्बा में बाइक से पहुंचे तभी सामने से ओमनी कार ने टक्कर मार दी। जिससे चारों गिरकर घायल हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# घटतौली में कोटा लाइसेंस होगा निरस्त अधिकारियों पर भी की जाएगी कार्रवाई

## समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता के लिए बैठक की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राशन वितरण में घटतौली न हो और पारदर्शिता बनी रहे, इसको लेकर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पहल की है। साथ ही स्पष्ट किया है कि घटतौली पर कोटा का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में राशन वितरण अभियान की समीक्षा की। बैठक में कोटेदारों के साथ विपणन कंपनियों के प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि कुछ जगहों से गीला और कंकड़ युक्त राशन मिलने की शिकायतें आईं हैं। अधिकारी ऐसी दुकानों पर जाकर राशन की गुणवत्ता चेक करें। गोदाम या दुकान जहां से भी गड़बड़ी की जानकारी मिले तत्काल उस पर कार्रवाई की जाए। शत-प्रतिशत कार्ड धारकों को राशन दिया जाए। गरीबों के हिस्से के राशन में जरा भी घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-पॉश मशीन के जरिए शत-प्रतिशत राशन, कार्डधारकों को मिलना चाहिए। सही मात्रा के साथ राशन की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। सरकार शुद्ध और पोषक राशन मुहैया करा रही है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि वही गुणवत्तापूर्ण राशन ही कार्ड धारकों को मिल रहा है। बैठक में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विवेक पाठक, डीएसओ राजीव मिश्र, ई-ड्रिस्ट्रिक मैनेजर बृजेश यादव, जावेद अख्तर, शैलेंद्र दुबे मौजूद रहे।

### कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर करें शिकायत

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकार की जानकारी होनी चाहिए। अगर कोई कोटेदार कम या खराब राशन दे रहा है तो कन्नौज कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर तत्काल कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। बैठक में मौजूद राशन वितरकों, विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि घटतौली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राशन से जुड़ी जानकारी देने के लिए समय-समय पर जागरुकता अभियान भी चलाया जाए। मंत्री ने कोटेदारों को गोदाम से उठान करने से वितरण तक आने वाली दिक्कतों के बारे में जाना और उसका निवारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

- बोले, सरकार का प्रयास सभी कार्डधारकों को मिले गुणवत्तापूर्ण राशन

## उधारी के पैसे के विवाद में महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उधारी के पैसों को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सौसरापुर निवासी तवस्सुम बेगम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई की शाम करीब 05 बजे गांव के कमरूद्दीन, हारून दरवाजे पर आए और उधारी के पैसे को लेकर गालीगलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन लोगों के सहयोग से किशोरी को भगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ले के लोगों के सहयोग से युवक किशोरी को बहलाफुसला कर भगा ले गया। नगर निवासी युवक ने बताया कि मोहल्ले का ही युवक शाहरूख 21 जुलाई की शाम लगभग 05 बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री को फुसला कर भगा ले गया। इसमें मोहल्ले के विक्की, शाहरूख की मौसी का लड़का सारिक, गांधी नगर निवासी बाबू ने भी सहयोग किया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# इंस्पायर अवार्ड: 30 विद्यालयों से 134 छात्रों के आए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में मानक योजना में 5,000 का लक्ष्य निर्धारित
- डीआईओएस व बीएसए ने सभी बीईओ के साथ की बैठक


बैठक करते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीएसए संदीप कुमार व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिले में 30 विद्यालयों के 134 छात्र-छात्राओं के ही आवेदन हुए हैं। इसमें बेसिक शिक्षा का एक और माध्यमिक स्कूलों के 29 विद्यालय शामिल हैं। दूसरी ओर जनपद से 5000 आइडिया सबमिट कराने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। इसे पूरा करने के लिए बैठक हुई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और राष्ट्रीय नव परिवर्तन प्रतिष्ठान की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 में आइडिया/ अभिनव विचार सब्मिट करने के लिए गुरुवार को बीएसए कार्यालय सभागार में बैठक हुई। इसमें डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय की ओर से अधिकतम पांच आइडिया सबमिट किए जा सकते हैं। ऑनलाइन नामांकन की प्रगति के लिए प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक होगी।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कुल 3,000 से अधिक आइडिया सबमिट करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष विभाग से जनपद स्तर पर 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। जिन्हें डीबीटी के माध्यम से मॉडल/प्रोजेक्ट बनाने के लिए 10-10 हजार रुपये भेजे गए थे। जिला नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के बारे में जानकारी दी।

बताया कि योजना में कक्षा छह से 10 तक के विद्यार्थी जिनकी आयु 10 से 15 वर्ष तक है, आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन नामांकन के पहली जुलाई से शुरू हो गए हैं जो 15 सितंबर तक हो सकते हैं। मोबाइल एप के माध्यम से भी आइडिया सबमिट कर सकते हैं। बैठक में बीईओ शिवेंद्र कुमार, रमेश चंद्र चौधरी, सर्वेश यादव, विश्वनाथ पाठक, संजय वर्मा, आनंद द्विवेदी, नोडल शिक्षक शशिकांत शुक्ला, नीतेश प्रताप सिंह, साहिबे आलम, सुरेंद्र कुमार, प्रवीन यादव, अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# ओआरएस से रोका जा सकता डायरिया

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को प्रमाणपत्र बांटते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश पर चिकित्सा महाविद्यालय में ओआरएस सप्ताह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉक्टरों ने एमबीबीएस छात्रों को जागरूक किया।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय मेडिकल कालेज में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में आयोजक डॉ. अम्बरीष गुप्ता ने बताया कि विश्व में लगभग 12 लाख बच्चे प्रतिवर्ष डायरिया के कारण मौत का शिकार हो रहे हैं। भारतवर्ष में 5 लाख बच्चे इस बीमारी से जान गंवाते हैं। भारतवर्ष में हो रही मौतों में 4 बच्चों में एक उत्तर प्रदेश का होता है। डायरिया में मृत्यु का एकमात्र कारण शरीर में पानी की कमी है। इसको डब्लूएचओ का ओआरएस देने से रोका जा सकता है। डॉ. सैफ अनीस ने बताया कि हमें हमेशा अपने आसपास की क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना चाहिए। डॉ. पारुल कमल ने ओआरएस से संबंधित जानकारियां दीं और कहा कि यह डिहाइड्रेशन को दूर करने में बहुत मदद करता है। बताया कि डायरिया होने पर बच्चों को ओआरएस का घोल जरूर देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस छात्रो की एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सफल छात्रों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

- ओआरएस सप्ताह को लेकर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

## कानपुर जाने के लिए निकला युवक लापता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से कानपुर जाने के लिए निकला किशोर लापता हो गया। ग्राम गौरियापुर निवासी सुभाष चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र धीरज घर से कानपुर जाने के लिए 23 जुलाई की सुबह लगभग 04 बजे निकला था। काफी समय के बाद वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने फोन किया लेकिन मोबाइल बंद मिला। इससे परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। गांव के नरेंद्र शर्मा के मोबाइल पर आदित्य नाम के युवक ने सूचना दी कि उसके पुत्र धीरज का बैग भिवानी आरपीएफ स्टेशन में जमा है। इसकी सूचना पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

# आवेदन में बरतें सावधानी, गलती पर लाभ नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



अनुभव साझा करती छात्रा नंदिनी दुबे।


कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह, छात्राएं व अन्य शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर में बीए प्रथम वर्ष के प्रवेश पाईं छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ। इसमें पढ़ाई, योजनाओं व वजीफा समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कहा गया कि छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन में सावधानी बरती जाए। गलती पर लाभ नहीं मिलता है।

प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह ने छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होने को कहा। प्रभारी प्राचार्य ने अनुशासन बनाए रखने एवं नियमित अपनी कक्षाएं लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को छात्रवृत्ति, प्रवेश, पाठ्य सहगामी क्रियाओं के बारे में बताया। संचालन गृह विज्ञान प्रवक्ता अम्बरीन फातिमा ने किया। उन्होंने आईआईसी प्रेसिडेंट के रूप में विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप कार्यक्रम के बारे में बताया। छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के रूप में छात्रवृत्ति के लिए किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, इसके बारे में प्रकाश डाला। इतिहास प्रवक्ता डॉ. नीलम सोनी ने रेंजर्स प्रभारी के रूप में समय-समय पर लगने वाले शिविरों की जानकारी दी। हिंदी प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार ने वर्ष भर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बात रखी। शिक्षाशास्त्र प्रवक्ता डॉ. नेहा मिश्रा ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में इसकी विस्तृत रूपरेखा एवं सेवा भाव के बारे में बताया। पुस्तकालय प्रवक्ता पीपी यादव ने ई-लाइब्रेरी एवं पुस्तकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नूपुर, अजीत, किरण उपस्थित रहीं।

- बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम
- राजकीय महिला महाविद्यालय में दी गईं कई जानकारियां

## पति-पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने रंजिश को लेकर गालीगलौज की और पति-पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम तेरारागी सरैया निवासी कंचन देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के हरिमोहन, उसकी पत्नी राधा देवी ने 24 जुलाई की दोपहर 12 बजे शराब के नशे में दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव करने पर पति गोविंद शर्मा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्वाद और सेहत के साथ आम से अच्छी आय भी: डॉ. चंद्रकला

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ
- अचार, मुरब्बा, जैम, स्क्वैश, खटाई आदि बनाये जा सकते हैं


महिलाओं को जानकारी देती वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रकला यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी कन्नौज की तरफ से 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत आम के प्रसंस्करण विषय पर ग्रामीण नवयुतियों व महिलाओं के लिए ग्राम पंचायत डिगसरा स्थित पंचायत सचिवालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। इसमें वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला ने आम की खूबियां बताते हुए कहा कि यह स्वाद-सेहत के साथ ही आमदनी का भी अच्छा माध्यम है।

गुरुवार को प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि देश में सही रखरखाव व प्रबंधन न हो पाने से लगभग 18 प्रतिशत फल व सब्ज़ी ख़राब हो जाती है। उचित प्रसंस्करण विधियों से सुखाकर, पश्चूरीकरण, ब्रायन सोल्युशन आदि के द्वारा बचाया जा सकता है। महिलाएं व बच्चियां घर में होने वाले फल व सब्जियों को प्रसंस्कृत कर घर की आमदनी बड़ा सकती हैं। आम गर्मियों के सबसे स्वादिष्ट फलों में से एक है। इसमे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। इसको प्रसंस्कृत कर इसके विभिन्न उत्पाद बना लिये जाएँ तो पोषक तत्व भी सालभर मिल सकते हैं। इसके विभिन्न उत्पाद जैसे अचार, मुरब्बा, जैम, स्क्वैश, खटाई आदि बनाये जा सकते हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने प्रसंस्करण के महत्व व प्रसंस्कृत उत्पाद के बाज़ार विक्रय के महत्व पर जानकारी प्रदान दी।

### औषधीय गुणों से भरपूर है फलों का राजा आम

**जलालाबाद।** आम में विटामिन, बीटा कैरोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन, कैल्शियम और सोडियम, एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं। एंटी कैंसर एजेंट के रूप में काम कर सकता है। यह मधुमेह-रोधी एंटी-डायबिटिक कार्डियो-प्रोटेक्टिव, एंटी एजिंग, एंटी-इंफ्लेमेटरी, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के साथ-साथ इम्यूनिटी को भी बूस्ट करने में मददगार है। कच्चे आम के सेवन से पेट संबंधी समस्याएं, गैस, अपच, आंखों में सूजन और डायरिया से राहत मिलती है।

## सार-संक्षेप

### शव की सूचना पर पहुंची पुलिस को पानी में लेटा मिला नशेड़ी

**तिर्वा, कन्नौज।** शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि नशे में युवक खेत में भरे पानी में लेटा था। उसे हिलाया डुलाया तो जीवित था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गंतव्य के लिए वाहन पर बैठा दिया। अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही पुलिस को बुधवार की शाम को ग्रामीणों ने सूचना दी कि इंदरगढ़ तिराहा के पास में पानी से भरे खेत में एक युवक का शव पड़ा है। जानकारी पाते ही कोतवाल भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पहले उसे दूर से देखा और उसके पास पहुंच कर उसे हिलाया डुलाया तो वह उठकर बैठ गया। इस पर मौजूद लोग हैरत में पड़ गए क्योंकि इससे पहले मौजूद लोग आवाज लगा रहे थे लेकिन जब युवक की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो पुलिस को खबर कर दी। पुलिस ने उसे उठवाकर उससे पूछताछ करते हुए उसे घर जाने के लिए वाहन पर बैठा दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक नशे में था और पानी भरे खेत में लेट गया। इसके बाद गहरी नींद में सो गया। वहां से गुजरने वाले लोगों ने जगाने का प्रयास किया लेकिन जब कोई शरीर ने कोई हरकत नहीं की तो मरा जानकर पुलिस को सूचना दे दी। पूछताछ में युवक ने खुद को कानपुर के शिवली का रहने वाला बताया। उसे उसके घर जाने वाले वाहन पर बैठाकर भेज दिया गया।

### सार्वजनिक संपत्ति नुकसान के मामले में तीन दबोचे

**कन्नौज।** इंदरगढ़ पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में थाना इंदरगढ़ पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम में वांछित आरोपी कुलदीप पटेल पुत्र जगदीश सिंह, मानू पटेल पुत्र रामनरेश उर्फ नरेश चंद्र पटेल निवासीगण पटेल नगर तिराहा थाना इंदरगढ़, गौतम पटेल पुत्र शिववीर सिंह निवासी गोकुल नगरी थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया है। इसमें कुलदीप पटेल व मोनू पटेल पर दो-दो मुकदमें दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा दरोगा सुरेश चंद्र, हेड सिपाही अवधेश, उमेश कुमार व सिपाही आशीष अवस्थी रहे।

### तमंचा लहराना पड़ा महंगा, मिली जेल की हवा


पुलिस हिरासत में खड़ा आरोपी।

**तिर्वा, कन्नौज।** सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते फोटो वायरल करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चार दिन पहले एक युवक की हाथ में तमंचा लेकर फायर करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला थाना ठठिया क्षेत्र की बताया जा रहा था। पुलिस ने फोटो के आधार पर युवक की तलाश शुरू कर दी। मामले में थाना क्षेत्र के मुगरा गांव निवासी ऋषभ पुत्र पंकज को पकड़ कर उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अरूण कुमार ने बताया कि वायरल फोटो के आधार पर उसे पकड़ लिया गया।

### दरवाजे पर आकर महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने दरवाजे पर आकर महिला से मारपीट की और घायल कर दिया। चौकी समधन के ग्राम लालपुर निवासी रामादेवी ने बताया कि 21 जुलाई की सुबह लगभग 06 बजे गांव के बबलू, फूलन देवी ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को ले जाने में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ससुराल आया युवक अपने परिजनों के सहयोग से अपनी साली को लेकर चला गया। युवक समेत पांच परिजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि हरदोई के थाना मिर्जापुर ग्राम नौसारा निवासी हेमराज पिता राजाराम, भाई कैलाश, सतीश, पंचू के सहयोग से उसकी 23 वर्षीय पुत्री को अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

**लापरवाही** — चोर ले गए लाइटें, निर्माण के बाद से अब तक सेतु निगम ने नहीं लिया बिजली कनेक्शन

# 17 वर्ष बीते, जीटी रोड पूर्वी ओवरब्रिज पर नहीं जलीं लाइटें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जीटी रोड पूर्वी बाईपास पर चोरी हुई लाइटें व ठूंठ बने पोल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब 17 वर्ष पहले बने जीटी रोड बाईपास के पूर्वी ओवरब्रिज पर लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें अब तक नहीं जली हैं। इसके पीछे सेतु निगम की लापरवाही सामने आई है क्योंकि विभाग ने निर्माण के बाद बिजली विभाग से कनेक्शन ही नहीं लिया है। लाइटें न जलने से चोर पोल पर लगी लाइटें चोरी कर ले गये हैं।

शहर के निकट जीटी रोड पाल चौराहा से बाईपास निकाला गया है। जलालपुर सरवन के निकट ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया। इस पर दोनों ओर रोशनी के लिये स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं। ऊंचाई पर लगे पोल पर लाइटें बांधी गईं कि रात में ओवरब्रिज से निकलने वाले लोगों को रोशनी मिले। खास बात यह रही कि निर्माण के बाद सेतु निगम ने इन लाइटों को जलाने के लिये बिजली विभाग से कनेक्शन लिये बगैर गलत तरीके से लाइटों को जला दिया। इस पर तत्कालीन बिजली विभाग के जेई ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस के बाद बिजली चोरी के इस मामले में क्या हुआ यह तो विभाग ही जानता होगा पर लगाई गई लाखों रुपये की लाइटें एक दिन भी नहीं जली। अब लाइटों का हाल खराब है। अधिकतर पोल से लाइटें चोरी हो चुकी हैं। चोरी हुई लाइटों के संबंध में न तो नगर पालिका ने किसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है न ही सेतु निगम ने ही इस ओर ध्यान दिया है। इसके चलते सरकार का लाखों रुपये बेकार चला गया।

- न तो पालिका, न ही सेतु निगम ने लिखाई चोरी की रिपोर्ट

## बिजली चोरी में दोषी को दो साल की सजा

**कन्नौज।** बिजली चोरी के करीब 10 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश (ई. सी. एक्ट)/ अपर सत्र न्यायाधीश दोषी पाए जाने पर दो साल की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक संजीव शुक्ला तथा एहसन जमा खान ने बताया कि प्रवर्तन दल कानपुर जोन के प्रभारपी निरीक्षक गणेश बाजपेयी ने गुरसहायगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी 27 जून 2014 को उन्होंने उप निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी, कांस्टेबल सत्यनारायण सिंह, ब्रज किशोर मिश्रा, आरक्षी विद्याधर प्रवर्तन दल ने एसडीए प्रमोद कुमार कुशवाहा, अवर अभियंता अजय पाल सिंह गौतम,त संजीव प्रभाकर विद्युत वितरण खंड गुरसहायगंज जिला कन्नौज के सहयोग से ग्राम गुगरापुर व आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे विद्युत चेकिंग की। इस दौरान ईश्वर चंद्र दीक्षित पुत्र भैयालाल निवासी-निकोवनपुरवा, थाना गुरसहायगंज एलटी लाइन से सीधे केबल डालकर बिजली चोरी कर उपभोग करते पाए गए। मौके पर ही प्रयुक्त कटिया वाले तार को कब्जे में ले लिया गया। इसके साथ ही देवेश कुमार पुत्र राम आसरे दीक्षित निवासी- गुगरापुर के खिलाफ कटिया केबल से 10 हार्स पावर के मोटर से चक्की व स्पेलर चलाने, सुरेंद्र पुत्र लल्लू निवासी गुगरापुर द्वारा कटिया से बिजली चोरी, सुखवासी पुत्र नंदा निवासी तारापुर तथा शिवनाथ पाल पुत्र कालिका पर भी इसी आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में विवेचना के बाद ईश्वर चंद्र दीक्षित के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया। सुनवाई पूरी होने पर दोष सिद्ध पाया गया। इस पर विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) अजय कुमार श्रीवास्तव ने दोषी को धारा 135 विद्युत अधिनियम के अपराध में दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## नौ शातिरों पर पुलिस ने की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज।** सदर कोतवाली पुलिस ने नौ शातिर अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त नौ अभियुक्तों के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये अरुण पुत्र भैय्या जी निवासी कुतलूपुर थाना कोतवाली, अवध किशोर पुत्र ओमप्रकाश निवासी बक्सपुर्वा थाना कन्नौज, सचिन राठौर पुत्र अहिवरन निवासी जलालपुर सरवन थाना व जिला कन्नौज, अमन वर्मा पुत्र राजीव वर्मा निवासी मोहल्ला हरदेवगंज थाना व जिला कन्नौज, रविदास उर्फ करिया, व बबलू उर्फ सल्लू पुत्रगण रामप्रकाश निवासी शेखाना थाना व जिला कन्नौज, राशिद पुत्र हामिद निवासी बजरिया शेखाना थाना व जिला कन्नौज, शहनवाज पुत्र कमरुद्दीन निवासी मोहल्ला कानून गोयान थाना व जिला कन्नौज, अरुण पुत्र अनिल जोशी निवासी काजीटोला थाना व जिला कन्नौज के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

# फाइलेरिया उन्मूलन: अपने सामने ही कराएं दवा का सेवन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



विनोद दीक्षित अस्पताल में फाइलेरिया का प्रशिक्षण लेती आशा व आशा संगिनी।

**अमृत विचार।** फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, इससे बचने का एकमात्र उपाय दवा सेवन करना है। इससे समय रहते फाइलेरिया के परजीवी पर नियंत्रण पाया जा सके। गुरुवार को सीएचसी कन्नौज के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (डीए) आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वह अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर भूमिका निभा सकें।

अध्यक्षता कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 90 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर को प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि 10 अगस्त से दो सितंबर 2024 तक प्रस्तावित अभियान के तहत घर-घर जाकर किस तरह ज्यादा से ज्यादा लोगों को

- **90 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर को किया गया प्रशिक्षित**

दवा खिलाएं। अपने सामने ही दवा खिलाएं। दवा सेवन के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लिए स्वयं सहायता समूहों, प्रधान, बीडीसी सदस्य, कोटेदार, स्कूल के अध्यापकों से भी सहयोग ले, ताकि राशन वितरण के दौरान कोटेदार आम जनमानस को दवा सेवन के लिए प्रोत्साहित कर सके। साथ ही ग्राम स्तर से प्रधान के द्वारा 10 अगस्त को कार्यक्रम का उद्घाटन कराए, डुगडुगी के माध्यम से जन मानस को जागरूक कराए, स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारियों के द्वारा पांच घर दांए पांच घर बाएं के परिवारों को कार्यक्रम की दिनाक अवगत कराए, स्कूल में अध्यापक के सहयोग से रैली का आयोजन कराए, प्रार्थना सभा में बच्चो को भी जागरूक करे।

### छोटे बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल

**कन्नौज।** पीसीआई संस्था के जिला प्रतिनिधि सुनील गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए इस बार एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जाएगी। दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीआईसी और एल्बेंडाजोल की एक-एक गोली, छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए डीआईसी की दो गोली, एल्बेंडाजोल एक गोली, 15 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए डीआईसी की तीन गोली, एल्बेंडाजोल की एक गोली आशा कार्यकर्ता अपने सामने खिलवाएंगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला, गंभीर रोगियों को दवा का सेवन नहीं कराना है।

### हल्का साइड इफेक्ट हो तो घबराएं नहीं

आशा कार्यकर्ताओं को बताया गया कि किसी-किसी को दवा का सेवन करने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शरीर के अंदर कीड़े मरने की वजह से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिर में दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर खुजली हो सकती है। इसलिए इससे घबराना नहीं चाहिए, यह स्वत: ठीक हो जाता है। ऐसी स्थिति होने पर सभी आशा कार्यकर्ता धैर्य पूर्ण व्यवहार का परिचय दें, नजदीकी स्वास्थ्य टीम और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित करें, जिससे दवा सेवन के बाद होने वाले साइड इफेक्ट के संदर्भ में स्वास्थ्य टीम आकर तुरंत अपने स्तर से भी जानकारी उपलब्ध कराएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आशा संगिनी गीता देवी ने बताया कि स्थानीय लोग यदि दवा खाने के लिए मना करेंगे तो उन्हें हम बताएंगे फाइलेरिया नहीं है तब भी दवा का सेवन आवश्यक है। इस गंभीर बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय सर्वजन दवा सेवन ही है। यह दवा पूर्णत: सुरक्षित है इसका सेवन अवश्य करें। इस मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीसीपीएम प्रमिला एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे

# बालक के अपहरण का प्रयास लोगों ने युवक को जमकर धुना

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



बालक अरुण।



मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर ऑटो का इंतजार कर रहे बालक के अपहरण का प्रयास किया गया। बालक के शोर मचाने पर आरोपी को लोगों ने पकड़कर धुन दिया। इस सारे हंगामे के दौरान पुलिस नदारद दिखी। कोतवाल ने युवक से पूछताछ किए जाने की बात कही है।

मुख्य चौराहा पर पीआरडी जवान की ड्यूटी के बाद कोई भी पुलिस कर्मी की मौजूदगी न होने से अपराधियों का दुस्साहस बढ़ गया है। गुरुवार की शाम को एक बड़ी घटना होते बच गई। कोतवाली क्षेत्र के हरईपुर गांव निवासी किशोर अरुण (12) घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक युवक

- **मुख्य चौराहे पर सरेशाम हुई घटना, नदारद दिखी पुलिस**

अपने आप को ऑटो चलाक बताकर किशोर को बहला फुसलाकार साथ लेकर जा रहा था। वहां कोई अन्य ऑटो न होने पर युवक पर शक हुआ तो अरुण हंगामा करने लगा। शोर शारबा सुन आसपास मौजूद लोगों की भीड़ लग गई और युवक से पूछताछ करने लगे। गोलमोल जवाब सुन लोगों ने आरोपी युवक की धुनाई कर दी। करीब आधे से घंटे से अधिक चल रहे प्रकरण के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को साथ ले गई। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बा का मुख्य चौराहा होने के बावजूद भी कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद नही रहता है। कस्बा इंचार्ज के बारे में लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से चौराहे पर दिखाई नही दिए हैं।

# नीम के पेड़ पर लटका मिला स्कूल गई किशोरी का शव

## देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कछपुर्वा गांव में घर से स्कूल जाने के लिये निकली किशोरी का शव घर के निकट नीम के पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कछपुर्वा निवासी शालिनी (16) पुत्री सतीश चंद्र माडल स्कूल जसोदा की छात्रा थी। बुधवार को घर से स्कूल जाने की बात कह कर सुबह करीब सात बजे निकली थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। इधर उधर खोज की पर कोई पता नहीं चला। उसका फोन भी बंद जा रहा था। इससे परिजन पूरी रात परेशान रहे। गुरुवार की सुबह जब गांव के लोग घरों से निकले तो गांव के अंदर नीम के पेड़ पर उसका शव फंदे पर लटका मिला। मामले की जानकारी होते ही गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मृतक किशोरी की मां संतोषी ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर दरोगा रामजीवन, सिपाही शिवम राठौर, महिला सिपाही रीमा कुमारी व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। किशोरी ने जान क्यों दी इसको लेकर परिजनों ने फिलहाल कुछ जानकारी नहीं दी है। इस संबंध में पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी अमित आनंद ने बताया कि मां से विवाद के बाद गुस्सा होकर किशोरी घर से चली गई थी।

- **मां से विवाद के बाद घर से स्कूल चली गई थी**
- **आत्महत्या के कारणों की जानकारी से किया इंकार**

### दुष्कर्म, आत्महत्या दुष्प्रेरण में दो और गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दुष्कर्म के बाद मुकदमे में समझौते के दबाव से परेशान किशोरी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण में मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव में 22 जुलाई मंगलवार दोपहर के समय दुष्कर्म पीड़िता 17 वर्षीय दलित किशोरी ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों के विरोध के बाद हरकत में आई पुलिस ने मंगलवार शाम एक आरोपी पुनीत पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर वुधवार को जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल आदि ने फरार चल रहे पुनीत के भाई कुलदीप और भोले पुत्र ओमपाल सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# 14 पदों के सापेक्ष 10 डॉक्टरों ने दिया साक्षात्कार

**कन्नौज।** सीएमओ कार्यालय में एमबीबीएस डॉक्टरों के चयन को लेकर साक्षात्कार हुआ।

जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी समेत अर्वन अस्पतालों में डाक्टरों की कमी को पूरा करने के लिये सीएमओ कार्यालय की ओर से एमबीबीएस डाक्टरों की भर्ती करने के लिये 14 पद का विज्ञापन जारी किया गया था। गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार के लिये बुलाया गया। 10 डाक्टर साक्षात्कार के लिये पहुंचे। चयन समिति में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसीएमओ डा. धीरेंद्र आर्या, नेशनल हेल्थमिशन के लेखा प्रबंधक की टीम ने एक-एक आवेदक को बुलाकर साक्षात्कार लिया। इससे पहले सभी आवेदकों के प्रपत्रों की जांच की गई। 10 बजे के बाद शुरू हुए साक्षात्कार शाम पांच बजे तक चलते रहे। बताया जाता है कि साक्षात्कार में मांग के अनुरूप आवेदक न आने से फिर विज्ञापन दिया जायेगा। इस के बाद तिथि के अनुसार कमेटी एमबीबीएस डाक्टरों को बुलाकर चयन करेगी।

# एनडीआरएफ व पुलिस ने डूबने से बचाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मेहंदी घाट पर एनडीआरएफ व पुलिस द्वारा डूबे व्यक्ति को बचाने का हुआ पूर्वाभ्यास।

**अमृत विचार।** स्थान, मेहंदी घाट। समय, सुबह का करीब 10 बजे। लोग गंगा स्नान कर रहे हैं। तभी शोर मचता है। कोई डूब गया लगता है। आनन फानन प्रशासन व पुलिस को सूचना दी जाती है। फिर तुरंत पहुंची एनडीआरएफ व पुलिस की संयुक्त टीम डूबते व्यक्ति को बाहर निकाल लेती है। पेट से पानी निकालकर उसे होश में लाती है। इसके बाद परिजन राहत की सांस लेते हैं। यह दृश्य है गुरुवार को की गई मॉक ड्रिल का।

श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बाढ़ आपदा एवं आपात स्थिति में त्वरित बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए कन्नौज पुलिस एवं एनडीआरएफ टीम की तरफ से गंगा तट मेहंदी घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें किसी के डूबने पर कैसे बचाएं, भीड़ नियंत्रण कैसे करें तथा बाढ़ की आपदा में प्रभावितों को कैसे सुरक्षित किया जाए के मुद्दों पर पूर्वाभ्यास किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर पुलिस एवं एनडीआरएफ टीम ने आयोजन में दिखाया कि बाढ़ के दौरान यदि

- **बाढ़ व भीड़ नियंत्रण, डूबे हुए व्यक्ति को बचाने के लिए हुआ संयुक्त मॉक ड्रिल**

कोई व्यक्ति नदी में डूबता है तो उसे तत्परता से निकालें। इसके बाद उसके पेट में भरा पानी निकालकर सामान्य करने का प्रयास करें। एनडीआरएफ टीम ने खोज और बचाव अभियान, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए निकासी प्रक्रियाएँ, प्राथमिक चिकित्सा और चिकित्सा प्रतिक्रिया अभ्यास तथा पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों के बीच समन्वय आदि की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि श्रावण मास को देखते हुए यह मॉक ड्रिल, आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बेहतर बनाने एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की क्षमता को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान एडीएम आशीष सिंह, एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेशकुमार, ट्रेनी सीओ कपूर कुमार, सीओ छिबरामऊ व तिर्वा मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से नाराज विधायक ने अफसरों के कसे पेंच

**छिबरामऊ।** इलाके में अंधाधुंध बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों की बढ़ती नाराजगी को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने निरीक्षण भवन में छिबरामऊ व सौरिख के बिजली अधिकारियों के पेंच कसे और आपूर्ति दुरुस्त करने को कहा। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय ने बिजली की समस्याओं को लेकर मंडल अध्यक्षों के साथ अधिशासी अभियंता छिबरामऊ, उपखंड अधिकारी छिबरामऊ, सौरिख, सिकंदरपुर, तालग्राम, गुरसहायगंज, सभी फीडरों के अवर अभियंता छिबरामऊ नगर, प्रेमपुर, गुरसहायगंज, तालग्राम के साथ निरीक्षण भवन में बैठक कर समस्या से निजात पाने पर चर्चा की। विधायक ने अधिकारियों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गौरव दुबे, मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, धर्मेंद्र कौशल, संजय द्विवेदी, हरनाथ राजपूत, शिवम राठौर व आनंद गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार रहे।

# संकुल शिक्षकों के नहीं स्वीकार होंगे त्यागपत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में डिजिटल हाजिरी के विरोध में दिए गए संकुल पद से शिक्षकों के त्यागपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसको लेकर बीएसए ने सभी बीईओ को चिट्ठी जारी कर दी है। कहा है कि तीन महीने में होने वाली संकुल बैठकें कराई जाएं।

बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए पत्र में सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी से कहा है कि 12 पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन के विरोध में जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक संकुलों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिए

- **डिजिटल हाजिरी स्थगित होने के बाद बीएसए ने भेजा बीईओ को पत्र**
- **जिलेभर में डिजिटलाइजेशन के विरोध में दिए थे बीआरसी में त्यागपत्र**

थे। इन त्यागपत्रों को बीईओ ने बीएसए के पास भेजे। बीएसए ने कहा कि शासन से अग्रिम आदेशों तक परिषदीय स्कूलों की डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

इस वजह से त्यागपत्र स्वीकार नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संकुल शिक्षक पहले की तरह कार्य करते रहें। बीईओ अपने स्तर से बैठकें करते रहेंगे। एआरपी का भी सहयोग पहले की तरह मिलता रहेगा।

बताया जा रहा है कि इससे पहले एआरपी की भी बैठक बीएसए के साथ हो चुकी है। उनको मोटीवेट किया जा चुका है। जिले में 81 न्याय पंचायतें हैं। उसमें 411 संकुल शिक्षक तैनात हैं।

### स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में थिरके बच्चे

इन दिनों परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत चौथे दिन सांस्कृतिक दिवस मनाया गया। डीसी प्रशिक्षण गौरव दीक्षित ने बताया कि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य, संगीत, नाटक व अन्य मंचन किए। बताया गया है कि सदर ब्लॉक क्षेत्र के 177 परिषदीय स्कूलों में 18252 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। 746 शिक्षक भी शामिल हुए। कई स्कूलों में देश भक्ति गीत, लोकगीत व आर्ट भी हुई।



श्रीकृष्ण व राधा बने स्कूली बच्चे।

# नलकूपों व हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता जांची

**छिबरामऊ।** संचारी रोग नियंत्रण को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने नलकूपों तथा हैंडपंपों से निकलने वाले पानी का सैंपल लेकर टेस्ट कराया। पालिका ईओ सुनील कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम में फैलने वाले संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर शासन के निर्देशानुसार नगर में सफाई व्यवस्था के साथ वार्डों में पानी की सप्लाई देने वाले नलकूपों व हैंडपंपो से पानी का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच कराई गई। जहां पर लीकेज सही कराया गया। उसका भी टेस्ट किया गया, ताकि दूषित पानी से बीमारी न फैल सके। पालिका कर्मचारी रामबीर व ज्ञानेंद्र कुमार ने पानी की जांच की।

# गौशाला में तड़पकर हुई गोवंश की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



गोशाला में कीचड़ के बीच विचरण करते गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकार की सख्ती के बावजूद गौशालाओं की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को एक गोवंश की तड़पकर मौत हो गई। केयरटेकर ने भोजन और इलाज के अभाव में मौत की बात कही है। इससे पहले 28 मार्च को भी दो गोवंशों की खाने और इलाज के अभाव में मौत हुई थी।

ब्लाक की अतरौली ग्रामसभा में 30 गोवंशों की क्षमता वाला गोआश्रय स्थल है। मौजूदा समय में क्षमता से अधिक 40 के करीब गोवंश हैं। गुरुवार को भोजन और इलाज के अभाव में गोवंश ने कीचड़ में तड़प कर दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान और

- **केयर टेकर ने स्वीकारा, भोजन और इलाज के अभाव में तोड़ा दम**

सचिव की लापरवाही से भोजन और इलाज की व्यवस्था नहीं है। इससे गोवंशों की हालत दयनीय हो गई और एक ने दम तोड़ दिया। घटना से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। केयर टेकर राकेश कुमार ने कहा कि भोजन और इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है। जितना मिलता है उसी से काम चलाया जा रहा है। सचिव अनुज मिश्रा से फोन पर सम्पर्क किया लेकिन बात नहीं हो सकी। खण्ड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी ने बताया कि गोवंश बीमार था। इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला और गुरुवार को मौत हो गई।

**पहल** जिला स्वास्थ्य समिति व महिला संकुल समिति के बीच हुआ करार, पहली अगस्त से नई व्यवस्था

# समूह की महिलाएं सरकारी अस्पतालों में परोसेंगी भोजन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




समूह की महिलाओं को समझौता पत्र हस्तांतरण करते सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, साथ में मंत्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के सरकारी अस्पतालों में अब स्वयं सहायता समूह की महिलाएं गर्मागर्म भोजन गर्भवती व धात्री महिलाओं को परोसेंगी। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति व महिला संकुल समिति के बीच समझौता (एमओयू) हो गया है। पहली अगस्त से नई व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की मौजूदगी में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति व आजीविका महिला संकुल समिति फगुहा कन्नौज के बीच एमओयू हस्तांतरण कार्यक्रम हुआ। मंत्री ने समूह की दीदीओं को बधाई देते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्वस्थ्य शिशु, सुरक्षित मातृत्व है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मरीजों/प्रसूताओं को जिले

- **विनोद दीक्षित अस्पताल, 7 सीएचसी, राजकीय चिकित्सा कॉलेज में मिलेगी सुविधा**

के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में पौष्टिक व निशुल्क भोजन मिलेगा। इससे स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। सरकार उनको आत्मनिर्भर बना रही है। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व समूह के बीच जो एमओयू हुआ है इससे जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) में प्रेरणा कैंटीन का संचालन होगा। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि आज बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। पिछले वर्ष जिला चिकित्सालय में कैंटीन का कार्य समूह को दिया था, जो बहुत ही अच्छे तरीके से दीदी कर रहीं हैं। इसी को देखते हुये सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने सरकारी चिकित्सालयों में समूह की ओर से मरीजों को भोजन/नाश्ता देने का कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस लगन से जिला अस्पताल में कार्य किया है उसी लगन से आगे भी कार्य किए जाएं। मरीजों एवं प्रसूताओं को शुद्ध, पौष्टिक गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, बीडीओ सदर अमित सिंह रहे।

### यहां मिलेगी निशुल्क भोजन की सुविधा

सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि वर्तमान में जिला अस्पताल में मरीजों को निशुल्क भोजन मिल रहा है। इसके अलावा समूह की महिलाएं अब शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल मकरंदनगर, सीएचसी गुगरापुर, जलालाबाद, तिर्वा, सौरिख, हसेरन व छिबरामऊ के अलावा डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जननी सुरक्षा योजना के तहत भर्ती होने वाली गर्भवती को लाभ दिया जाएगा। इससे मरीज प्रसव के बाद कुछ दिन तक रुक भी सकेंगे। एक अगस्त से व्यवस्था शुरू हो जाएगी। आगे और अस्पतालों में विस्तार किया जाएगा।

### 22 ड्रोन दीदी भी बनेंगी

जनपद से 22 दीदीओं को ड्रोन दीदी बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। ड्रोन एक ऐसी तकनीक है जिससे कई हेक्टेयर पर दवा आदि का फसल में छिड़काव बहुत ही कम समय में किया जा सकता है। ड्रोन की तकनीकी आने वाले समय में बदलाव की तस्वीर दिखेगी।

### मनीषा ने साझा किए अनुभव

दुर्गा महिला समूह की दीदी मनीषा जिला अस्पताल में कैंटीन का संचालन कर रहीं हैं। उन्होंने अनुभव साझा किया। संगठन से समृद्धि की ओर संबंधित वीडियो क्लिप भी चलाई गई। समूह की महिलाओं ने वस्तुओं की प्रदर्शनी भी विकास भवन में लगाई। नेडा ने भी सोलर का स्टॉल लगाया।

# 20 जानवरों को पकड़ कर भेजा गौशाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अधिकारियों से शिकायत के बाद हरकत में आए प्रधान व सचिव ने अन्ना जानवरों को पकड़ने का अभियान चलाया। टीम ने 20 अन्ना जानवरों को पकड़ कर गोशाला भेज दिया। इलाके के बहादुरपुर मझगवां के ग्रामीणों ने 1077 पर फोन कर इलाके में अन्ना जानवरों से हो रहे नुकसान के बारे में शिकायत की थी। अधिकारियों के निर्देश पर प्रधान मनु यादव और सचिव अजय पाल कैटल कैचर वाहन के साथ गांव पहुंचे और 20 अन्ना जानवरों को पकड़ कर अतरौली गौशाला भेज दिया।

### गेस्ट हाउस से मोबाइल चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम नरूइया निवासी शिवमोहन ने बताया कि वह 15 जुलाई की रात लगभग 01.30 बजे वैष्णवी गेस्ट हाउस में था। तभी किसी ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABU SAEED था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABU SAEED KHAN रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: ABDUL KASIM, R/O, NAWDIHWA VISHUNPUR KHARAHNA PO SADULLANAGAR, Uttar Pradesh-271307

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र विनीत कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। **रामकुमार पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम जार परगना व थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

यह कि मेरे भतीजे शिवांशु बाथम पुत्र स्व. कृष्ण रतन गुप्ता निवासी मोहल्ला अजयपाल, कन्नौज का चाल चलन सही नहीं है। वह बुरी संगत में पड़कर जुए आदि का आदी हो गया है तथा मेरे नाम से पैसा लेकर उधार किया गया है। देनदारों के तगादों से परेशान हो गया हूं। इसलिए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कार्य या लेनदेन से मेरा या परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना नहीं होगा। अपने किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम रतन गुप्ता, मो. अजयपाल, कन्नौज**

**सूचना**

वास्तव में मेरा जी एन एम नर्सिंग डिप्लोमा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जी एन एम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाण पत्र खो गए हैं। — **अमित कुमार पुत्र लखन लाल निवासी ग्राम व पोस्ट-बरौना, थाना मल्लाँवा, जिला हरदोई, मो. नं. 7619002556**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अंशिका विश्वकर्मा पुत्री श्री विजय कुमार विश्वकर्मा निवासी इमामगंज दरगाह शरीफ बहराइच का हाईस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2280391 वर्ष 2011 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1674374 वर्ष 2013 वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9415491449 पर सूचित करें।

## चौकी प्रभारी सहित स्टाफ को बदले जाने की मांग

संवाददाता ककोर, औरैया

- बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारी खफा, दिया ज्ञापन

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट ककोर गांव में आए दिन हो रही चोरी से सभी दुकानदार परेशान व सहमे हुए हैं। पहले जनता को पुलिस पर विश्वास था लेकिन अब व्यापारियों का कहना है कि हम दुकानदार व जनता का पुलिस से ही विश्वास उठता चला जा रहा है। कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इन सभी बिंदुओं पर चर्चा करना होगा। गुरुवार की व्यापारियों ने ज्ञापन जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी छोटेलाल को दिया।

व्यापारियों ने कहा इतना ही नहीं ककोर गांव के आसपास दो दर्जन से अधिक चोरियो में आजतक किसी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही है। दिबियापुर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपराध राकने में विफल साबित हो रहे हैं। इसलिए हम सभी व्यापारी की मांग है। पुराने स्टाफ को बदला जाए। रामबाबू भदोरिया, शिवकांत दुबे रजनीकांत सिद्धार्थ रवि शंकर हरशंकर राजकुमार सौरभ सिंह आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

# 1 अगस्त से रुकेगी कानपुर सेंट्रल-अलीगढ़ मेमू

यात्रियों को सुविधा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद से भरथना, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला, हाथरस, अलीगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। उत्तर मध्य रेलवे एक अगस्त से कानपुर से अलीगढ़ के बीच फास्ट मेमू स्पेशल चलाने जा रहा है। पूरी तरह से अनारक्षित फास्ट मेमू 04189 रविवार को छोड़कर सभी दिन चलेगी।

उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि स्पेशल मेमू सुबह 7:15 बजे सेंट्रल स्टेशन से चलेगी और वाया पनकी धाम, रूरा, झींझक, फफूंद, भरथना, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला, हाथरस होते हुए दोपहर 12:40 बजे अलीगढ़ पहुंचेगी। वापसी में 04190 अलीगढ़ से दोपहर 1:40 बजे चलेगी और शाम 7:45 बजे कानपुर वहीं फफूंद रेलवे स्टेशन पर अलीगढ़ जाने के लिए सुबह 8:30 पर आगमन,8:31 पर प्रस्थान करेगी व कानपुर के लिए शाम 17:35 पर आगमन व 17:36 पर प्रस्थान करेगी।

### कानपुर-इटावा मेमू के समय में परिवर्तन

अलीगढ़ फास्ट मेमू की वजह से कानपुर इटावा–मेमू के समय में परिवर्तन किया गया है। यह बदलाव एक अगस्त से 31 जनवरी 2025 तक रहेगा। यह मेमू सुबह 6:50 बजे सेंट्रल से चलेगी। कंचौसी 8:21 बजे, फफूंद 8:33 बजे, पाता 8:41 बजे, अछल्दा 8:49 बजे, घसारा हॉल्ट 8:56 बजे, साम्हो 9:03 बजे, भरथना 9:24 बजे, इकदिल 9:37 बजे और 10:05 बजे इटावा पहुंचेगी।


सांसद को ज्ञापन सौंपते एकलव्य वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**औरैया।** अछल्दा कस्बे के समाजसेवी संगठन एकलव्य वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गुरुवार को इटावा लोकसभा के क्षेत्र सांसद के दिल्ली सांसद बंगले पर जाकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कोरोना काल से बंद अछल्दा रेलवे स्टेशन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों को पुनः शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल से अछल्दा रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस, तूफान एक्सप्रेस व आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहरा बंद चल रहा है। उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव बंद किए जाने से 7 लाख से अधिक क्षेत्र वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर व्यापारी वर्ग अधिक परेशान है। ज्ञापन में उपरोक्त ट्रेनों के ठहराव के साथ ही मालदा फरक्का एक्सप्रेस व आगरा लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस का ठहराव भी शुरू कराए जाने की मांग की गई है। इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा दिए गए ज्ञापन को संसद में स्पीकर व रेल मंत्री को अवगत कराया जाएगा जल्द समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया

## एक नजर

### गैस सिलेंडर में लगी आग गृहस्थी का सामान जला

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खाना बनाते समय रेगुलेटर लीक होने से सिलेंडर में आग लग गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई। थाना क्षेत्र के गांव पुरवा बले निवासी सत्य प्रकाश मजदूरी करता है। गुरुवार की दोपहर को उसकी पत्नी मीरा खाना बना रही थी, तभी अचानक गैस सिलेंडर में लगे रेगुलेटर से लीकेज होने के कारण आग लग गई। आग लगते ही वह वहां से भाग कर बहार आई आस पास के लोगो ने तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को फोन किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि सिलेंडर में लगे रेगुलेटर में आग लग गई थी। जिससे कपड़े व गृहस्थी का सामान खाक हो गया।

### सहायक उपकरणों के लिए किए गए पंजीकरण

**अछल्दा।** विकास खंड के सभागार कक्ष में गुरुवार को आयोजित शिविर में दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किए गए। शिविर के दौरान 24 आवेदन ट्राई साइकिल के लिए, 03 आवेदन व्हीलचेयर के लिए तथा 03 ब्लाइंड स्टिक हेतु पंजीकरण किए गए। इस अवसर पर आशीर्वाद पांडेय कनिष्क सहायक, विपेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार कार्यालय जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग आदि मौजूद रहे।

# वज्रपात से रोपाई कर रहे युवक की मौत, दो झुलसे

## ग्राम नगला राम सिंह की घटना, लेखपाल व अधिकारी पहुंचे

संवाददाता एरवा कटरा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम हिरमी के पास नगला राम सिंह में खेत पर धान की रोपाई का कार्य चल रहा था। गुरुवार दोपहर 2:10 पर तेज बारिश के साथ अचानक आकाशीय बिजली धान रोपाई वाले खेत पर गिरी जिसमें 22 वर्षीय रोहित कुमार पाल पुत्र दरोगा सिंह जमीन पर गिर पड़े। वह पेट व सीने में काफी झुलस गए। साथ में काम कर रहे सत्यवान सविता, निर्मला देवी पत्नी मनोज कुमार झुलस गए। गांव वाले उन्हें सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने रोहित कुमार पाल को मृत घोषित कर दिया। मामूली घायल सत्यवान सविता व निर्मला देवी पत्नी मनोज कुमार को उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया।


रोहित कुमार पाल।


पंचनामा की कार्रवाई करतीं नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा। अमृत विचार

रोहित कुमार का शव घर आया। विधूना नायब तहसीलदार रूचि मिश्रा एवं लेखपाल सौरभ भारती व पुलिस ने शव के पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। रोहित कुमार पाल की शादी ढाई वर्ष पूर्व बेला थाने के कोराई गांव निवासी राजवीर की पुत्री प्रियंका के साथ हुई थी। इनको कोई बच्चे नहीं थे। मृतक की पत्नी प्रियंका का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में रामेश्वर उर्फ रविंद्र,सोनू व सबसे छोटा रोहित कुमार पाल था। उधर ग्राम नगला अतबल में किसान सतवीर उर्फ सत्य राम खेत पर अपनी भैंस चराने ले जा रहे थे। तभी दोपहर में आकाशीय बिजली गिरने से एक लाख की भैंस मर गई तथा किसान सत्यवीर उर्फ सत्य राम बाल बाल बच गए ।

# बैंक मैनेजर व कर्मचारी पर धोखाधड़ी का केस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फर्जी हस्ताक्षर कर 25 हजार रुपये फिक्स डिपोजिट बनाने का आरोप

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एचडीएफसी औरैया के बैंक मैनेजर व कर्मचारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला पंजीकृत कर विवेचना कराने का आदेश जारी किया है।

थाना अजीतमल के ग्राम बल्लापुर निवासी हरिओम शुक्ला ने 28 जुलाई 2023 को 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र सीजेएम कोर्ट में दायर किया था। उपभोक्ता ने लिखा कि एचडीएफसी बैंक द्वारा उसके खाते से बिना उसकी जानकारी के 25 हजार रुपये की फिक्स डिपोजिट बना दी गई। खातेदार ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके सूचना दी तो अगले दिन ब्रांच में जाकर संपर्क करने को कहा।

इस पर अगले दिन उसने बैंक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन उच्चाधिकारियों तक शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उपभोक्ता का कहना है कि उसने बैंक के एक्स एकाउंट पर रिजर्व बैंक को टैग करके उक्त शिकायत के संबंध में पोस्ट किया तो वहां से प्रार्थी एचडीएफसी बैंक केयर्स नाम के एक्स एकाउंट से साइबर अपराधियों ने काल की व बाद में उसके खाते से 50 हजार, उसके बाद एक लाख रुपये व पुनः 50 हजार रुपये डेबिट हुए।

आरोप है कि बैंक मैनेजर व कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से साजिश करके उसके साथ दो लाख 25 हजार की धोखाधड़ी की गई। इस प्रकीर्ण वाद को पहले दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को इसी कोर्ट द्वारा निरस्त किया गया था। बाद में याची ने सत्र न्यायालय में दंड निगरानी प्रस्तुत की। इसकी सुनवाई करके एडीजे ने उक्त निगरानी स्वीकार कर 18 अक्टूबर 2023 के आदेश को निरस्त कर दिया। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जीवक कुमार सिंह ने हरिओम शुक्ला का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर कोतवाली को आदेशित किया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करें। कोर्ट ने लिखा कि फिक्स डिपोजिट फार्म पर हस्ताक्षर फर्जी हैं ।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्र संसद में पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**औरैया।** गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर में छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग प्रचारक इटावा यशवीर, नगर सहकार्यवाह महेंद्र सिंह राजपूत, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष रामअवतार राजपूत, प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से की। प्रधानाचार्य सुशील तिवारी ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शिशु भारती, कन्या भारती एवं छात्र संसद के भैया बहिनों को यशवीर जी ने शपथ दिलाई। विभाग प्रचारक ने भैया बहिनों से कहा की अनुशासन में रहकर जीवन जीना चाहिए।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, सिलेंडर व रुपये बरामद

**औरैया ।** दिबियापुर थाना क्षेत्र की ककोर चौकी इंचार्ज पूजा सिंह राठौर ने टीम के साथ चोरी की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त की तलाश में थी। तभी ककोर बम्बा पुलिया से होते हुए ग्राम कनारपुर की तरफ पुलिया के पास दो व्यक्ति सिलेंडर पकड़े दिखाई दिए। शक के आधार पर पकड़कर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम श्याम बाबू उर्फ हनुमान पुत्र लक्ष्मण निवासी पुर्वा फकीरे थाना सहायल, इन्दल सिंह पुत्र रामप्रकाश नि. दूरदर्शकपुर थाना फफूंद बताए। उनके पास से एक अदद गैस सिलेण्डर व 1300 रुपये नगद बरामद हुए। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं ककोर चौकी इंचार्ज पूजा सिंह राठौर ने बताया कि विगत 11/ 12 जुलाई को बाल विकास ज्ञान मंदिर स्कूल ककोर में हुई चोरी की घटना दोनो अभियुक्तों ने कुबूल की है। मालूम हो कि बीते 11/ 12 जुलाई की रात्रि में चोरों द्वारा विद्यालय में रखा सामान मशीन साउंड, स्पीकर बक्सा, गैस सिलेंडर, पानी मोटर, टूल किट चोरी की एफआईआर विकास बाबू पुत्र स्व. राजेन्द्र बाबू निवासी पेट्रोल पंप के पास ककोर बुजुर्ग ने दर्ज कराई थी।

### गोवंश की तस्कारी करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ऐरवा कटरा,औरैया।** ऐरवा कटरा थाना क्षेत्र के आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर मुखबिर की सूचना पर ऐरवा कटरा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर 13 फरवरी को डीसीएम से तस्करी कर बध के लिए ले जाए जा रहे 9 गाय तथा 2 बछड़ों सहित कुल 11 गोवंश को बरामद किया था। साथ ही पुलिस ने गोवंश को ले जा रही डीसीएम के आगे रेकी कर रही होंडा अमेज गाड़ी सवार लोगों को हिरासत में लेकर मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसमें कुल 7 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस द्वारा 6 अभियुक्तों शिवा सोनी, ऋषि पांडेय, विजय दोहरे, वीरू दोहरे, तालिब तथा रामस्वरूप को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। जबकि एक अन्य अभियुक्त भीम दोहरे निवासी तुर्कीपुर औरैया पुलिस से बचता फिर रहा था। जिसपर पुलिस द्वारा 25000 रु का इनाम घोषित था। गुरुवार सुबह करीब 10 .20 बजे सर्विलांस टीम और एसओजी टीम तथा थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल द्वारा पुलिस से बचते फिर रहे 25 हजार का इनामिया अपराधी भीम दोहरे हो आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर स्थित नगला दौलत पुल के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को इटावा जिला कारागार भेजा गया।


मंडल के सभी पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर समस्याएं सुनते विधायक व जिला अध्यक्ष। अमृत विचार

### विधायक, जिलाध्यक्ष ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**औरैया।** लोकसभा चुनाव में यूपी में बीजेपी की मिली शिकस्त से उबरने के लिए गुरुवार को सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ,भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,जिला महामंत्री शिव सिंह भारती,मंडल अध्यक्ष औरैया देहात इंद्र पाल सिंह की उपस्थिति में औरैया देहात मंडल के सभी पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। अधिकारियो से कहा की यदि भाजपा का कोई भी पदाधिकारी थानो या सरकारी कार्यालय में जाता है तो उसकी बात सुने और उसकी समस्या का निराकरण करे। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है।और उनकी अपेक्षा किसी कीमत पर न हो। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा सभी जनप्रतिनिधि, भाजपा जिला पदाधिकारी प्रत्येक मंडल में जाकर मंडल अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम व बूथ अध्यक्ष से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निदान कराने का कार्य करेंगे।


शील्ड लिए खड़े नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए अजय गुप्ता

**औरैया ।** होटल शांति पैलेस में बुधवार देर शाम जायंट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार दिबियापुर की कार्यकारिणी का चुनाव ग्रुप की फाउंडर ऋतु चंदेरिया जी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। जहां सर्व सम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष अजय गुप्ता लकी को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुन लिया गया। अमित कुमार गुप्ता को लगातार दूसरी बार महामंत्री चुन लिया गया। प्रशांत गुप्ता शक्ति को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा संजीव गुप्ता तेल मिल वाले को एवं मनोज पोरवाल छैयां को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। श्याम वर्मा, संतोष सोनी, रजनीश कुमार सिंह, धीरज शुक्ला एवं अनुराग गुप्ता को डायरेक्टर नामित किया गया। गुरु नारायण अग्रवाल एवं डॉ. कप्तान सिंह ग्रुप के संरक्षक के रूप सभी को मार्गदर्शन देते रहेंगे। ग्रुप के गठन से पूर्व सभी सदस्यों का 2023/24 में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए अध्यक्ष अजय गुप्ता द्वारा मालार्पण एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।


मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षामित्र। अमृत विचार

## मानदेय बढ़ाने को शिक्षामित्रों का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** शिक्षामित्रों को नियमित वेतन देने और उनका मानदेय बढ़ाने सहित तमाम मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने जिला मुख्यालय ककोर में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया और सात सूत्रीय मांगे पूरी करने की मांग की।

गुरुवार को जिले के तमाम शिक्षामित्र जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष संत कुमार शुक्ला व जिला संरक्षक हरिओम बाजपेई के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी छोटेलाल को ज्ञापन दिया।शिक्षामित्र नेताओं ने बताया कि बेसिक शिक्षा सचिव द्वारा शिक्षामित्रों की समस्याओं के निवारण हेतु बेसिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन 14 नवम्बर 2023 को किया गया था।जिसकी बैठक के बाद भेजे गए प्रस्ताव पर आदर्श आचार संहिता के चलते कार्यवाही रुक गई थी।प्रस्ताव पर कार्यवाही की जाए।शिक्षामित्रों को नियमित वेतन और मानदेय दिया जाए।

## चेकिंग अभियान से उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

**अजीतमल, औरैया।** बुधवार को विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्युत चेकिंग की गई जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। बीते दिन को बाबरपुर बाबरपुर के शास्त्री नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग के द्वारा एक चेकिंग अभियान चलाया गया। बुधवार को विद्युत वितरण अजीतमल के जेई धीरेंद्र कुमार के अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर आदि स्थानों पर मीटर रीडिंग, बिजली चोरी, कमर्शियल कनेक्शन को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें घरेलू कनेक्शन ,कमर्शियल कनेक्शन को चेक किया गया चेकिंग से कस्बे में हड़कंप मच गया। इस संबंध में एसडीओ राहुल कुमार ने बताया कि उनके निर्देश पर विद्युत कर्मचारियों द्वारा कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान जिस उपभोक्ता के यहां अनियमितता पाई जाएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खंभा धराशायी, 12 गांवों की बत्ती गुल

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के मुग़ल रोड पर बीते दिन ट्रक पलटने से हाईटेंशन लाइन का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था। विद्युत विभाग की अनदेखी के चलते खंभा गुरुवार को अचानक गिर पड़ा जिससे वहां से निकलने वाले स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए। वहीं एक दर्जन गांवों में बिजली संकट गहरा गया है।

दो दिन पहले क्षतिग्रस्त हुए 11 हजार लाइन के एक क्षतिग्रस्त खंभे को सही नहीं कराया गया जो गुरुवार को बरसात के चलते गिर गया। इसके चलते रम्पुरा फीडर से जुड़े एक दर्जन से अधिक गांवों में बिजली संकट छाया रहा। वहीं नीचे पड़े खंभे में चल रही विद्युत लाइन के चलते स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही बस हादसा होने से बच गई।

दो दिन पहले कस्बे के पूर्वी छोर पर स्थिति ग्राम अमलिया हाईवे के पास एक ट्रक की टक्कर से 11 हजार लाइन का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन विद्युत विभाग द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया।


सड़क पर टूटकर गिरा पड़ा खंभा।

इसके चलते गुरुवार की सुबह उक्त क्षतिग्रस्त खंभा टूट कर गिर पड़ा।

सुबह करीब 10:30 बजे जब उपखंड अधिकारी अपनी कार से हाईवे से होकर जब बिजली घर जा रहे थे तब उनकी नजर टूटे पड़े खंबे पर पड़ी जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल विधुत केंद्र को देकर सप्लाइ बन्द कराई,जिसके बाद उन्होंने अधिनस्थो को उक्त खंभे को सही करने के आदेश जारी किए।

खंबा टूटने से रम्पुरा फीडर के बिलावा, चैनी का पुर्वा, एलचीनगर, हालेपुर, मौजमपुर सहित करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में बिजली संकट छा गया। अजीतमल उपखंड अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि 11 हजार लाइन का एक खंभा टूट गया था। जिसकी सप्लाई बंद करवा दी गई थी। कार्य शुरू हो गया है शाम तक सप्लाई शुरू करवा दी जाएगी।

### 6 घंटे बाधित रही बिजली

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा में बुधवार रात 2 बजे के लगभग अंडरग्राउंड 11 हजार लाइन मे फाल्ट हो गया। जिससे कस्बे में अंधेरा छा गया। पावर हाउस से बार–बार लाइन लगाने का प्रयास होता रहा लेकिन फाल्ट की वजह से कस्बे की लाइट चालू नहीं हो सकी। उमस भरी भीषण गर्मी में उपभोक्ता जूझते रहे। सुबह 7 बजे विद्युत विभाग को सूचना दी। बिजली कर्मचारियों ने कसी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे कस्बे की बिजली बहाल की। सीडीओ अरविंद गौतम ने बताया कि अंडरग्राउंड 11 हजार की लाइन का प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जैसी ही आएगी डलवाई जाएगी। बताया कि फाल्ट की वजह से कस्बे की लाइट बाधित हुई थी, सुबह सप्लाई शुरू करा दी गई थी।

## नाबालिग की लात–घूंसो से की पिटाई

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका इंटर कॉलेज के सामने दो युवक नाबालिग बच्चे को जमकर पीट रहे थे। नाबालिग का पिता बचाने की गुहार लगा रहा था। बताया गया है कि बच्चे को दबंगों ने बेरहमी से पीटा। उनका कसूर सिर्फ इतना ही था कि उन्होंने अपना फल का ठेला एक दुकान के पास लगा रखा था, पिता बच्चे को गोद में छिपाकर बचाने के लिए गुहार लगाता रहा। दबंग नाबालिग की पीठ पर घूंसे बरसाते रहे। वीडियो वायरल होने पर पुलिस एक्शन में आई। सीओ एमपी सिंह ने बताया कि मामला फल की घटतौली का विवाद है। कम तौलने की लेकर आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि नाबालिगो के साथ में ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिक्षा सप्ताह | शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में हुए आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरु–शिष्य परंपरा की झलक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न विकासखंडों के परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार को शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत सांस्कृतिक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भाग्यनगर विकासखंड के सल्हापुर प्राथमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाती हैं जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। ये गतिविधियां छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करती हैं और उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने में सहायता करती हैं। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एसआरजी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।



कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

प्रधानाध्यापिका अनुपम सुमन ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चौथे वर्षगांठ पर 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस शिक्षण अधिगम सामग्री दिवस के रूप में मनाया गया। उसके बाद क्रमशः आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता दिवस, खेल दिवस साथ गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम दिवस मनाया गया। उसके बाद कौशल दिवस, मिशन जीवन दिवस मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दिवस अपने संस्कृति के बारे जागरूक हों उसे आगे भी जारी रखते हुए एक वाहक के रूप में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने गुरु शिष्य परंपरा, लोक नृत्य, लघु नाटिका, गायन आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के अतिरिक्त अभिभावक, प्रधानाध्यापक अनुपम सुमन, सहायक अध्यापक मेनका पाल,दिव्या दुबे, मोहन कुमार, आकांक्षा यादव आदि मौजूद रही।

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षत:।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

## संपादकीय

# परीक्षाओं की शुचिता

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले उजागर होने से स्वाभाविक है कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। साथ ही परीक्षार्थियों को निराशा और तनाव का भी सामना करना पड़ता है। क्योंकि पेपर लीक होने से उनके करियर की उम्मीदों को आघात पहुंचता है। हाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीक से देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। देश में पेपर लीक की घटनाओं को रोकना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। नीट-यूजी के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है। बुधवार को बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी मामले के तार वहां से भी जुड़े थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि ज्यादातर पेपर लीक मामले के तार बिहार से जुड़े रहते हैं।

अब कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चा लीक के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। अब सवाल यह भी उठता है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से पेपर लीक मामलों पर अंकुश लग पाएगा? क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? हमें समझना होगा यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। सुनिश्चित करना होगा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन हो और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाए। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजेंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

# आर्थिक और स्वास्थ्य सर्वेक्षणों का स्रोत है जनगणना



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है।

आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर केंद्र सरकार ने बजट संसद में प्रस्तुत कर दिया है, किंतु 2011 के बाद अभी भी विलंबित जनसंख्या सर्वे के कारण तमाम संकेतकों का सही निर्धारण इसलिए संभव नहीं है कि सरकार के पास इनके लिए अद्यावधि आंकड़े नहीं हैं। सांख्यिकीविदों का कहना है कि इनके अभाव में जनन, प्रवास और स्वास्थ्य परिणामों पर अध्ययन अविश्वसनीय हो गए हैं। इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट अभी विगत 18 जुलाई, 24 को मशहूर ब्रितानी जर्नल नेचर में छपी है। एक उदाहरण हौज खास दक्षिणी दिल्ली का दिया गया है, जो आज तो एक आकर्षक जगह है और अमीर शहरी लोगों के वहां आवास हैं, किंतु 2011 में जब भारत की आखिरी जनगणना हुई थी, तब इस इलाके के कुछ हिस्सों को ग्रामीण इलाके में वर्गीकृत किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नवीनतम राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने में देरी, जिसे 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था, समय का अभी तक पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है। जाहिर है कई महत्वपूर्ण डेटा सेट पुराने हो गए हैं। जनसंख्या और सांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि अपडेट की गई जनगणना के बिना, उम्र बढ़ने से लेकर शहरी प्रवास तक हर चीज पर उनके विश्लेषण अब अविश्वसनीय हो गए हैं।

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं, "जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है, अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है। सरकारें टीकों से लेकर स्कूलों और अनाज राशन तक की योजना बनाने और संसाधनों को आबंटित करने के लिए इसी डेटा भंडार का उपयोग करती हैं। यह आर्थिक और स्वास्थ्य रुझानों पर कई अन्य सर्वेक्षणों और विश्लेषणों के लिए सत्यापन का स्रोत भी है। यू.के. के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के जनसांख्यिकीविद् आशीष गुप्ता के अनुसार यदि समय से जनगणना नहीं होती है तो इससे सामाजिक विज्ञान और भारतीय समाज को समझने की हमारी क्षमता बुनियादी तौर पर प्रभावित होगी। हालांकि 1.4 अरब लोगों की जनगणना करना एक बहुत बड़ा काम है और इसके शुरू होने से पहले, एक आवासीय जनगणना होती है, जिसमें जनगणना करने के लिए प्रशिक्षित लोग, जिन्हें गणनाकर्ता कहा जाता है, हर घर को मानचित्र पर चिह्नित करते हैं। वे प्रत्येक आवास के प्रकार और उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में विवरण एकत्र करते हैं। घरों की सूची जनसंख्या जनगणना के लिए एक आधार तैयार करती है, जिसमें गणनाकर्ता हर घर में जाते हैं और प्रत्येक सदस्य की आयु, शिक्षा के स्तर और क्या वे हाशिए पर पड़े समूह से संबंधित हैं या नहीं, सहित विवरण एकत्र करते हैं। वे क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विवरण भी दर्ज करते हैं, जैसे कि पेयजल आपूर्ति और विद्युतीकरण की स्थिति।

> दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं, "जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है, अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है।

2011 की जनगणना को पूरा करने के लिए लगभग 27 लाख गणनाकर्ताओं ने कई हफ्तों के दौरान 24 करोड़ घरों में लोगों के साथ आमने-सामने साक्षात्कार किए थे। फिर एकत्रित अद्यावधि आंकड़ों को समुचित अध्ययन मनन के कुछ साल बाद प्रकाशित किया जाता है। 2021 की प्रस्तावित जनगणना कागज आधारित फॉर्म के बदले मोबाइल ऐप से होने वाली पहली जनगणना होती, लेकिन सितंबर 2020 में, सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना को स्थगित कर दिया और अभी भी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। नई जनगणना के लिए पर्याप्त समय बीत चुका है। इसी वर्ष की शुरुआत में दिल्ली में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय, जो जनगणना की देखरेख करता है, द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इंतजाम को स्थगित कर दिया, जो वस्तुतः जनगणना होने से पहले होने चाहिए। विगत अप्रैल से जून 2024 तक राष्ट्रीय चुनाव के बाद यह स्थगन समाप्त हो जाना चाहिए था। नेचर जर्नल की न्यूज टीम ने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय से इस बारे में टिप्पणी के लिए संपर्क किया कि जनगणना क्यों नहीं हुई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अद्यतन जनगणना आंकड़ों के बिना भी अनेक मानदंडों के 'राष्ट्रीय रुझानों' के अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन क्षेत्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर ये अनुमान कम विश्वसनीय हो जाते हैं। दरअसल इस बात का ठीक-ठाक अंदाजा तो है कि भारत में कितने लोग हैं, लेकिन यह पता नहीं कि वे कहां हैं। जनगणना आंकड़े जन्म और मृत्यु के साथ-साथ आर्थिक संकेतकों, जैसे कि बेरोजगारी से लेकर गरीबी और खपत, स्वास्थ्य और जनन क्षमता से लेकर बाल मृत्यु दर और कुपोषण पर अधिक विस्तृत और नियमित सरकारी सर्वेक्षणों के लिए आधार तैयार करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन जनगणना डेटा के बिना, इन सभी गतिविधियों पर विश्वसनीय रणनीति नहीं बन पाएगी, जिससे पूर्वाग्रह पैदा होंगे। उदाहरण के लिए जिन क्षेत्रों में जनसंख्या बढ़ी है, उनका प्रतिनिधित्व कम होगा और जिन क्षेत्रों में जनसंख्या घटी है, उनका प्रतिनिधित्व अधिक हो सकता है।

न्यू ऑर्लीन्स के टुलेन विश्वविद्यालय में विजिटिंग स्कॉलर तथा भारत के मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक, जनसांख्यिकीविद् के.एस.जेम्स, जो देश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण का संचालन करते हैं, कहते हैं कि भारत एक बहुत अधिक सर्वेक्षण निर्भर देश है। क्योंकि इसकी प्रशासनिक डेटा प्रणाली की गुणवत्ता बहुत खराब है। जनगणना के आंकड़ों पर आधारित इन सर्वेक्षणों की गुणवत्ता यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या देश ने विभिन्न संकेतकों पर प्रगति की है-उदाहरण के लिए, क्या शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल नीतियों ने हाशिए के समुदायों के लिए अंतर को पाटा है या युवा लड़कियों में मृत्यु दर को कम किया है, जो अध्ययनों में युवा लड़कों की तुलना में अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है। साथ ही महामारी के दौरान शहरी प्रवासियों की ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वापसी हुई है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि अभी भारतीय आबादी का कितना हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रह रहा है। पुराने जनगणना आंकड़ों का उपयोग करने का मतलब है कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड़ से अधिक लोग सरकारी खाद्य सब्सिडी से बाहर हैं। शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए भी जनगणना का उपयोग करते हैं कि उनके अपने छोटे सर्वेक्षण और सैंपल साइज बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को राज्य या राष्ट्रीय चुनाव से पहले अनिवार्यतः अपडेट किया जाता है। आईआईटी दिल्ली में सार्वजनिक नीति शोधकर्ता और पीएचडी छात्र कृष्ण चक्रवर्ती का मंतव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना की अनुपस्थिति में यह वास्तव में एक बहुत अच्छा नमूना फ्रेम है, लेकिन यह व्यक्तियों की नहीं, बल्कि घरों की पहचान करने की प्राथमिकता तक सीमित है। चक्रवर्ती उन तकनीकों का भी आकलन कर रहे हैं, जो किसी दिए गए क्षेत्र में इमारतों और अन्य भू-स्थानिक सूचनाओं का मिलान करने और आबादी के आकार और घनत्व को निर्धारित करने के लिए उपग्रह मानचित्रों पर निर्भर हो सकती है, लेकिन अपडेट किए गए जनगणना डेटा के बिना, उन डेटा सेटों की सटीकता की पुष्टि करना मुश्किल है।

## प्रसंगवश

# गठबंधन धर्म की मजबूरी



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

बीते दिना भारत का बजट संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया, जिसे प्रधानमंत्री द्वारा विकास को नई उंचाई देने तथा समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बताया गया है। सत्ता पक्ष ने इस पर हर्ष और विपक्ष ने आक्रोश व्यक्त कर बजट की परंपरा बरकरार रखी है।

मुझे आर्थिक नीतियों की समझ अधिक नहीं है, इस बजट से देश की आर्थिक प्रगति होगी भी या नहीं, मुझे ज्ञात नहीं, मैं देशवासियों पर लगने वाले आयकर की बात करता हूं। पहले 3 लाख तक की आय कर मुक्त थी, अब भी है तथा 10 लाख से ऊपर की आय पर पुराना ही आयकर है। तीन से 10 लाख तक की आय के कर में निम्न बदलाव है। पहले 3-6 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत। अब 3-7 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत, 6-9 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत। 7-10 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत। इसे यदि हम जोड़े तो आयकर दाताओं को इस बजट से मात्र 10 हजार रुपये की वार्षिक बचत होगी। इस एक वर्ष में बढ़ी महंगाई का हिसाब रखें तो आमदनी कहां बढ़ी? इस 10 हजार रुपये के लिए ही आम कर दाताओं को वित्तमंत्री जी को बधाई देने तथा वर्षभर थाली बजानी पड़ेगी। मनमोहन सिंह के शासन में भाजपा 5 लाख तक की आय को कर मुक्त किए जाने का शोर करती थी, उनके जाने के 10 वर्ष बाद भी शून्य आयकर का खूंटा 3 लाख पर ही गड़ा है। सेवानिवृत्त होकर गांव में कृषि कार्य करता हूं। वर्ष 2022 तक किसान की आय दुगुना करने की बात कही गई थी, जो नहीं हुई और आज इस बजट में भी कृषकों की आय बढ़ने के सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।

इंदिरा गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व में बजट पेश किए जाने पर तत्कालीन सांसद तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा संसद में कहे गए एक शेर को दोहरा रहा हूं। "बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो कतरा-ए-खूं भी न निकला।" बजट में भाजपा शासित राज्यों को तो कोई खास लाभ नहीं मिला, लेकिन गठबंधन वाले दल के राज्य आंध्र प्रदेश और बिहार को अच्छा पैकेज देकर प्रसन्न करने का प्रयास किया गया है, जो गठबंधन धर्म की मजबूरी भी है।

# जानवरों का कब्रगाह बना काजीरंगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> पिछले कुछ सालों से जिस तरह से ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं।

एक सींग के गैंडे और रायल बंगाल टाइगर यानी बाघ के सुरक्षित ठिकानों के लिए मशहूर यूनेस्को द्वारा संरक्षित घोषित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लगभग 90 फीसदी हिस्से में इस समय पानी भर गया है। जानवर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गहरे पानी में हरसंभव थककर हताश होने की हद तक तैरते हैं, दौड़ते हैं, दलदली जमीन पर थककर लस्त हो जाते हैं। या तो पानी उन्हें अपने आगोश में ले लेता है या फिर भूख। कुछ बचकर बस्ती की तरफ दौड़ते हैं तो सड़क पर तेज गति वाहनों की चपेट में आ जाते हैं तो हॉग हिरण (पाढ़ा) जैसे पशु शिकारियों के हाथों मारे जाते हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक 10 एक सींग वाले दुर्लभ गैंडों सहित 200 वन्य प्राणियों की मौत हो गई है। इनमें 179 हॉग हिरण, 3 दलदल हिरण, 1 मकाक, 2 ऊदबिलाव, 1 स्कोप्स उल्लू और 2 सांभर हिरण शामिल हैं। दो हॉग हिरणों की मौत राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने की कोशिश करते समय वाहनों की चपेट में आने से हो गई। यह आंकड़े तो उन इलाकों से हैं, जहां पानी नीचे उतरा है।

यहां की जैव विविधता विलक्षण है। 41 फीसदी इलाके में ऊंची घास है, जो हाथी, हिरण के लिए मुफीद आसरा है। 29 फीसदी पेड़, 11 प्रतिशत छोटी झाड़ियां हैं। आठ फीसदी इलाके में नदियां व अन्य जल निधियां व चार प्रतिशत में दलदली जमीन। अर्थात हर तरह के जानवर के लिए उपयुक्त भोजन और परिवेश। इस बार बरसात सामान्य ही है फिर भी विशाल नदी ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी बाढ़ प्रभावित इलाके में बसे कांजीरंगा के जानवरों के लिए काल बनकर आई है। वैसे यहां सन् 2016 में कोई डेढ़ हैक्टर क्षेत्रफल वाले 140 ऐसे ऊंचे टीले बनाए गए थे, जहां वे पानी भरने के हालात में सुरक्षित आसरा पा सकें। ये टीले चार से पांच मीटर ऊंचाई के हैं। पार्क के भीतर स्थापित 183 सुरक्षित ठिकानों में से 70 जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ के कारण विभिन्न वनांचलों में स्थित 233 फॉरेस्ट कैंपों में से 56 कैंप अभी भी बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। बोकाहाट व विश्वनाथ वन मंडल के आगरटोली, कोहोरा, बागोरी, बूरा पहाड़ क्षेत्र में कई-कई फुट गहरा पानी है। यहां सबसे बड़ी समस्या है कि पानी से बचने के लिए जानवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं और वहां तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने वाहनों की गति सीमा की चेतावनी जारी करता है, लेकिन मूसलाधार बारिश में उनको नियंत्रित करना कठिन होता है। वैसे इस संरक्षित पार्क में जानवरों के विचरण के आठ पारंपरिक मार्गों को संरक्षित रखा गया है, लेकिन बाढ़ के पानी ने सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस संरक्षित वन के दूसरे छोर पर कार्बी आंगलांग का पठार है। सदियों से जानवर ब्रह्मपुत्र के कोप से बचने के लिए यहां शरण लेते रहे हैं और इस बार भी जिन्हें रास्ता मिला वे वहीं भाग रहे हैं। असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार व समाज की सालभर की मेहनत को चाट जाता है। जिन जानवरों को बड़े होने, सुरक्षित पर्यावास बनाने में सालों लगते हैं उनका संरक्षण थोड़ी सी बरसात में लाचार नजर आता है। वैसे तो यह नदी सदियों से बह रही है। बाढ़ से निर्मित क्षेत्र ने ही इसे काजीरंगा नेशनल पार्क के लायक मुफीद बनाया है, लेकिन बीते कुछ सालों से इसकी तबाही का विकराल रूप सामने आ रहा है। इसका बड़ा कारण प्राकृतिक जंगल में विकास और प्रबंधन के नाम पर इंसान के प्रयोग भी हैं।

पिछले कुछ सालों से जिस तरह से ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं। बाढ़ का पानी काजीरंगा के जंगलों में ज्यादा दिन ठहरने का ही परिणाम है कि सन 1915 से अभी तक इस जंगल की कोई 150 वर्ग किलोमीटर जमीन कटकर नदी में उदरस्थ हो चुकी है। कभी काजीरंगा का गौरव कहे जाने वाले अरीमोरा फारेस्ट इंस्पेकशन बंगले को तो अभी छह साल पहले ही नदी अपने साथ बहाकर ले गई थी। जंगल की जमीन का सबसे तेज व खतरनाक कटाव आगरटोली रेंज में है। सरकार भले ही इस वन के परिक्षेत्र को बढ़ाने के लिए नए इलाके शामिल कर रही हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां की जमीन साल दर साल कम हो रही है। आज जरूरत है कि नदी तट के लगभग 20 किलोमीटर इलाके में पक्के मजबूज तटबंद या अन्य व्यवसथा लागू कर भूक्षरण को रोका जाए। कई बार जमीन खिसकने से भी जंगली जानवरों को असामयिक काल के गाल में समाना पड़ता है।

## सोशल फोरम

# यात्रा व्रत के नियम



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

उत्तराखंड में कांग्रेस को अपनी प्राण रक्षा के लिए पद यात्रा की सूझी है और उचित ही सूझी है। उसके सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने पद यात्रा के जरिए ही अपनी पार्टी में आंशिक प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस को एक एनजीओ से बदल कर क्रांतिकारी स्वरुप देने वाले राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भी दांडी पद यात्रा के जरिए ब्रिटिश हुकूमत की बुनियाद हिला दी थी।

विश्व में अब तक जितने भी धर्म युद्ध और सत्ता युद्ध जीते गए हैं, सब पद यात्रा के जरिए जीते गए। सिकंदर से लेकर माओत्शे तुंग और शंकराचार्य से लेकर विनोबा भावे तक की पद यात्रा याद कीजिए। यहां तक कि इस परमाणु युग में भी निर्णायक जीत तभी होती है, जब थल सेना की कोई टुकड़ी पैदल जाकर अपना झंडा फहराती है। कोई भी मिसाइल या विमान यह कार्य नहीं कर सकते। कब्जा पैदल चल कर ही लिया जाता है। सत्ता युद्ध में पद यात्रा का आज भी कोई विकल्प नहीं है, लेकिन आज प्रथम दिन के चित्रों के हवाले से मैं पा रहा हूं कि सभी कांग्रेस पद यात्री खाली हाथ चल रहे हैं। मानो मस्ती करने जा रहा कांवड़ियों का दल हो। उनके झोले अथवा पिट्ठू कहां हैं? दांडी यात्रा के चित्र देखिए। उनमें गांधी समेत हर पद यात्री के कंधे पर झोला है, जिसमे उनके दैनंदिन आवश्यकता का सामान है। मेरे दो निश्चित निष्कर्ष हैं। प्रथम कि कांग्रेस पद यात्रियों के साथ उनका सामान लेकर अन्य वाहन चल रहे हैं। अगर ऐसा है, तो यह अनैतिक और चीटिंग है।

दूसरा यह है कि कांग्रेसी सिर्फ एक दो दिन के लिए बारी-बारी पद यात्रा का ड्रामा कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इससे उनकी पोल खुलेगी। यात्रा का फल नहीं मिलेगा। अब स्वयं को झोंक देने का वक्त है। भूल जाइए, जब आप सुबह भरपूर नाश्ता करने के बाद 24 घंटे के आमरन अनशन पर बैठते थे और लंच के समय तक उठ जाते थे। आपको यात्रा में शहर की बजाय गांव में ठहरना है। वहीं भोजन करना है। इसके एवज में जहां रुकते हैं, वहां प्रतिदिन दो घंटा श्रम दान, वृक्षारोपण, पाखना सफाई और बर्तन मांजने का काम करना है। जिस कमरे में रुको, वहां झाड़ू पोछा लगाकर जाना है। तभी फल मिलेगा। अन्यथा यज्ञ विध्वंस हो जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# रियल पर हावी वर्चुअल



अरविन्द त्रिपाठी
लखनऊ

> आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है।

इक्कीसवीं सदी में जी रहे हम सभी आजकल आभासी तकनीक से सिक्त "हवा" में जी रहे हैं। ये हवा, जो पक्षियों के उड़ने और सभी जीवों के सांस लेने के लिए आरक्षित थी। आज उसमें विद्यमान संचार तंत्र की तरंगों के परिणामतः "कड़वी हवा" में परिवर्तित होती जा रही है। इन तरंगों का घातक असर पक्षियों के जीनोम और मानव के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

आज के मनुष्य के हवा में चलने, सोंचने और बढ़ने के नतीजे ये हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की सुविधा से लैस मोबाइल और इंटरनेट सेवा ने व्यक्ति की व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया है। पूरी तरह से आभासी दुनिया के आभामंडल की चकाचौंध से भ्रमित होने के कारण जमीनी वास्तविकताओं से आम आदमी और सरकारों का कोई सरोकार नहीं रहा। आम आदमी महाभारतकाल में दुर्योधन की ही भांति पांडवों के इन्द्रप्रस्थ महल में उत्पन्न मतिभ्रम की स्थिति में है और तकनीक की बागडोर को हाथ में संभाले पांचाली निरंतर उपहास कर रही है। थल को जल और जल को थल मानता आज का मानव वायव्य अदृश्य संचारीय तारों के चंगुल में फंसता जा रहा है। हाल में माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर के डाउन होने के उपरांत हुई असुविधाओं ने मानवीय रियल जीवन की बेचारगी संबंधी इस बात को दावे के साथ सत्यापित भी किया है। रियल पर वर्चुअल की मार के संबंध में ख्यात कवि एवं पत्रकार प्रमोद तिवारी की पंक्तियां आप सबकी नजर-"जिस बात हमें था, उम्र भर गुमान। कुछ और नहीं, बस-हवा का दबाव था।" कभी घर के कोने में रखा काले रंग का चोंगे वाला फोन सामूहिकता का विश्वास दिलाता था।

हम सभी को बहुत से उदाहरण याद होंगे जब एक ही लैंडलाइन फोन पूरे मोहल्ले के लिए संचार का माध्यम हुआ करता था, जिस प्रकार एक टेलीविजन पूरे मोहल्ले के मनोरंजन का साधन था। लैंडलाइन फोन ही नहीं बटन वाले छोटे मोबाइल फोन अब गुजरे जमाने की चीज बन चुके हैं। रंगीन स्क्रीन के इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाइल फोन आज प्रतिष्ठा के परिचायक नहीं रहे, बल्कि आज की तेज भागमभाग भरी जिंदगी में अनिवार्य उपकरण बन गए हैं। आज सबकी जेब में औसतन एक मोबाइल फोन निजता और व्यक्तिगत सोंच को बढ़ावा देता है। हजारों नाम और सैकड़ों फोन नंबर याद रखने की क्षमता वाले लोग भी केवल फोन मेमोरी में सेव किए गए नाम और नंबरों पर आश्रित होते चले गए। हमारी याददाश्त में इन नामों और नंबरों के लिए कोई आलमारी नहीं रही। यह सहूलियत नहीं हमारी इस तकनीकी व्यवस्था पर बढ़ती आश्रितता है। मोबाइल के बाद कम्प्यूटर ने हमें अपना आदी बना दिया है। कोरोना ने विद्यालयी शिक्षा के लिए मोबाइल, लैपटॉप और टेबलेट को घर-घर पहुंचा दिया है। इन तकनीकी साधनों के साथ ही पहुंचने वाले अनचाहे गेम, वयस्क वेबसाइटों पर पसरा नीला प्रतिबंधित मैटेरियल, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्क फिल्मों और वेब सीरीजों ने बच्चों और किशोरों की सौम्यता और भारतीय परिवारों की संस्कार शिक्षा को क्षत-विक्षत कर दिया है।

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है। परंतु अपने जीवन संघर्ष में व्यस्त अभिभावक यह नहीं ध्यान दे पा रहे हैं कि दूषित भाषा और अश्लील दृश्य के माध्यम से परोसा गया अनचाहा मैटेरियल बाल-सुलभ मनोमस्तिष्क में क्रूर, हिंसक और कामुक मनोवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। बच्चों को संस्कार शिक्षा प्रदान करने के स्थान पर बच्चों की वीडियो गेम के लिए मोबाइल की जिद को पूरा करना अभिभावकों की बाध्यता "परिवार" संस्था को अपूर्व क्षति पहुंचा रही है। बच्चों में किशोरावस्था तक आते-आते पढ़ने-याद रखने की प्रवृत्ति, बिना वजह गुस्सा और छोटी असफलता पर भी आत्मघाती रवैया अपनाने, बड़े-छोटे का मान रखने जैसी नैतिकता का लोप हो रहा है।

आज देश की बहुत बड़ी जनता विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर रील और स्टोरी बनाने में व्यस्त है। आम व्यक्ति की ढेरों सूचनाएं आसानी से उपलब्ध हो जा रही हैं। आने वाले समय में विदेशी ध्वंसक शक्तियों के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित ऐप हमारे परिवारों की निजता पर बड़ा हमला कर सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ठगी की घटनाएं अब आम होने लगी हैं। साइबर क्राइम रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। एक ऐसा स्वदेशी और त्रुटिरहित आपरेटिंग सिस्टम, जिसका नियंत्रण और संतुलन पूरी तरह अभेद्य हो, अत्यंत आवश्यक है ताकि उपरोक्त समस्याओं से बचा जा सके। अन्यथा उधार के सिस्टम का यही हश्र होगा कि जहाज भी हवा में उड़ता रहेगा और जमीन में बैठे परिजन व हवा में उड़ते यात्रियों के साथ ही, सरकार की भी हवाइयां उड़ती ही रहेंगी।

# पासपोर्ट की रैंकिंग में फिसलता भारत



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

बजट आते ही पक्ष और विपक्ष के आरोप और प्रत्यारोप जारी हैं। देश के अखबार वित्तमंत्री की सराहना कर रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर, आयात शुल्क कम होने से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट, संसेक्स की गिरावट, और बजट से नाराज कर्मचारियों और किसानों, व्यापारियों और युवाओं की प्रतिक्रियाएं भी स्थानीय अखबारों में स्थान पा रही हैं।

बजट की खूबियों और कमियों की चर्चा के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बड़ी खबर निकल कर आ रही है। हालांकि इसे हाशिए की खबर ही बनाया गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की 2024 की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर चला गया है, जो पिछले वर्ष 80 वे स्थान पर था। यह नई रैंकिंग में 2 अंकों की गिरावट दर्शाता है। यह रैंकिंग भारत को 58 देशों की फ्री इंट्री की अनुमति देगी। सिंगापुर ने 2024 की रैंकिंग में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में अपना खिताब फिर से हासिल कर लिया है, जो अपने नागरिकों को प्रभावशाली 195 देशों में बीजा मुक्त या आगमन पर बीजा की सुविधा प्रदान करता है। इनके बाद फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और जापान है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

## एक नजर

### विपिन व ब्रजेश बनाये गये मुख्यमंत्री के विशेष सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने गुरुवार को दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। दो अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव पद पर तैनाती दी गई है। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के एसीईओ विपिन कुमार जैन व अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल ब्रजेश कुमार शामिल हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रहे प्रथमेश कुमार को हाल ही में लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिसके चलते मुख्यमंत्री कार्यालय के कई कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी, तैनाती के बाद कार्य सुगमता से होंगे।

# एडीजी ने पकड़ी पुलिस कर्मियों की वसूली, एसपी हटाए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिहार सीमा पर खुले आम पार करा रहे थे ट्रक
- एसएचओ, चौकी इंचार्ज सहित 23 पर एफआईआर
- पूरी चौकी के पुलिसकर्मी निलंबित

**अमृत विचार:** डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर बुधवार की देर रात एडीजी पियूष मोर्डिया एवं डीआईजी वैभव कृष्ण ने सिविल ड्रेस छापा मारा और बलिया-बिहार सीमा पर ट्रकों को पास कराने के नाम पर खुल कर हो रही वसूली को देखा। इसको लेकर नरही थाने के थानेदार, चौकी इंचार्ज सहित 23 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया। तो वहीं बलिया के एसपी देवरजंन वर्मा और एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी को हटा दिया गया है। कई पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

**बनी थी पांच टीमें:** एडीजी वाराणसी जोन पियूष मोर्डिया, डीआईजी वैभव कृष्ण की संयुक्त टीमें रात्रि के 1.30 बजे पर वाराणसी एवं आजमगढ़ से कुल 05 टीमें भरौली तिराहे पर पहुंची एवं क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रकों के संबंध में पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रकों से की जा रही वसूली को सत्य पाया। भरौली तिराहे में इस संगठित गिरोह की तत्काल गिरफ्तारियां की जाने लगी। इसके अलावा रविशंकर यादव, विवेक शर्मा, जितेश चौधरी, वीरेंद्र राय, सोनू सिंह, अजय कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, अरविंद यादव, उमाशंकर चौधरी, जवाहिर यादव, धर्मेंद्र यादव, विकास राय, हरेंद्र यादव, सलाम अंसारी, आनंद कुमार ठाकुर, दिलीप कुमार यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### 1000 ट्रकों से वसूली पांच-पांच सौ रुपये

बक्सर से आने वाले ट्रकों से पूर्व नियोजित बातचीत करके ट्रकों के गुजरने का समय, ट्रक नंबर एवं बलिया में इन ट्रकों से प्रवेश करते ही प्रत्येक ट्रक से 500 रुपये वसूले जाते थे। डीआईजी के मुताबिक लगभग 1000 ट्रक बक्सर से बलिया में प्रवेश करते थे। इस तरह प्रत्येक रात्रि पांच लाख रुपए का धनोपार्जन किया जाता था, जिसे स्थानीय दलालों में बांटा जाता था।

### पुलिस कर्मियों सहित 16 बिचौलिए भी हुए गिरफ्तार

थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल, चौकी प्रभारी कोरंटाडीह, उनि. राजेश कुमार, प्रभाकर, मुख्य आरक्षी हरदयाल सिंह, विष्णु यादव, आरक्षी सतीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह एवं 16 दलालों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 थाना नरही में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। डीआईजी आजमगढ़ ने प्रकरण की विवेचना एसीपी को दी है। मुकदमा डीआईजी के पीआरओ सुशील कुमार यादव की ओर से लिखा गया है। मुकदमे में दो पुलिस कर्मी हरिदयाल, सतीश गुप्ता सहित 16 दलाल गिरफ्तार किए गए हैं। थानाध्यक्ष पन्नेलाल एवं चौकी प्रभारी राजेश कुमार प्रभाकर को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा कोरंटाडीह पुलिस चौकी के चंद्रजीत यादव, औरंगजेब खान, परविंद यादव, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज यादव, ज्ञानचंद्र व धर्मवीर पटेल को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद, विष्णु यादव, हरदयाल सिंह, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह उदयवीर व प्रशांत सिंह व चालक ओमप्रकाश को भी निलंबित कर दिया है।

# मिला बजट तो बहुरेंगे छात्रावासों के दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निदेशालय ने इसके लिए दो सौ करोड़ का मांगा है बजट

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रावास और आठ कोचिंग सेंटरों के दिन जल्द बहुर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने इनके जीर्णोद्धार के लिए शासन से दो करोड़ का बजट मांगा हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 230 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 20 हजार से छात्र-छात्राएं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी कर रहे हैं। छात्रावासों का फर्नीचर लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना हो चुका है। छात्रावासों का उच्चीकरण करने के साथ ही इनमें फर्नीचर भी बदले जाने की योजना है। वहीं वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अलीगढ़, आगरा, हापुड़ और लखनऊ (2) में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प की भी जरूरत है। यहां भी फर्नीचर बदलने के साथ ही अन्य काम होने हैं। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावासों और कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प के लिए दो सौ करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।

# प्रमाण के साथ करें शिकायत अफसरों पर होगी कार्रवाई

## मेरठ व प्रयागराज के सांसदों-विधायकों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सांसदों व विधायकों को मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिकायत न सुने जाने पर जनप्रतिनिधि प्रमाण के साथ शिकायत करें, ऐसे अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे मेरठ व प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों को मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के नतीजों वोट प्रतिशत समेत कई बिन्दुओं पर जानकारी ली। पार्टी के वोट प्रतिशत में कमी आने के कारणों के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद-विधायक कार्यकर्ताओं से बेहतर तालमेल बनाए रखें, ताकि पार्टी और मजबूत हो सके। जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा रहें। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने वाले प्रत्याशी लोकसभा चुनाव हारे हैं। मुलाकात के दौरान कई विधायकों ने अधिकारियों की मनमानी व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। विधायकों की अधिकारी सुनते नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मेरठ के सांसद अरुण गोविल, राज्यमंत्री केपी मलिक, दिनेश खटीक व सोमेंद्र तोमर, विधायक विजयपाल आढ़ती, एमएलसी अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में उत्तम मिलीं स्वास्थ्य इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय टीम को झांसी जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में पूरे मिले मानक
- एनक्वास प्रमाणित 10 फीसदी स्वास्थ्य इकाइयों का हर वर्ष किया जाता है औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की जांच करने के लिए केन्द्रीय टीम ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र प्राप्त झांसी जिला अस्पताल का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया जहां पर टीम को सेवाएं उत्तम मिली।

एनक्वास प्राप्त हर प्रदेश की 10 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों का केंद्र सरकार हर साल मानकों की पुष्टि के लिए औचक निरीक्षण करती है। जिसमें देखा जाता है कि मरीजों का मानकों के अनुरूप इलाज हो रहा है या नहीं। इसके लिए स्वास्थ्य इकाई को 72 घंटे पहले ही निरीक्षण की सूचना दी जाती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के महाप्रबंधक डॉ.निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाई में जो मानक होने चाहिए वह सब झांसी जिला अस्पताल में थे। एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने बताया कि प्रदेश में अब तक 281 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिल चुका है। एनक्वास प्रमाणित होने से प्रदेश के मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।

### पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्वास

महाप्रबंधक डॉ. जायसवाल ने बताया कि बीते दिनों पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है। इसमें लखनऊ का छितवापुर, संत रविदास नगर का पिपरगऊ और वाराणसी के कोरौताई , थाथारा वअमीनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। इनको मिलाकर राज्य में अब तक 281 स्वास्थ्य इकाइयां एनक्वास प्रमाणित हो गई हैं।

# प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर की वेतन वृद्धि रुकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- उप मुख्यमंत्री ने लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश
- गलत मेडिकोलीगल किए जाने को लेकर ईएमओ को दिया आरोप पत्र

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को दिए गए निर्देशों में, प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की वेतनवृद्धि रोकी गई, गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट देने वालों को आरोप पत्र सौंपने के निर्देशदिए।

उप मुख्यमंत्री द्वारा गुरुवार को चिकित्सकों पर लगे आरोपों की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों में, सोनभद्र के जिला संयुक्त चिकित्सालय में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाली डॉ. माधुरी सिंह की वेतनवृद्धि रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है। वहीं, गोरखपुर के सीएचसी, पिपरौली में तैनात डॉ. नीतू कुमारी,सीएचसी कौड़िया के डॉ. मनीष कुमार चौरसिया द्वारा रोगियों से अभद्र व्यवहार करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने एवं नौकरी में लापरवाही बरतने के आरोप में विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा फर्रुखाबाद में डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में गलत तरीके से मेडिकोलीगल किए जाने का मामले में आपातकालीन चिकित्साधिकारी (ईएमओ) डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी को तत्काल आरोप पत्र दिए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

# बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन के पत्र पर शुरू हुआ विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नई बिजली दरों पर पावर कारपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखे जाने पर गुरुवार को विवाद शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पर सख्त आपत्ति करते हुए कार्रवाई की मांग की।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने अनुसार कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से आयोग को पत्र लिखा गया है, जिसमें नई बिजली दरें शीघ्र घोषित किये जाने की मांग की गई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयोग बिजली दरें निर्धारण प्रक्रिया में है। इसको लेकर आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक होनी है, इसके बाद आयोग दरें निर्धारित करेगा। उन्होंने कहा कि वार्षिक राजस्व आवश्यकता संबंधी याचिका स्वीकार करने के 120 दिन के अंदर जनता व हित धारकों से प्राप्त सुझाव व आपत्तियों को विचार करने के बाद आयोग टैरिफ आदेश जारी करेगा।

### पुरानी व्यवस्था अपनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमबीबीएस में प्रवेश के लिए संपन्न आल इंडिया नीट-यूजी मेडिकल परीक्षा की सुचिता को लेकर उपजे विवाद को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने परीक्षार्थियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पुराने तरीके से मेडिकल की परीक्षाएं कराने की मांग की है।

# नए अस्पताल शुरू करने के लिए 258 पद सृजित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर नवनिर्मित चिकित्सालयों को मिली वित्तीय स्वीकृति

**अमृत विचार।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर नए अस्पतालों के साथ ही मौजूदा सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। नवनिर्मित चिकित्सालयों में 258 नए पदों पर भर्ती और नए उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय, विजय नगर (डूडूहेडा), गोरखपुर के बांसगांव में और सिद्धार्थनगर के बांसी में नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय को क्रियाशील किए जाने हेतु हर अस्पताल में 58 पदों के हिसाब से कुल 174 पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा राजधानी में गोसाईंगंज एवं काकोरी की नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग की स्थापना के लिए प्रति अस्पताल 42 पदों के हिसाब से कुल 84 पद सृजित किए जाने का अनुमोदन किया गया है।

वहीं, आधुनिक उपकरण व संयत्र स्थापित करने के लिए राजधानी स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान को 150 करोड़, देवरिया मेडिकल कॉलेज 1.99 करोड़ रुपये एवं प्रतापगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज को दो करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# अधिकारियों को दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों को गुरुवार को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं के सवालों के जवाब दिए और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में प्रशिक्षुओं को नगर विकास की विभिन्न योजनाओं व उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव ने उन्हें स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह योजनाएं शहरी क्षेत्रों में विकास को गति दे रही हैं और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं।

# अनुसूचित जाति के छात्र से अभद्रता पर एससी-एसटी आयोग नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयोग के अध्यक्ष असीम अरुण ने कहा, आरोपी पर होगी सख्त कार्रवाई
- पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से वार्ता कर मामले की जानकारी ली, दिए निर्देश

**अमृत विचार:** गाजियाबाद के ज्ञानस्थली विद्यापीठ के प्रबंधक द्वारा छात्र से जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के मामले को अनुसूचित जाति/जनजानति आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से बात कर प्रकरण की जानकारी ली और एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में भेदभाव पूर्ण बर्ताव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

कॉलेज के चेयरमैन हरिओम शर्मा पर आरोप लगा है कि उन्होंने बीएड कर रहे अनुसूचित जाति के छात्र से फीस के लिए अभद्रता की। इसका एक ऑडियो वॉयरल हुआ है। पुलिस ने मामले में प्रबंधक हरिओम शर्मा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

> छात्र की हर संभव मदद भी की जाएगी। सरकार हर युवा को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। ऐसे में किसी शिक्षण संस्थान द्वारा इस तरह की हरकत करना निंदनीय है। इसकी जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -असीम अरुण, अध्यक्ष, एससी/एसटी आयोग एवं समाज कल्याण मंत्री

## वर्ग पहेली-142

**बाएं से दाएं**

2. 1. अलक्ष्य, जो दिखायी न पड़े, अदृश्य 2. अगोचर, इंद्रियातीत।
3. 1. ऐसी शर्त जिससे किसी काम में बाधा या अड़चन पैदा हो, अड़ंगा, प्रतिबंध, रोक 2. झंझट, झगड़ा, विवाद फ़साद 3. दोष, ऐब।
4. एक प्रसिद्ध नीला खनिज पदार्थ जिसका महीन चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाते हैं, काजल, अंजन।
5. 1. सूर्य 2. बारह आदित्यों में से एक 3. एक वैदिक देवता।
8. 1. घर-गृहस्थी का सामान 2. उड़द की दाल 3. मूंग।
9. 1. पहुंच 2. बुद्धि आदि से कहीं तक पहुंच सकने की शक्ति।
10. जिसमें कोई गुण न हो, गुणरहित, गुणहीन।

**ऊपर से नीचे**

1. दबाना, चापना।
2. ईश्वर, भगवान।
4. 1. अतिशय सुंदरता, परम शोभा 2. प्राकृतिक सौंदर्य 3. नैसर्गिक शोभा या सुंदरता 4. एक प्रकार का वर्णवृत्त 5. (पुराण) कालचक्र का एक आरा।
6. पशुओं के अगले या पिछले पैर बांधने की रस्सी जिससे वे दौड़ नहीं पाते।
7. राजा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | | |
| 3 | | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| 7 | ■ | 8 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 9 | | |
| ■ | 10 | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली-141 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डि | 2 ज़ा | इ | 3 न | दा | 4 र |
| ■ | त | ■ | ग | ■ | शी |
| 5 वी | ■ | 6 ना | री | वा | द |
| 7 र | ई | ■ | क | ■ | ■ |
| सू | ■ | 8 ग | र | री | ■ |
| ■ | 9 पा | र | ण | ■ | 10 दि |
| ■ | ■ | चे | ■ | 11 ख़ | त |

## सुडोकू-55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | | |
| 2 | | 1 | | 4 | | | 7 | |
| 3 | 7 | | 6 | | | 8 | | |
| | | 7 | 4 | | 8 | | 2 | |
| 8 | | 6 | | | | 1 | | 4 |
| | 3 | | 5 | | 9 | 6 | | |
| | | 8 | | | 7 | | 1 | 3 |
| | 4 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | | | 8 | | | | | 5 |

### सुडोकू-54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 14.30 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज माता की सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। आपको स्वार्थी होने से बचना चाहिए। विधिक मामले लंबित हो सकते हैं। कुछ लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**वृष:** आज व्यापार के नए अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुकून भरा होगा। संतान की प्रगति से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में बदलाव का विचार बना सकते हैं। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित रहेगा।

**मिथुन:** आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। अपने स्वभाव में विनम्रता का भाव हमेशा रखें। नजदीकी मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में नई गतिविधियों को शुरू करने के लिए उपयुक्त समय है।

**कर्क:** आज आपकी वाक्शैली के लोग कायल रहेंगे। उच्च शिक्षा के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के भी संकेत बन रहे हैं।

**सिंह:** आज जीवनसाथी की सलाह से आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रतिद्वंदियों पर आप भारी पड़ेंगे। अपनी योग्यता को लेकर अहंकार का भाव न रखें। आप अपने निजी जीवन में दूसरे व्यक्तियों के हस्तक्षेप से नाराज हो सकते हैं।

**कन्या:** आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। गूढ़ विद्याओं के प्रति आप रुचि लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ने की संभावना बन रही है। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सकते हैं।

**तुला:** आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। आपको किसी यात्रा में जाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। आय के नए मार्ग खुल सकते हैं। पहले की हुई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक:** आज उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति की चर्चा कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में कमी लाने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। किसी सामाजिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

**धनु:** आज छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। व्यवसाय में नया लक्ष्य निर्धारित करने के योग बन रहे हैं। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। बेरोजगार लोगों को अपने भविष्य की चिंता रहेगी। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर:** आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आकस्मिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी के बजाय गंभीरता से सोच-समझकर ही निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। परिवार के लोगों के कारण थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सहकर्मी पीठ पीछे आपकी चुगली कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव से बचने के लिए आपसी संवाद अच्छा रखें।

**मीन:** आज आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होने के कारण आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कारोबार में उत्तम लाभ के योग बन रहे हैं। नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मि. नटवरलाल — सुबह : 10.02
कोहराम — रात : 07.00

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10.46
इंडियन लॉकडाउन — रात : 08.00

**Sony Pix**
द वॉटर हॉर्स — सुबह : 11.45
300 — शाम : 07.12

**Zee Cinema**
गदर — दोपहर : 12.52
स्पाइर — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
गोपीचंद चाणक्य — सुबह : 10.09
डेंजरस खिलाड़ी 3 — शाम : 05.27

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वकील- माई लार्ड, कानून की किताब के पेज नंबर 15 के अनुसार मेरे मुवक्किल को बा-इज्जत बरी किया जाए।
जज- किताब पेश की जाए।
किताब जज के सामने पेश की गई।
जज ने पेज नंबर 15 खोला, उसमें 2000 के पांच नोट थे।
जज ने मुस्कुरा कर कहा- इस तरह के 2 सबूत और पेश किए जाएं।

सब्जी वाला – भैया, मैडम जी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ी हैं क्या?
पति- आश्चर्यचकित होते हुए – हां लेकिन तुम्हें कैसे पता?
सब्जी वाला- क्योंकि मैडम टमाटर नीचे और कद्दू उसके ऊपर रख रही हैं।

# रास्ते पर हो रहे अवैध निर्माण से आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

## तीन दिन में नक्शा निरस्तीकरण नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी

संवाददाता, मौदहा हमीरपुर

- नगर पालिका कर्मचारियों पर भी लगाए गंभीर आरोप
- पालिका ने विवाद को राजस्व विभाग के पाले में डाला

**अमृत विचार।** ब्लॉक के पीछे सड़क पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर मोहल्ले के लोगों ने नारेबाजी कर नगर पालिका के बाहर जाम लगा दिया। साथ ही तीन दिन में नक्शा निरस्तीकरण नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। वहीं नगर पालिका ने इस विवाद को राजस्व विभाग के पाले में डाल दिया है।

गुरुवार सुबह ब्लाक वार्ड के सैकड़ों लोग तख्तियां लेकर नगर पालिका गेट पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए मुख्य सड़क जाम कर दी। लोगों का कहना था कि मांचा निवासी मूलचंद आदि ने पांच फीट की कच्ची और दस फीट की पक्की रास्ता को कूटरचित तरीक़े से अपने प्लाट में मिलाकर संकरी कर दी है। आरोप लगाया कि जब पालिका में भवन निर्माण के लिए मानचित्र बनाने का आवेदन करने पर उन लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई थी लेकिन कर्मचारियों की मिलीभगत से नक्शा पास कर दिया गया था। सड़क जाम के मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद और कोतवाली पुलिस के अथक प्रयास से लोगों ने ज्ञापन देकर तीन दिन में नक्शा निरस्तीकरण नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए जाम खोल दिया। इस दौरान रामकुमार सोनी, ओम सोनी, वारिस खां,लाला शर्मा, राजकुमार सोनी, मुन्नी देवी, राजू सविता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग को लिखा है। लेखपाल, कानून गो जांच के बाद जो रिपोर्ट भेजेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



प्रदर्शन करते मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

# पुलिया जाम होने से नहीं निकल रहा बारिश का पानी

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** जल निकासी के लिए बनी पुलिया जाम होने से बारिश व गांव का गंदा पानी ग्रामीणों के घरों के दरवाजे पर एकत्र हो रहा है। इससे संक्रामक बीमारियां पैदा होने का खतरा मंडराने लगा है।

पलरा के पूर्व प्रधान इन्द्रपाल यादव, राजा यादव, नत्थू, हैदर अली आदि ने बताया कि बांक बिदोखर मार्ग के ठीक बगल में जल निकासी के लिए बनी पुलिया गंदगी से जाम है। इससे बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है और बांक बिदोखर मार्ग किनारे घरों के सामने एकत्र हो रहा है। गांव का गंदा पानी एकत्र होने से बदबू के चलते जीना दुश्वार है। पुलिया की सफाई के लिए ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की गई लेकिन नतीजा सिफर रहा। गंदा पानी घरों के सामने एकत्र होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्राम प्रधान रामखिलावन ने बताया कि पुलिया की सफाई कराकर जल निकासी का प्रबंध किया जाएगा।



मकानों के सामने भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



स्थापना दिवस पर मौजूद होम्योपैथी चिकित्सक। अमृत विचार

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी से चिकित्सा की ली शपथ

**हमीरपुर।** शहर के पटकाना स्थित धर्मार्थ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का 47वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया जिसमें समस्त इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सर्व प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी के चित्र पर पर जिला प्रभारी ईएच डॉ गणेश सिंह, विनोद शुक्ला ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ किया। इस मौके पर बुंदेलखंड प्रभारी डॉ नरेंद्र भूषण निगम ने सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को शपथ दिलाई कि हम सब इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से ही चिकित्सा करेंगे। जिला नोडल प्रभारी पंजीयन ईएच डॉ मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक अपने प्रपत्र पूर्ण करने के पश्चात ही चिकित्सा कार्य करें। क्लीनिक में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक का बोर्ड लगाना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ स्वाती खरे, डॉ प्रभा सचान, डॉ शशि सचान, डॉ कंचन गुप्ता, डॉ सुनीता सागर, डॉ विपाशा, डॉ रंजना, डॉ मेहर मधुर निगम, डॉ प्रमोद प्रजापति, डॉ पुन्ना लाल साहू, डॉ नईम कुरैशी, डॉ तुलसीराम गुप्ता, डॉ देवानंद सागर, डॉ सफी बख्श, डॉ दिनेश कुमार निषाद, डॉ अरशद अंसारी उपस्थित रहे।

### बारिश के दौरान घर लौट रहा चरवाहा गश खाकर गिरा, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** बारिश के दौरान खेत में बकरियां चराकर वापस घर लौट रहे एक वृद्ध चरवाहा चक्कर खाकर गिर गया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे। तब तक चरवाहे की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने संभावना जताई किसी जहरीले कीड़े के काटने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी गंगादीन अनुरागी 65 पुत्र सुंदर लाल बकरियां चराकर अपना भरण पोषण करता है। बुधवार की सुबह गंगादीन आधा दर्जन बकरियां लेकर खेतों में चराने गया था। दोपहर करीब चार बजे के आसपास अचानक बारिश होने लगी। बारिश को देख गंगादीन बकरियों को लेकर वापस अपने घर आने लगा। अचानक रास्ते में चक्कर आने से वह गिर गया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के तीन पुत्र विनोद, सत्यम और शिवम हैं। पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि वृद्ध की मौत कैसे हुई।



गंगादीन।

### नदी में उतराता मिला किसान का शव, मचा हड़कंप

**राठ।** मझगवां थाना अंतर्गत लिधौरा गांव में स्थित धसान नदी में दो दिनों से लापता किसान का शव उतराता मिला। लिधौरा गांव का निवासी 61 वर्षीय गोरेलाल पुत्र भगजू बीते 23 जुलाई को अपनी भैंस लेकर खेतों में चराने निकला था। जिसके बाद जब वह देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन गोरेलाल का कहीं पर भी पता नहीं चल सका। गुरुवार को ग्रामीणों को गांव के बाहर धसान नदी में गोरेलाल का शव उतराता मिला। परिजनों ने बताया कि मृतक गोरेलाल के पास दो एकड़ कृषि भूमि थी जिसमें वह खेती किसानी के अलावा पशुपालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अपने पीछे पत्नी सुकन के अलावा दो पुत्रों कलूटा और दसईं सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### दो चोरों को गिरफ्तार कर पांच बाइकें बरामद कीं

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के त्रिसरा देव मंदिर के समीप झाड़ियों में छिपे दो बाइक चोरों को पुलिस ने पांच चोरी की बाइकों सहित पकड़ा है। एक आरोपी पर एक दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में कानपुर नगर में मुकदमा दर्ज है। मुखबिर सूचना पर उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने पुलिस बल के साथ दबिश देकर त्रिसरा देव मंदिर के पीछे से थाना सेन पश्चिम पारा कमिश्नर रेट कानपुर नगर के कठोगर गांव निवासी नीरज सिंह पुत्र शिवविजय व थाना कुरारा के बचरौली गांव निवासी विजय कुमार पुत्र रामनारायण के कब्जे से पांच बाइक चोरी की गईं दो अपाचे, एक स्पेलेंडर प्लस,एक टीवी एस स्पोर्ट, एक हीरो पैशन प्रो तथा दो अदद चोरी के मोबाइल तथा नकद पंद्रह सौ रुपये बरामद कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक साल बाद भी दरोगा ने कोर्ट में दाखिल नहीं की चार्जशीट

**राठ (हमीरपुर)।** वाहन दुर्घटना में हुई युवक की मौत को लेकर मृतक के परिजन पिछले एक साल से न्याय के लिए भटक रहे हैं। पुलिस ने एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी चार्जशीट अब तक कोर्ट में दाखिल नहीं की है। पीड़ित ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी रविंद्र कुमार पुत्र कल्याण सिंह ने बताया कि बीते 21 मई 2023 को एक वाहन दुर्घटना में उसके भतीजे पंकज की मौत हो गई थी। उसने थाने में वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की विवेचना एसआई रविंद्र सिंह को सौंपी गई थी। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने में कई बार पहुंच कर चार्ज सीट कोर्ट में दाखिल करने की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। बताया कि घटना के एक साल से अधिक समय होने के बाद भी अब तक एसआई रविंद्र सिंह ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल नहीं की। जिससे पीड़ित परेशान है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक समेत उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष भरत कुमार का कहना था कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। वहीं सीओ सरीला का कहना था कि वह इस मामले की जांच करायेंगे कि चार्जशीट कोर्ट में दाखिल क्यों नहीं हुई है।

### जेठ-जेठानी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के लल्ली का डेरा गांव निवासी रचना पत्नी राजू ने दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की शाम 5 बजे वह अपने घर के बाहर पानी भर रही थी। तभी जेठ रामकेश और उसकी पत्नी मुझे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात घूसों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आए पति को भी मारापीटा, जिससे गंभीर चोट आई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जेठ जेठानी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी से छेड़खानी में दोषी को सात वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** किशोरी से छेड़खानी करने के आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को सात वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जरिया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने चार मार्च 2016 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि थानाक्षेत्र के चंडौत निवासी दोषी रामप्रकाश लोधी ने उसकी नाबालिग बेटी को बुरी नीयत से पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा। उसके विरोध करने व शोर मचाने पर उसके साथ मारपीट कर जानमाल की धमकी देता भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने गुरुवार को दोषी रामप्रकाश को सजा सुनाई है।

## एक नजर

### बंटवारे के विवाद में कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** सुरौली बुजुर्ग में खेत के बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने पिता एवं पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी मारकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली बुजुर्ग निवासी कल्लू ने बताया कि बड़ा भाई रामबरन खेत का बंटवारा नहीं कर रहा है। बुधवार को जब उसने बंटवारे के लिए कहा तो वह गाली गलौज करने लगा। उसका पक्ष पिता सुखदेव तथा रामबरन की पत्नी रामा ने भी दिया और कहने लगे कोई बंटवारा नहीं होगा। इसी बीच रामबरन ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से वारकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पिता-पुत्रों ने अकारण गाली गलौज कर पीटा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में दुकान के बाहर खड़े युवक को पिता पुत्रों ने अकारण गाली गलौज करके जमकर पीटा। बचाने दौड़ी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। बिरखेरा निवासी सविता ने बताया कि उसका पति शीतल प्रसाद दोपहर में दुकान के बाहर खड़ा था तभी गांव निवासी भोला प्रजापति उसके पुत्र गप्पू, राममिलन, रामनरेश के साथ आया और गाली गलौज करके मारपीट करने लगे। शोर शराबा सुनकर वह बचाने के लिए दौड़ी तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### महाविद्यालय से चोरी हुआ कंप्यूटर व सामान

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा के समीप संचालित एक्सीलेंट महाविद्यालय से चोरों ने टीवी, कंप्यूटर, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरे चोरी कर लिए। प्रबंधक के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। कानपुर शहर के थाना रेल बाजार के मोहल्ला फूलगंज निवासी वाजिद हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बेटी का एक महाविद्यालय इंगोहटा गांव के समीप नेशनल हाईवे 34 के किनारे एक्सीलेंट महाविद्यालय के नाम से संचालित है। गत 19 जुलाई की रात चोर कमरे का ताला तोड़कर टीवी, डीवीआर, फ्रिज, कंप्यूटर, सीपीओ, प्रिंटर तीन अदद, सीसीटीवी कैमरे पांच अदद चोरी कर ले गए हैं। चौकीदार हंसराज ने 20 जुलाई को सुबह दी थी। सूचना पाकर वह महाविद्यालय आए और चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर लिया।

## नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र में गुरुवार को ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली गिरने से फुंक गया था। पांच दिन बाद उक्त ट्रांसफार्मर इलाहाबाद से सुपरवाइजर वीरेंद्र यादव लेकर आए थे। बारिश होने से एक दिन रखा रहा। पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद के प्रयासों से गिट्टी, रोड़ा, बालू आदि डालकर रास्ता बनाया गया। तब कहीं ट्रांसफार्मर स्थापित हो सका। बुधवार को सही ढंग से चार्ज न होने से यह संचालित नहीं हो सका। गुरुवार को विधिवत 6:45 बजे इसे संचालित किया गया। विद्युत विभाग के जेई राजीव प्रसाद ने बताया कि नगर में बिजली आपूर्ति बरकरार रखने के लिए कई तरीके से प्रयास किए गए थे। इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का संकट बना रहा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों व ग्राम समाज की भूमि में अतिक्रमण की जिला स्तरीय जांच करवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपा है।

सुमेरपुर विकासखंड के नदेहरा गांव निवासी मुकेश सिंह, पवन सिंह, धीरेन्द्र, मुबारक, अनवर, रिजवान, रामशंकर, रतिराम, अशोक, सुनीता, संजय, राजेश, राज बहादुर, संदीप, कल्लू सहित दो दर्जन ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत नदेहरा में वित्तीय वर्ष 2020 से 2024 तक राज्य वित्त, 15 वां वित्त, मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों वाटर कूलर की स्थापना, गौशाला, विद्यालयों में शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय की मरम्मत, ग्राम सचिवालय में मरम्मत व फर्नीचर, हैंडपंप रिबोर आदि कार्यों में भारी अनियमितता करने का आरोप लगाया है। वहीं ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान उदयभान यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान द्वारा ग्राम समाज की आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर अपना बंगला निर्माण करने सहित ग्राम समाज की अन्य आरक्षित भूमि मरघट, खलिहान, खेल मैदान खाद गड्ढा, तालाब आदि पर अपने लोगों को कब्जा करवाया जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उक्त प्रकरणों की जिला स्तरीय कमेटी बना करवाई जाए।

- ग्रामीण बोले, जिला स्तरीय कमेटी बना कर कार्यों की जांच करवाई जाए



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते नदेहरा के ग्रामीण। अमृत विचार

## बाइकों की भिड़ंत में 6 लोग हुए घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के अकौना मोड़ के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार 6 लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव के निवासी अनिल, उद्धव प्रसाद व चैनू एक ही बाइक पर सवार होकर कस्बा राठ से वापस अपने गांव अकौना जा रहे थे। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के अकौना मोड़ के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में अकौना जा रहे अनिल, उद्धव प्रसाद व चैनू के अलावा दूसरी बाइक पर सवार बिहूनी गांव के निवासी आकाश पुत्र श्रीराम, सोमनाथ पुत्र शिवपाल व शिवम पुत्र मुन्ना सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया।



ब्लाक सभागार में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की जानकारी देते प्रशिक्षक।

# जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की दी जानकारी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- प्रशिक्षण में जल संरक्षण और पेयजल योजना के रखरखाव के बारे में ग्रामीणों को बताया

**अमृत विचार।** ब्लाक सभागार में राज्य पेयजल और स्वच्छता मिशन के सहयोग से बीसीएस प्रालि लखनऊ द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण का शुभारम्भ बीडीओ विपिन कुमार गुप्ता ने किया।

प्रशिक्षक विनय सिंह सेंगर ने जलजीवन मिशन के उद्देश्यों, जल संरक्षण और पेयजल योजना के रख रखाव की जानकारी देकर गांव को पेयजल संकट से दूर करने में सरकार का सहयोगी बनने का आवाह्न किया। यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने प्रतिभागियों को यूनोप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों, पेयजल गुणवत्ता की समय से जांच करने, जलजनित बीमारियों से बचाव, वृक्षारोपण करने, पानी समिति की जिम्मेदारियों, पेयजल श्रोतों को रिचार्ज करने और पेयजल योजना के रख रखाव के बारे में जागरूक किया। बीसीएस संस्था के समन्वयक अंकित मिश्रा ने जलजीवन मिशन का उद्देश्य, ग्राम पंचायत की भूमिका एवं पेयजल स्रोतों का रिचार्ज, पेयजल प्रबंधन आदि विषयों पर चर्चा की।

## टहलने निकले वृद्ध पर सांड़ ने किया हमला, मौत

**राठ हमीरपुर।** नहर बाईपास पर टहलने के लिए निकले वृद्ध को सांड ने हमला बोल दिया। घायल वृद्ध को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर वृद्ध को झांसी ले जाते रास्ते में वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी देवनारायण यादव ने बताया कि उसके पिता 80 वर्षीय प्रभु दयाल पुत्र डरू यादव मंगलवार की शाम करीब पांच बजे वह नहर बाईपास पर टहलने गए थे। लौटते समय अन्ना सांड ने हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां से मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय निधि पुत्री वीरेंद्र सिंह का बुधवार को जन्मदिन था। वह शाम को केक खरीदने जा रही थी। तभी अन्ना सांड ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।



बैठक करते माध्यमिक शिक्षक संघ के लोग। अमृत विचार

# शिक्षकों ने किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लंबित समस्याओं के निदान की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। बाद में संगठन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव की अगुवाई में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि 23 सूत्री मांगों के समर्थन में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। इसके दिए ज्ञापन में कहा कि शिक्षक संघ अपनी मांगो को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित कर चुके हैं। किंतु प्रदेश सरकार की ओर से मांगों के निराकरण के संबंध में कोई संज्ञान अथवा कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि इससे प्रदेश का शिक्षक समुदाय अत्यन्त क्षुब्ध एवं आहत हैं। उन्होंने अपनी 23 सूत्री मांगो के निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने की मुख्यमंत्री से मांग की है। इस मौके पर रणविजय सिंह गौर,आरिफ सिद्दीकी,गजोधर प्रसाद यादव,सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# युवती को प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया था युवक

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- युवक का पिता शादी के लिए मांग रहा 2.5 लाख रुपये
- पिता की शिकायत पर लॉज में युवती को छोड़कर भागा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने सिसोलर थाना क्षेत्र के गऊघाट गांव निवासी सुनील पुत्र मुल्लू के खिलाफ शादी का झांसा देकर ले जाने और शारीरिक शोषण करने की थाना बिवांर में तहरीर दी।

पीड़िता के अनुसार युवक से उसके परिवार की रिश्तेदारी है। वह उसके घर आता-जाता था। जिस पर पिता ने उसी से उसकी शादी भी तय कर दी। आरोपी व उसका पिता और कुछ अन्य लोग उसे हमीरपुर लाए और बीते बुधवार को रात एक लॉज में लेकर रुके लेकिन युवती के पिता द्वारा थाना बिवांर में युवक और उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दिए जाने के बाद वे लोग सुबह उसे बिना बताए लॉज में अकेला छोड़कर भाग गए। इसके बाद उसने अपने घर पर फोन किया जिस पर उसका पिता उसे हमीरपुर से लेकर थाना बिवांर आए। युवती थाना बिवांर में काफी देर हंगामा करती रही। आरोप लगाया कि अब युवक का पिता मुल्लू उसके पिता से ढाई लाख रुपये मांग रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने उसे बुलाकर तहरीर ली और सुबह आने को कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों और ग्राम प्रधान को बुलाकर आपसी समझौता करवा दिया गया है। दोनों पक्ष शादी के लिए राजी हो गए हैं।

दिए निर्देश

## डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाओं का किया निरीक्षण

# प्रशिक्षण केंद्र व ट्रैफिक कंट्रोल रूम का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पुलिस लाइन में किया पौधरोपण संरक्षण के लिए किया प्रेरित
- पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं सुनीं, निराकरण के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रिजर्व पुलिस लाइन्स का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने नवनिर्मित जिला प्रशिक्षण केन्द्र व ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस लाइन में गारद की सलामी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाओं के साथ ही शस्त्रागार व वस्त्रागार का निरीक्षण किया और अभिलेखों का अवलोकन कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशिक्षण केन्द्र एवं ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। डीआईजी ने पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और देखभाल के लिए पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया। बाद में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना व निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर बैठक कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर क्षेत्र में अपराध नियन्त्रण और कानून व्यवस्था पर भी चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डा दीक्षा शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक माया राम वर्मा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



पुलिस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते डीआईजी अजय कुमार सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 322/ न0 पा0 प0– राठ / म्यू0सू0/2024–25/ दिनांक 13/06/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जानकी पत्नी रामपाल | श्रीमती रामकिशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**आज का मौसम**

बूंदाबांदी या तेज बारिश की संभावना। उमस बढ़ेगी।

35.4⁰ अधिकतम तापमान | 27.4⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 31 | सूर्यास्त 06 : 55

# मैनपावर बढ़ाकर सितंबर तक पूरा कराएं बचा हुआ काम : जिलाधिकारी

## जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा बैठक में मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के बचे कामों को मैनपावर बढ़ाकर सितंबर तक पूरा कराएं। डीएम ने सिलौटा, चांदीबागर, रैपुरा में हो रहे कामों की समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता जल निगम ने डीएम को जिले में परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि सिलौटा में 59, चांदीबागर में 286 व रैपुरा में 71 गांव जल जीवन मिशन के अंतर्गत अच्छादित किए जाएंगे। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि समयसीमा में काम पूरा करें। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि माइक्रोप्लान बना कर दें, जिसे वे लोग निरीक्षण करेंगे। डीएम ने निर्देशित किया कि सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को जोन में बांटकर जिम्मेदारी देकर काम कराएं, जिससे प्रगति हो। किसी भी समस्या को बताएं संबंधित उप जिलाधिकारी से इसका निस्तारण कराया जाएगा। कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि शासन की जो गाइडलाइन हो, उसीके अनुसार काम कराएं।

डीएम ने कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिले में पानी की समस्या के मद्देनजर सरकार तेजी से काम करा रही है। काम गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम आशीष कुमार भारती, विद्युत /यांत्रिक जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, सहायक अभियंता महावीर सिंह व कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

### छोटे-छोटे मजरों में भी पहुंचाएं पानी

- डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं के जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुसार नियमित जलापूर्ति कराई जाए। छोटे-छोटे मजरे हैं वहां भी पानी पहुंचाएं। उन्होंने इंटेक वेल, सीडब्ल्यू आर के बारे में जानकारी ली। कहा कि पेयजल का सैंपल भी चेक कराते रहें।

### सड़कों को दुरुस्त कराएं

- डीएम ने गांवों में पाइपलाइन की खुदाई के दौरान खराब हुई सड़कों को भी दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जो सड़कें खुद गई हैं, उनको बनवाएं। किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

## जहर खाने से युवक की मौत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** पड़ोसी के मोबाइल पर फोन करने के बाद एक युवक ने जहर खा लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। कस्बा निवासी रवि (25) पुत्र विश्वनाथ आरख थाने में चौकीदार था। परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम घर से बाजार घूमने की बात कहकर निकला था। रात आठ बजे तक नहीं पहुंचा बड़ा भाई अनिल खोजने निकला। बताते हैं कि इसी दौरान उसने पड़ोसी के मोबाइल पर फोन कर कहा कि मैं रवि बोल रहा हूं। मेरे घर परिवार का ख्याल रखना, मैंने जहर खा लिया है। इस पर बदहवास परिजन बताए स्थान पर पहुंचे और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। माता पिता की मृत्यु पहले हो चुकी है। मिलनसार व शांतिप्रिय रवि की मौत से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।



रवि।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# रुपौली का रूपा तालाब अतिक्रमण का शिकार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकार तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना चला रही है पर कई तालाब ऐसे हैं, जहां शायद जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ी। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुपौली का रूपा तालाब भी ऐसा ही है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण की चपेट में आने से तालाब का अस्तित्व खत्म हो रहा है। प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की गई है।

रुपौली निवासी गौरी दत्त त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी को इस संबंध में पत्र दिया है। बताया कि आबादी से लगा हुआ रूपा तालाब एकमात्र ऐसा तालाब है, जिससे पूरे गांव के मवेशियों को पानी पिलाया जाता है। ग्रामीण भी इसके पानी का उपयोग करते हैं लेकिन गांव की नालियों का पानी तालाब में जाने और तालाब के भीटो में शौचालय टैंक बन जाने से पानी प्रदूषित हो चुका है। इसके अलावा यहां अतिक्रमण भी है। कच्चे मकान बनाकर लोग रहने लगे हैं। कई बार शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न होने से दबंग भूमाफियों के हौसले बुलंद हैं। भीटे में कंपोस्ट खाद के गड्ढे बनाकर गोबर व कचरा डाला जा रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका हो रही है। आसपास बसे लोगों का जीना दूभर हो रहा है। गौरीदत्त व अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी से तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने की अपील की है।



शिकायतकर्ता ग्रामीण। अमृत विचार

- **जिलाधिकारी को पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की मांग**
- **कचरा डाले जाने से संक्रामक बीमारियों का जताया खतरा**

## एक नजर

### दिव्यांग ने लगाया मारपीट का आरोप, तहरीर दी

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत बंधोइन निवासी दिव्यांग उमाशंकर ने तहरीर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इन लोगों ने जेब से मोबाइल निकालकर तोड़ दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है।

### ठेलिया में छू गई बस तो चालक को पीटा

**चित्रकूट।** फतेहपुर डिपो के चालक शशिबिंद कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि वह 23 जुलाई को कर्वी बस स्टैंड के पास बस से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान बस का हिस्सा एक ठेलिया से छू गया। उसने आरोप लगाया कि इस पर ठेलिया वाले ने अन्य लोगों के साथ उसे मारापीटा। बस को भी नुकसान पहुंचा। उसने पुलिस से सुरक्षा की गुहार की है।

### अधेड़ ने आग लगाकर आत्महत्या की

**चित्रकूट।** शंकरगंज निवासी एक अधेड़ ने आग लगाकर जान दे दी। पुत्र सोनू ने बताया कि गुरुवार को वह रोज की तरह काम पर गया था। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों ने फोन किया कि उसके घर में आग लग गई है। वह पहुंचा तो देखा कि पिता सुरेश (55) ने कमरा बंद कर आग लगा ली है। किसी तरह दरवाजा तोड़कर उनको बाहर निकाला। अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। आत्महत्या की वजह पता नहीं चली है।

### नौ बजे तक बंद रहेगी बिजली

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** अधिशाषी अभियंता दीपक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 220 केवी विद्युत पारेषण उपकेंद्र पहाड़ी पर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इससे उपकेंद्र से संबंधित मानिकपुर, बोड़ी पोखरी, सरैंया, कैलहा एवं राजापुर के संबंधित जगहों पर बिजली आपूर्ति प्रातः पांच बजे से नौ बजे तक बाधित रहेगी।

### कल होगा साक्षात्कार

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत साक्षात्कार जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कालूपुर पाही में 27 जुलाई को प्रातः दस बजे से होगा। अभ्यर्थियों से मूल प्रमाणपत्रों के साथ समय से उपस्थित होने को कहा है।

# किहुंनिया लेखपाल भ्रष्टाचार के आरोप में हुए निलंबित

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- **पैमाइश के बदले प्लॉट रजिस्ट्री कराने का आरोप**

**अमृत विचार।** खेत की पैमाइश के एवज में प्लाट रजिस्ट्री कराए जाने का कथित आडियो सामने आने और शिकायत पर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने लेखपाल जितेंद्र कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच की जिम्मेदारी तहसीलदार को दी गई है।

गौरतलब है कि तत्कालीन क्षेत्र किहुंनिया और वर्तमान क्षेत्र हनुआ लेखपाल जितेंद्र कुमार गुप्ता का बीते दिनों एक कथित आडियो वायरल हुआ था, जिसमें उसने एक काश्तकार के खेत की पैमाइश के एवज में प्लाट रजिस्ट्री कराने की मांग की थी। एसडीएम ने बताया कि इसके पूर्व भी लेखपाल के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थीं। पक्षों से दुरभिसंधि करने, भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की गतिविधियों के संज्ञान में आने पर लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगे गए तो जवाब प्रस्तुत नहीं किए गए। यह स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता है। एसडीएम ने आरोपी लेखपाल को उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना करने, पदीय दायित्वों, शासकीय कामों को पूरा करने में पर्याप्त रुचि न लेने, कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत कार्य करने, तहसील प्रशासन की छवि धूमिल करने में प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए हैं। बताया कि इस मामले में तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया गया है। उनसे 15 दिन के अंदर जांच आख्या देने को कहा गया है। निलंबन के दौरान लेखपाल रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय तहसील मानिकपुर से संबद्ध रहेंगे।

## औचक मुआयने में नहीं मिला कोई बाहरी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि सरकार के निर्देश के क्रम में गुरुवार को अधीनस्थ कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने एसडीएम मोहम्मद जसीम के साथ कलेक्ट्रेट, खनिज कार्यालय, डूडा कार्यालय एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का निरीक्षण किया। सीडीओ अमृतपाल कौर ने विकास भवन चित्रकूट के कार्यालयों तथा संयुक्त जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। एडीएम उमेश चंद्र निगम ने बीएएसए, सीएमओ, एसडीओ कार्यालयों का व अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद द्वारा ने तहसील कर्वी, एआरटीओ कार्यालय, एक्सईए विद्युत वितरण खंड कार्यालयों का मुआयना किया। बताया कि किसी कार्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति काम करते नहीं पाया गया।



जवारा विसर्जन को जातीं कन्याएं। अमृत विचार

# जवारा विसर्जन के साथ गौरी व्रत का उद्यापन

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बड़ी गुफा जानकीकुंड स्थित रघुवीर मंदिर में गौरी एवं जया पार्वती व्रत में 125 से अधिक कन्याओं ने सहभागिता की। पांच दिवसीय व्रत का बीते दिन जवारा विसर्जन के साथ उद्यापन किया गया।

महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि यह व्रत गुजरात में मनाया जाता है। चित्रकूट में इसकी शुरुआत स्व. अरविंद भाई मफतलाल एवं स्व. सुशीलाबेन मफतलाल की प्रेरणा से हुई थी, जो आज भी किया जा रहा है। इस व्रत को युवतियां मनचाहा वर पाने के लिए रखती हैं। व्रत के अंतिम चरण में माता गौरी-पार्वती की आराधना में रात्रि जागरण का एवं धार्मिक- सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का विधान है। इस वर्ष विद्याधाम सभागार में बालिकाओं की धार्मिक प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा। बुधवार सुबह पूजन के बाद प्रार्थना भवन से रघुवीर मंदिर शोभायात्रा निकाली गयी तथा कन्या पूजन एवं ज्वारा विसर्जन के साथ व्रत की पूर्णाहुति हुई।

## कारगिल शहीदों की याद में निकाला गया मशाल जुलूस

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा चित्रकूट की अगुवाई में गुरुवार को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस शहीद पार्क से मुख्य चौराहों से शहीद पार्क पर संपन्न हुआ। भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के उद्घोष से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से गुंजायमान हो गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, अश्विनी अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, राजेश जायसवाल, आनंद पटेल, महेंद्र कोटार्य, प्रमेंद्र सिंह, अखिलेश, बच्चन त्रिपाठी, संजय पांडेय, अभिषेक ओझा, भगवानदीन, जगदीश गौतम, देवकीनंदन आदि मौजूद रहे।

## ऐ भाई जरा देख के चलो..



**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत पियरियामाफी के पास राजापुर-हटवा मार्ग पर गड्ढा जलभराव से बड़ा होता जा रहा है। शिवाकांत शुक्ला के घर के पास सड़क पर बरसाती पानी भरने से गड्ढे से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी हैं। तेज रफ्तार से आने जाने वाले लोग समझ नहीं पाते और गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। लोगों ने उच्चाधिकारियों से इस गड्ढे को अविलंब भरवाने की मांग की है।

# पुरानी पेंशन व अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- **विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की अगुवाई में गुरुवार को शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय के समक्ष धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में डीआईओएस को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग सहित 23 मांगें शामिल हैं।

संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षक ओपीएस, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, विनियमितीकरण, निशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि मांगों को लेकर लंबे अरसे से आंदोलन करते रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा मांगों का निराकरण न कराने से शिक्षक समुदाय आहत है। कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने डीआईओएस को 23 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय और परिषदीय शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। अखिलेश का कहना था कि माध्यमिक और प्रा. विद्यालयों के शिक्षकों की ज्यादातर मांगें समान हैं और सरकार को इस पर ध्यान देना होगा।

# 'आत्मा' के लाभार्थी किसानों की दें जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एग्रीकल्चरल टेक्नोलाजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) की बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उप निदेशक कृषि राजकुमार को निर्देश दिए कि योजना के तहत अब तक कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है, इसकी जानकारी दें।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि किसानों को फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने व पशुपालन, उद्यान, मत्स्य आदि के तहत लाभ दिया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिए इस वर्ष की कार्ययोजना को ब्लॉक और ग्रामवार किसानों के नाम सहित सूची दें। उन्होंने मिलेट्स के अंतर्गत दिए जाने वाले मिनीकिट का वितरण सही तरीके से कराने की हिदायत दी। भूमि संरक्षण अधिकारियों को किसानों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। सीडीओ अमृत पाल कौर को निर्देश दिए कि आत्मा शासी निकाय के अंतर्गत हो रहे कामों की नियमित समीक्षा करें। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा आदि मौजूद रहे।




बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी।

- **जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में उप निदेशक कृषि को दिए निर्देश**

**आयोजन** — राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में खरीफ उत्पादकता गोष्ठी और किसान मेला

# जैविक खाद का प्रयोग कर मोटे अनाज का उत्पादन करें किसान

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में गुरुवार को खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। इसमें डीएम ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आमदनी बढ़ाने की सीख दी। कहा कि जैविक खाद का प्रयोग करते हुए मोटे अनाज का उत्पादन कर किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत डीएम, सीडीओ के साथ जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर योजनाओं का लाभ दें। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि अन्ना गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराया जा रहा है, विद्युत समस्या का निस्तारण कराया जा रहा है। बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दिया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने उर्वरक का प्रयोग कम करके प्राकृतिक खेती करने की सीख दी। संचालन जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने किया। विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी भी लगाई। किसानों को नैनो उड़िया देकर प्रोत्साहित किया गया और मिनीकिट का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा के वैज्ञानिक मनोज कुमार शर्मा एवं ममता त्रिपाठी ने भी फसलों के बारे में बताया। अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक बांदा चित्रकूट अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, आदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार




किसानों को संबोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार



मौके पर मौजूद किसान व अन्य लोग। अमृत विचार

### सोच समझकर फसल चयन करने की सलाह

- सीडीओ अमृतपाल कौर ने किसानों को सोच समझकर फसलों का चयन करने की सलाह दी। कहा कि चित्रकूट में धान की फसल अनुकूल नहीं है। इसमें पानी बहुत लगता है। पानी का संचयन बहुत जरूरी है। किसान दलहन-तिलहन और मिलेट्स को बढ़ावा दें।

### जिले में कृषियोग्य भूमि 1,73,802 हेक्टेयर

- उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3,40,801 हेक्टेयर है। कृषियोग्य 1,73,802 हेक्टेयर है। लगभग 88,752 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसल की खेती की जाती है। लगभग 46,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल औद्यानिक एवं अन्य फसलों से आच्छादित होता है। बताया कि मात्र 43 प्रतिशत क्षेत्रफल ही सिंचित है। अधिकांश फसलें कृषि वर्षा पर आधारित हैं।

# विनम्रता से सुनें फरियादियों की समस्याएं : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण, सभी विभागों के अधिकारियों को साफ-सफाई और बेहतर करने के दिए निर्देश

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम के निरीक्षण से सभी पटल पर कर्मचारी कार्य करते नजर आए। डीएम ने सभी कार्यालयों में साफ सफाई और बेहतर रखने के निर्देश दिए साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा।

गुरुवार को जिलाधिकारी सुबह 10.15 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में औचक निरीक्षण करने जा धमके, जिससे अन्य विभागों के कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। जिले के आला अधिकारियों के निरीक्षण की खबर मिलते ही मातहत व कर्मचारी लगभग भागते हुए कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों पर अधिकारी के निरीक्षण का साफ असर दिखाई दे रहा था। जिलाधिकारी ने जिला


कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

- जिलाधिकारी के निरीक्षण से सभी में मचा हड़कंप

नगरीय विकास अभिकरण, चकबंदी कार्यालय, खनिज कार्यालय, संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट सहित तमाम कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर एक एक पटल में जाकर फाइलों और दस्तावेजों को देखा।

निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि कार्यालयों में साफ सफाई रखी जाए तथा सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दें और आने वाले फरियादियों की शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना जाए तथा फरियादियों के साथ विनम्रता पूर्वक बर्ताव किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में प्राइवेट व्यक्ति कार्यालय में न बैठाया जाये। इस मौके पर स्टेनो सुशील भटनागर सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों के मार्ग पर न हो अतिक्रमण : एसपी

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा आगामी त्योहार एवं श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में संवेदनशील, मिश्रित एंव घनी आबादी वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर कांवड़ियों के आने-जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया तथा कांवड़ियों के निर्धारित रूट पर पुलिस प्रबंधन के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा कुलपहाड़ थाना क्षेत्र का पैदल गश्त करते हुए कांवड़ यात्रा के मार्ग का निरीक्षण करते हुए व्यापारियों और कस्बा वासियों से बातचीत की और कांवड़ियों के निर्धारित रूट पर


एसपी अपर्णा गुप्ता के साथ मौजूद अन्य पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- पुलिस अधीक्षक ने कुलपहाड़ क्षेत्र का किया भ्रमण
- आमजनों से संवाद कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व गंदगी न फैलाए जाने की बात कही साथ ही पुलिस टीमों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिदिन उक्त सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे कांवड़ियों कोयात्रा करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न उठानी पड़ी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 106 वाहनों के ई-चालान भी किये गये।

# पाइप लाइन और पानी की टंकी की नहीं हुई मरम्मत

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा खन्ना के लोगों की प्यास बुझाने के लिए पाइप लाइन और पानी की टंकी मरम्मत कराए जाने के लिए शासन द्वारा लाखों रुपये स्वीकृत करने के बाद भी आज तक न तो पाइप लाइन दुरुस्त की गई और न ही पानी की टंकी की मरम्मत कराई गई, जिससे कस्बे में पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है।

शासन द्वारा स्वजल योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन व टंकी के मरम्मत कार्य के लिए लाखों रुपये स्वीकृत कर कार्यदाई संस्था को कार्य करने के निर्देश दिए गए थे, जिससे कस्बे में पाइप लाइनों का दुरुस्तीकरण व टंकी आदि कि मरम्मत कार्य किया जा सके तथा सुगमता से लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके, लेकिन परियोजना के ठेकेदार की मनमानी के चलते ग्रामीण जगह-जगह परेशान नजर आ रहे हैं। जनपद के कबरई विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहिगा में स्वजल योजना

- शासन से लाखों रुपये की हो चुकी है स्वीकृति
- पाइप लाइन बिछाने के लिए की गई खोदाई से है समस्या


इंटरलॉकिंग सड़क बनाते मजदूर।

के तहत पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई रास्ता बारिश हो जाने से खराब हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वजल योजना के तहत एक साल पहले लाखों रुपये मिलने के बाद भी कार्यदायी संस्था ने समय से कार्य शुरू नहीं कराया, जिससे गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा, और आज भी पानी की समस्या बनी हुई है।



बैठक में बोलते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# रिश्तों व संस्कृति में कम रुचि लेने पर जताई चिंता

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संस्कृति बोध परियोजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें समिति पदाधिकारियों द्वारा युवा पीढ़ी द्वारा मर्यादा, रिश्ते और संस्कृति के प्रति रुचि कम होने पर दुख प्रकट करते हुए उन्हें संस्कृति बोध परियोजना के माध्यम से संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मलित कर समाज में संचित किया जा रहा है। साथ ही युवा पीढ़ी मर्यादा, रिश्ते और संस्कृति का ज्ञान अर्जित करने के पाठ पढ़ाकर भारत माता का गौरव प्राप्त करने योग्य बनाया जा रहा है। बैठक में समिति के नियमों की बिन्दुवार चर्चा की गई।

संस्कृति बोध परियोजना बैठक का उद्घाटन मां शारदे की प्रतिमा पर दीपार्जन व पुष्पार्जन के साथ किया गया। प्रदेश संस्कृति बोध परियोजना समिति के प्रमुख राजकुमार ने बैठक के उद्देश्य और संस्कृती बोध परियोजना के नियमों की बिंदुवार चर्चा की अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि हमारा भविष्य हमारी पीढ़ी रिश्तों तथा रिश्तों की मर्यादाएं व संस्कृति को भूलती

- सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में संस्कृति बोध परियोजना समिति की बैठक संपन्न

चली जा रही हैं। संस्कृति बोध परियोजना के माध्यम से संस्कृति ज्ञान परीक्षा कराते हुए युवा पीढ़ी को रिश्तों परिवार समाज का ज्ञान प्राप्त कराते हुए समाज में संचित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सपने को साकार रूप प्रदान करने के लिए संस्कृति बोध परियोजना के क्रिया कलाप संपन्न होते हैं, इसलिये इसमें समाज के सभी सदस्यों को भागीदारी करना चाहिए। इस मौके पर भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री रजनीश, प्रदेश संस्कृति बौध परियोजना के प्रमुख राजकुमार, जन शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक धीरेन्द्र व सम्भाग निरीक्षक शिवकुमार के अलावा प्रांत के सभी प्रधानाचार्य व आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित जगप्रसाद तिवारी ने किया।

# हाईवे पर संकेत के बोर्ड लगने शुरू

**कुलपहाड़।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संकेत बोर्ड न लगे होने से वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं, जिसे देखते हुए कई बार कस्बा वासियों द्वारा हाईवे पर संकेतांक बोर्ड लगाए जाने की मांग की गई, जिस पर नगर पंचायत द्वारा राजमार्ग पर संकेत बोर्ड लगाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। नगर के प्रमुख स्थानों से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात संकेत बोर्ड नहीं लगाए गए थे, कस्बा वासियों ने अधिकारियों से सांकेतिक बोर्ड लगाए जाने की मांग की थी। डीएम ने चिह्नित स्थानों पर संकेतांक बोर्ड लगाने को अधिकारियों को निर्देश दिए, जिसे नगर पंचायत द्वारा नगर के, मोड़ और ब्रेकर के समीप संकेत बोर्ड लगाए जाने लगे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सामान कार्य में समान वेतन, तदर्थ शिक्षकों विनियमतीकण निःशुल्क चिकित्सका सुविधा सहित 23 सूत्री मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरना प्रदर्शन के दौरान डीआईओएस कार्यालय के चैनल का ताला न खोले जाने से शिक्षक संघ ने डीआईओएस की मनमानी के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया, इसके बाद चैनल का ताला खोला गया। धरने के बाद शिक्षकों ने डीआईओएस गिरधारी लाल कोली को ज्ञापन सौंपा।


धरने को संबोधित करते शिक्षक नेता। अमृत विचार

माध्यमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष सलीम मंसूरी ने कहा कि सरकार शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर रही है। एनपीएस (नई पेंशन योजना) शिक्षक की वृद्धावस्था में जीवन यापन करने के लिये पर्याप्त नहीं है जबकि पुरानी पेंशन से सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षकों का जीवन यापन सही से हो रहा था। इसलिये शिक्षक पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 9 नवम्बर 2023 के शासनादेश द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी

- 23 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन
- शिक्षक नेताओं ने रखे अपने अपने विचार

गई हैं, ऐसे सभी तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए उनकी सेवा बहाल की जाए।

संघ के जिला मत्री कीरत प्रसाद ने कहा कि राजकीय शिक्षकों की भांति सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य की जाए। सातवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 से प्रभावित हुआ था। आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से देय होता है, सरकार आठवें वेतन आयोग का गठन करे। धरना के बाद डीआईओएस गिरधारी लाल कोली को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाल की जाने की मांग समेत 23 सूत्री मांगे बताई। इस मौके पर अखिलेश नारायण द्विवेदी सहित तमाम शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए।

### प्राथमिक और राष्ट्रीय शैक्षिक संघ ने किया सहयोग

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी माध्यमिक शिक्षक संघ के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सहयोग देने का काम किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, पूर्व मंत्री कुलदीप तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ कबरई ब्लाक के अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत, ब्लाक मंत्री दयाराम वर्मा, विजय वर्मा सहित तमाम प्राथमिक शिक्षकों और राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष बैनीप्रसाद यादव, मुकेश श्रीवास सहित तमाम वक्ताओं ने धरने को संबोधित किया।

# खुदकुशी की चेतावनी का वीडियो किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** करीब ढाई माह पूर्व हुई चोरी की रिपोर्ट किसी तरह दर्ज करने के बाद भी कोई कार्रवाई न से परेशान युवक ने आत्महत्या करने की चेतावनी भरा वीडियो सोशल मीडिया कर दिया। इस पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और यमुना पुल पर खुदकुशी के उद्देश्य से बैठे युवक को समझाबुझा कर घर भेज दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी योगेश कुमार ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 13 मई की रात उसके घर में चोरी हो गई जिसमें जेवरात व 50 हजार रुपये चोरी हो गए थे। स्थानीय पुलिस मामले में हीलाहवाली करती रही। इससे आहत हो सोमवार से पीड़ित, उसकी मां विजयलता, बेटा योगेश परिवार


यमुना पुल की कोठी में मरम्मत को लगाई गई ग्रिल पर बैठा युवक।

समेत अनशन पर बैठे थे। पुलिस ने 22 जुलाई को रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर परिवार गोल चबूतरे पर धरना दे रहा था। बुधवार देर रात विजयलता की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, बेटे योगेश का गुरुवार को वीडियो वायरल होने लगा, जिसमें वह कह रहा था कि हम यमुना पुल में बैठे हैं... हमारी मौत का जिम्मेदार पूरी कोतवाली पुलिस है। तीन महीने हो गए कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बोल रहे

- पुलिस ने यमुना पुल पर बैठे युवक को समझाकर घर भेजा
- चोरी के मामले में पुलिस के कार्रवाई न करने से था नाराज

हैं कि पैसे दो तब सुनवाई करेंगे। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आननफानन पुल पर जाकर वहां बैठे युवक को समझाया और घर पहुंचाया।

सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि मुकदमे के वादी द्वारा यमुना पुल पर जाकर कूदने व जाम लगाने का प्रयास किया गया। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वादी को समझा बुझाकर मुकदमे की प्रगति से अवगत कराया। उसे सकुशल वापस उसके घर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

# स्टेशन मार्ग पर लेबर बाजार की स्थापना की गई

**मौदहा(हमीरपुर)।** बड़े नगरीय व टाउन क्षेत्र की तरह अब कस्बे के स्टेशन मार्ग सैय्यद बाबा के स्थान पर गुरुवार को विधिवत लेबर बाजार की स्थापना की गई। इसके साथ ही राजमिस्त्री व मजदूर संघ की विधिवत कमेटी घोषित की गई है। संस्थापक नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, अध्यक्ष सूबेदार सिंह, उपाध्यक्ष पीर मोहम्मद, महामंत्री सौखी लाल, व संत बाबू तथा मंत्री सियाराम कोषाध्यक्ष आरिफ संगठन मंत्री कलीम व मंत्री सुख सागर, राजाराम तथा गोविंदा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने घोषणा की कि वह इस संगठन से जुड़े सभी लोगों का श्रम विभाग से पंजीयन कराएंगे और इस स्थान पर उनके बैठने, पानी व छाया आदि का प्रबंध करेंगे।

# राजस्व निरीक्षक 5000 रुपये लेते हुए गिरफ्तार

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राजस्व निरीक्षक को 5000 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

कुतुबपुर गांव निवासी राम जी ने बताया कि गांव में उसकी पारिवारिक खेती है जिसकी हदबंदी का मुकदमा न्यायालय में है। कोर्ट के आदेश के बावजूद राजस्व निरीक्षक अशोक निगम व लेखपाल घनश्याम कमल तथा वीरेंद्र कुशवाहा नाप जोख को गए थे। रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने के लिए 5000 रुपये मांग रहे थे। लेखपाल घनश्याम कमल द्वारा पहले 10000 रुपये नापजोख के नाम पर ले लिए थे। इसके बाद 5000 रुपये की मांग और कर रहे थे। कहा कि अगर पैसा नहीं दोगे

- हदबंदी की नापजोख करने के नाम पर ले रहा था रिश्वत

तो नाप की रिपोर्ट न्यायालय में नहीं लगाएंगे। बीते 9 जुलाई को पीड़ित ने एंटी करप्शन के हेल्पलाइन नंबर में घटना की जानकारी दी। जिसके बाद 22 जुलाई को ट्रैप टीम का गठन किया गया।

राजस्व निरीक्षक की लोकेशन लेकर जानकारी की तो पता चला कि राजस्व निरीक्षक किसी काम से मिश्रीपुर में है। जहां पीड़ित किसान से राजस्व निरीक्षक अशोक निगम द्वारा 5000 रुपये लेते ही एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया और थाने लेकर पूछताछ करती रही। इसके बाद थाने में मुकदमा दर्ज कर अपने साथ लखनऊ ले गई।

**अभियान** छक्कीलाल इंटर कॉलेज के स्टाफ व विद्यार्थियों ने धरती को हरा-भरा करने का दिया संदेश

# हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए : प्रधानाचार्य

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के छक्कीलाल इंटर कालेज में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में टीचर्स व छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया। कालेज स्टाफ व छात्राओं ने नीबू, आंवला, अमरुद, नीम सहित करीब आधा सैकड़ा पौधे लगाकर उनको सींचकर उनकी देखभल करने का प्रण लिया।

कालेज के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पौधे रोपित कर धरती को हरा-भरा करने संदेश दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डीएन तिवारी ने कहा कि पेड़ हमें जीवन प्रदान करते हैं और कभी उसके बदले में कुछ मांगते नहीं है, इसलिए हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा पौधरोपण


पौधरोपण करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- पौधरोपण कार्यक्रम के तहत लगाए गए आधा सैकड़ा पौधे

कार्यक्रम तय किए गए थे, जिसके तहत जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों में पौधरोपण के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत कॉलेज के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया है। बताया कि कार्यक्रम के तहत अमरूद नीबू आंवला आदि फलदार पौधे रोपित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधा लगा देने से काम पूरा नहीं होता, हमें रोपण के बाद पौधे की देखभाल करनी होगी।

वृहद पौधरोपण के दौरान विनोद सेन, धीरेंद्र सोनी, मैयादीन, आनंद गंगेले, जयप्रकाश, कैलाश सिंह, शिवाकांत, आसेंद्र राजपूत, रुचि, आकांक्षा सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं ने पौधा रोपण में सहयोग कर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न कराया।

# मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए मिल रहे निःशुल्क बीज

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** शासन द्वारा मोटा अनाज की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए अब किसानों को श्री अन्न योजना के तहत खरीफ की फसल की बुआई के लिए निःशुल्क बीज वितरित किए जा रहे हैं।

राजकीय कृषि बीज भंडार में राजकीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना एवं श्री अन्न योजना के अंतर्गत लाडपुर न्याय पंचायत के सभी ग्राम पंचायत के किसानों को निःशुल्क मूंग, तिली, सावा बाजरा, कोदौ, रागी आदि प्रजातियों के बीज निःशुल्क वितरित किए गए राजकीय कृषि बीज भंडार के इंचार्ज एएआई कालका प्रसाद ने बताया कि हमारे यहां 700 पैकेट बीज आये


निःशुल्क बीज लेते किसान।

थे इसमें लगभग 500 पैकेट बीज गुरुवार तक वितरित किये जा चुके हैं। शेष पैकटों का वितरण जारी है। बताया कि इसके पूर्व 300 पैकेट बीज का वितरण पहले हो चुका है।

किसान गया प्रसाद अनुरागी ने कहा की निःशुल्क बीज वितरण होने से गरीब किसानों को बेहद लाभ हो रहा है। इसी प्रकार किसान देवी दीन ने भी बीज पाकर खुशी जाहिर की है।

# 2 अगस्त को होगा व्यापार मंडल का चुनाव

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** आदर्श नगर उद्योग व्यापार मंडल चरखारी इकाई की नगर की मोहनराम धर्मशाला में मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें व्यापार मंडल का 2 अगस्त को अध्यक्ष, महामंत्री, कोषध्यक्ष सहित अन्य पद के लिए मतदान कराने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया साथ ही नामांकन और नाम वापसी सहित चुनाव की अन्य प्रक्रिया की भी तिथियां तय की गई।

निर्वाचन अधिकारी आलोक खरे ने बताया कि नामांकन 25 व 26 जुलाई को नाम वापसी 27 जुलाई को तथा मतदान 2 अगस्त को मोहनराम की धर्मशाला में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और उसी दिन मतगणना छह बजे से होगी। इसके पूर्व बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष आनन्द स्वरूप दमेले ने सभी व्यापारियों से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की साथ ही कोषाध्यक्ष अनिल सोनी ने तीन वर्ष के


बैठक में बोलते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- नई कार्यकारिणी के गठन के बाद व्यापार आईडी और प्रमाणपत्र कराए जाएंगे निर्गत

कार्यकाल का आय व्यय का ब्यौरा व्यापारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि नई कार्यकारिणी व्यापारी को व्यापार आईडी कार्ड तथा दुकान में लगाए जाने के लिए प्रमाण पत्र निर्गत करेगा साथ ही उन्होंने नई कार्यकारिणी के गठन के बाद कस्बा में भामा शाह की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका व्यापारी तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भामा शाह की प्रतिमा लगवाए जाने के लिए एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर से सहयोग की अपील करने की बात कही गई।

बैठक को दीपक गुरूदेव, नियाज अहमद खां, नियामत सौदागर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, कैलाश ताम्रकार ने भी संबोधित किया। बैठक में रजनीश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, साबिर अली, रमजान सौदागर, नीरज गुप्ता, मुहम्मद सईद सौदागर, सुरेन्द्र चपरा, सहित सभी व्यापारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन युवा व्यापारी राहुल बड़ौनिया ने किया।

# मकान बिकाऊ का पोस्टर चस्पा कर परिवारों का हो रहा पलायन

## मुख्यमंत्री से दबंगों पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** दबंगों द्वारा आए दिन छेड़छाड़, मारपीट और अभद्रता से त्रस्त परिवारों ने घर के बाहर मकान बिकाऊ का पोस्टर चस्पा कर पलायन कर गए। आरोप है कि दबंगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती। दहशत के बलबूते दबंग ग्रामीणों को खेत और घर बेचने को मजबूर करते हैं। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से घटना का संज्ञान लेकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

गिरवां थाना क्षेत्र के सहेबा गांव निवासी प्रजापति परिवारों ने अपने घर की बाहरी दीवार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित यह मकान बिकाऊ है, योगी जी दबंगों से बचाओ का पोस्टर चस्पा कर पलायन कर गए। पालयन करने वाले परिवार का आरोप है कि दबंगों को पुलिस और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।



मकान में चस्पा बिकाऊ का पोस्टर।

आए दिन गांव में दबंग शक्ति प्रदर्शन करते हुए जमीन, खेत और घर बेचने को मजबूर किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पिता-पुत्र दबंगों के खौफ से खेत और मकान बेचकर पलायन कर चुके हैं। अब श्याम सुंदर पुत्र दशरथ प्रजापति को निजी पुश्तैनी आवास छोड़ पलायन कर गया।

### रिपोर्ट दर्ज, पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

- क्षेत्रीय निवासी श्याम सुंदर का कहना है कि देहात कोतवाली क्षेत्र के बिलबई गांव के मजरा निजामत पुरवा में वह परिवार समेत किराए के मकान में रह रहा है। दबंगों के विरुद्ध छेड़छाड़ समेत मारपीट की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोप है कि ताला बंद मकान को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। उधर, गिरवां थानाध्यक्ष राकेश तिवारी का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज है। न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। पीड़ित फर्जी तरीके से हथकंडे अपना कर पुलिस पर बेजा ही दबाव बना रहे हैं।

# 23 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मा. शिक्षक संघ जिला इकाई के तत्वावधान में जनपद के शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना देक विरोध-प्रदर्शन किया। मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित 23 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा।

प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरूवार को माध्यमिक शिक्षक संघ मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय व जिलाध्यक्ष संदीप गर्ग की अगुवाई में शिक्षकों ने लंबित मांगों के समर्थन में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना दिया। यह धरना लगभग चार घंटे तक चला। शिक्षकों का कहना था कि स्थानीय स्तर पर कई समस्याएं लंबित हैं। विशेष कर नई पेंशन स्कीम के तहत सरकार द्वारा दिए जाने वाले अंश को डीआईओएस कार्यालय ने रोक कर रखा हुआ है। पिछले वर्ष जून महीने में शिक्षकों ने धरना दिया था, जिससे मात्र कुछ महीनो का सरकारी अंशदान उनके खाते में ट्रांसफर तो कर दिया गया, लेकिन पिछले डेढ़ वर्षो का सरकारी अनुदान अभी भी शिक्षकों के खाते में नहीं भेजा जा रहा है। पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य का समान वेतनमान, शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा, कार्यालयों में भ्रष्टाचार, महिला शिक्षकों का शोषण, स्थानांतरण की सुगम व्यवस्था जैसी विभिन्न मांगों के समर्थन में शिक्षक लामबंद दिखे, उनमें आक्रोश भी दिखा।


धरने को संबोधित करते माशिसं के मंडलीय मंत्री। अमृत विचार

### काला दिवस मनाकर शिक्षामित्रों ने सौंपा ज्ञापन

प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने जिलाध्यक्ष दिनकर अवस्थी की अगुवाई में गुरुवार को काला दिवस मनाते हुए कलक्ट्रेट परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपते हुए नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा मित्रों को स्थाई करने समेत अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सहायक अध्यापक पद से वापस हुए शिक्षामित्र 2017 से अवसाद में हैं। 25 जुलाई को शिक्षा मित्र काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। शिक्षामित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल करते हुए स्थाईकरण किए जाने की मांग की। इस दौरान जितेंद्र अग्रहरि, राधेश्याम यादव, राजीव तिवारी, सुरेश, सुनील पहलवान, विष्णुकांत त्रिवेदी, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, योगेश्वर गर्ग, अनुराग वाजपेई, श्याम बाबू, लक्ष्मी, सुनीता, सरिता, संगीता, सुरेखा, पूर्णिमा सोनी, सुमन, शकुंतला, रानी, विनीता आदि मौजूद रहे।

# सपा व्यापार सभा प्रदेश सचिव 'सेल्फी किंग' का निधन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** हर दिल अजीज और सेल्फी किंग के नाम से मशहूर रहे सपा व्यापार सभा प्रदेश सचिव संजय निगम अकेला का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को सुबह राजघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों समेत समाजसेवियों ने अंतिम विदाई दी। सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा समेत अन्य सपाइयों ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू, नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन मोहन साहू, सपा महिला सभा अध्यक्ष अर्चना पटेल, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा समेत अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। उधर, बिजलीखेड़ा स्थित सपा जिला कार्यालय में दो मिनट का मौन रखा गया। जिला महासचिव एजाज खान नगर महासचिव पुरुषोत्तम गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय करण यादव, वीरेंद्र गुप्ता बाबू, सुनील कुशवाहा, राजकुमार गुप्ता राजू, देवव्रत सिंह, प्रियांशु गुप्ता, निलेश श्रीवास, दिनेश यादव, विद्यासागर तिवारी, आत्माराम यादव, अशरफ खान, अजय निषाद, चांद खान, देवेंद्र गोयल उपस्थित रहे।


संजय निगम।

उधर, छात्र नेता लव सिन्हा ने सपा प्रदेश सचिव की स्मृति में शहर के कई स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने की मांग की है।

# हार्पर क्लब की गतिविधियों की शिकायत

- क्लब के निर्वाचित सचिव ने आरोपों को बताया निराधार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** प्रतिष्ठित हार्पर क्लब इन दिनों राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। क्लब के दर्जन भर सदस्यों ने क्लब सचिव और कार्यकारिणी के खिलाफ तमाम आरोपों से भरा शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है, वहीं क्लब के सचिव ने आरोपों पर अपनी सफाई देते हुए सभी आरोपों को निराधार बताया है।

जिलास्तरीय अधिकारियों और शहर के संभ्रांत नागरिकों के समायोजन से संचालित प्रतिष्ठित हार्पर क्लब के पूर्व सचिव वासिफ जमां खां और पूर्व क्रीड़ा सचिव अरुण अवस्थी की अगुवाई में दर्जनभर आजीवन सदस्यों ने क्लब के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय शिकायती पत्र सौंपा और जांच के बाद कार्रवाई की मांग बुलंद की। शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रतिष्ठित हार्पर क्लब मौजूदा समय में क्लब का संचालन विधिसम्मत तरीके से नहीं किया जा रहा है और कार्यकारिणी के लोग मनमाने ढंग से सरकार की संपत्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं। सदस्यों का आरोप है कि विगत 8 वर्षों से आम सभा की बैठक के बगैर ही मनमाने तरीके फैसले लिए जा रहे हैं। क्लब की नियमावली का उल्लंघन करते हुए शूटिंग रेंज और जिम का संचालन किया जा रहा है और खेलो इंडिया योजना के तहत शासन से आवंटित धनराशि व्यक्ति विशेष के खाते में किया गया है। वहीं क्लब में नए सदस्यों को शामिल करने के लिए बगैर आमसभा के अनुमोदन के सूचना जारी कर दी गई है और सदस्यता शुल्क 21 हजार से बढ़ाकर सीधे 51 हजार कर दी गई है। क्लब के सदस्यों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराने और क्लब की संरक्षण करने की मांग उठाई है। शिकायत करने वालों में सुनील गुप्ता, नीलेंद्र चौरसिया, देवेंद्र सिंह, अजयंत, प्रदीप गुप्ता, मयंक खरे, अजीम अहमद, शिवम सिंह, विनय कुमार, आदर्श तिवारी, विपिन सक्सेना आदि तमाम सदस्य शामिल रहे।

### क्या कहते हैं सचिव

उधर क्लब के निर्वाचित सचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव ने पूरे प्रकरण पर सफाई देते हुए आरोपों को निराधार बताया है। कहा है कि आम सभा की बैठक पहले मार्च माह में प्रस्तावित थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते अब सितंबर माह में आहूत की गई है। वहीं क्लब की आय बढ़ाने के लिए जिम नियमानुसार संचालित है और जिम का नियमित किराया एग्रीमेंट के अनुसार क्लब में जमा होता है। वहीं क्लब के संविधान में शूटिंग रेंज स्थापित करने के साथ ही बैडमिंटन, कार्ड गेम, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज आदि इंडोर खेल आयोजित करने और जिले की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान है। क्लब के कई प्रतिभागी बैडमिंटन और शूटिंग आदि प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। वहीं क्लब के क्रीड़ा सचिव रामेंद्र शर्मा ने बताया है कि खेलो इंडिया कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की एक जिला-एक खेल की नीति के तहत जिलाधिकारी की संस्तुति से यहां शूटिंग रेंज स्थापित की गई है, जिसका संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी के स्तर पर किया जाता है और उनके सरकारी खाते में ही धनराशि का आवंटन किया जाता है।

# चलती एंबुलेंस में दिया जुड़वां बच्चों को जन्म

**चिल्ला।** 108 एंबुलेंस से गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी गर्भवती ने एंबुलेंस में जुड़वां शिशुओं को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तिंदवारी विकासखंड के जौहरपुर गांव की राधा पत्नी जय सिंह को गुरुवार की दोपहर प्रसव पीड़ा हुई। कुछ देर बाद एंबुलेस मौके पर पहुंची और न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी लेकर जा रही थी। अस्पताल से लगभग दो किलोमीटर पहले ही महिला ने एंबुलेस में ही जु''ड़वां शिशुओं को जन्म दे दिया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चों को जिला महिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि मां और दोनों बच्चियां स्वस्थ्य हैं। फिलहाल उन्हें निगरानी में रखा गया है। 108 एंबुलेंस के पायलट आशीष कुमार और ईएमटी हर्षित सिंह ने बताया कि गर्भवती को लेकर तिंदवारी जा रहे थे। तभी रास्ते में अस्पताल से दो किलोमीटर पहले ही महिला ने जुड़वां शिशुओं को जन्म दे दिया।

# पंचायत उप चुनाव की तैयारी करें पूरी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने बैठक कर पंचायत उप चुनाव सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाने की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप ने बैठक कर कार्मिकों का प्रशिक्षण एक अगस्त को मेडिकल कॉलेज सभागार में दिलाए जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पार्टी रवानगी स्थल जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू तथा विकासखंड तिंदवारी में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं स्ट्रांग रूम बेरी कटिंग, टेंट वाहनों की पार्किंग अन्य व्यवस्थाएं कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिला अधिकारी तिंदवारी एवं बबेरू को संबंधित ग्रामों में जहां पर पंचायत उप निर्वाचन संपन्न होना है, वहां पर शांति व्यवस्था की बैठक कराए जाने के निर्देश दिए तथा संबंधित खंड विकास अधिकारियों को मतदान पार्टी के जाने का रूट चार्ट व रास्ते आदि को चेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के लिए वाहनों की आवश्यक व्यवस्था, मतपत्र, स्टेशनरी तथा मत पेटिकाओं को सुव्यवस्थित किये जाने एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारी व व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया जाए।


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# पहलवान की करंट लगने से हुई मौत

**बांदा।** मर्का कस्बा निवासी 25 वर्षीय सूरज पहलवान पुत्र रामदयाल गुरूवार की दोपहर कूलर का प्लग बोर्ड में लगा रहा था। तभी बोर्ड से एक तार निकल कर उसके हाथ में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर वह चिपक गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने आनन फानन करंट से मुक्त कराया। उसे तत्काल सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत देख उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए जहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में मातम छा गया। सूचना पाकर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल अस्पताल पहुच गए।

### थानाध्यक्ष समेत पांच के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**बांदा।** हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करना थानाध्यक्ष तिंदवारी और उनके मातहतों को खासा महंगा पड़ गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जहां पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष राधाकृष्ण तिवारी समेत सिपाही दीपक दुबे और फिरोज अंसारी को लाइन हाजिर करके जांच शुरू कर दी है। वहीं देरशाम पीड़ित विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी ने थानाध्यक्ष समेत तीनों के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात पर नए कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 191(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### बच्चा जनने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी, मौत

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के खटान गांव निवासी ज्योति (23) पत्नी विनोद कुमार मंगलवार की रात प्रसव पीड़ा से परेशान थी। उसे कमासिन पीएचसी में दाखिल कराया गया। जहां ज्योति ने बच्चे को जन्म दिया। भोर में ज्योति की हालत बिगड़ गई। डॉक्टरो ने उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। परिजनो ने कानपुर के एक अस्पताल में दाखिल कराया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए। सूचना पाकर मायके पथेड़ा प्रयाग राज से आए चाचा शिवकांत ने आरोप लगाया कि ससुराली जनो ने भतीजी का इलाज नही करवाया। इसी के चलते ज्योति की मौत हो गई।

### इंटरवल में नदी नहाने गए छात्र की डूब कर गई जान

**बांदा।** पैलानी कस्बा निवासी 8 वर्षीय शनि पुत्र राजेंद्र कुमार घर के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढता था। वह गुरूवार की सुबह साढे सात बजे घर से स्कूल पढ़ने गया था। दोपहर को इंटरवल होने पर स्कूल में बस्ता रखकर दो साथी छात्र 8 वर्षीय कृष्णा व 10 वर्षीय प्रतिज्ञा के साथ केन नदी नहाने चला गया। नहाते समय पैर फिसल जाने से वह नदी में बने गड्ढा में समा गया। साथियो ने शनि को डूबता देख शोर मचाया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला।

# एचटी लाइन से मकान में उतरा करंट, हादसा टला

- गृहस्वामी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेज कर पोल हटवाने की मांग की

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन रोड पर महालक्ष्मी रिसोर्ट के सामने गली में 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन तेज हवा के साथ हुई बारिश से से भीगे मकान की छत से छू गई। जिससे पूरे मकान में करंट दौड़ गया। मकान में रह रहे छोटे-छोटे बच्चे और महिलाओ ने मकान से बाहर दौड़ कर जान बचाई। एक बड़ा हादसा टलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

गृहस्वामी अशोक कुमार ने बताया कि पिछले कई सालों से बारिश के दिनो में अधिकतर मकान के ठीक बगल से निकली हाइटेंशन लाइन से मकान में करंट उतर आता है। जिसके कारण रात-रात भर पड़ोसियों के घर रहना पड़ता है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड उरई को कई बार प्रार्थना पत्र देकर समस्या के निराकरण की मांग की। हाइटेंशन लाइन के तार मकान से टकराते है उस समय चिंगारी निकलती है। इससे पूरा परिवार डर-डर के मकान के अंदर जाता है और बारिश होने पर फिर घर के बाहर निकल आता है। डर है कि कहीं कोई बड़ी अनहोनी न हो जाए। अशोक कुमार ने मकान से सटे विद्युत पोल को हटवाने की मांग अधिशाषी अभियंता से की है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का निराकरण न होने पर गृहस्वामी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेज कर पोल हटवाने की मांग की है

अच्छा काम | समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति ने आयोजित किया पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह

# जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को बांटी पाठ्य पुस्तक

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सब पढ़ें सब बढ़ें का संदेश दिया।

मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र किला घाट कालपी के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि न्यू लोक कल्याण समिति के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को पुस्तक वितरण का काम करके सराहनीय कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारीं नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी व्यक्ति तरक्की नहीं कर सकता। सुख समृद्धि तथा खुशहाली के लिये सभी लोग अपने अपने बच्चों को शिक्षित कराने में अपनी अग्रणी भूमिका निभायें। समारोह में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर मुहम्मद असरफ की मौजूदगी में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के गरीब छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें देकर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। संस्था के अध्यक्ष सेवा निवृत्ति प्रवक्ता सुरेश वर्मा ने कहा कि न्यू लोक कल्याण समिति प्रति वर्ष ऐसे छात्र-छात्राओं को शिक्षा में सहयोग करती है जो वाकई में पढंना चाहते हैं। महामंत्री आशिफ कुरैशी, संरक्षक अमर सिंह चन्देल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, शिवबालक सिंह यादव, रविन्द्र श्रीवास्तव, इमरान, राजेश गुप्ता एडवोकेट, विनीत गुप्ता रोहित चौहान, मो.फहीम आबिद खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल 25 छात्र छात्राओं को पुस्तक दी गई। राजेश गुप्ता, सभासद कपिल शुक्ला, सभासद लल्लू श्रीवास सभासद, आशुतोष आदि ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।


छात्र को पुस्तकों का पैकेट देते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पेंशनर्स बैंक खाते को आधार से जल्द लिंक कराएं

**उरई।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जनपद जालौन के सभी दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशन के लाभार्थियों को आगामी त्रैमासिक किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली के जरिए लाभार्थियों के आधार लिंक बैंक खातों में होना है। अत: जनपद में दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थी अपने बैंक से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से एनपीसीआई पोर्टल में जल्द से जल्द लिंक करा ले। अन्यथा उनकी आगामी पेंशन धनराशि खाते में ट्रांसफर होने में समस्या हो सकती है।

### दिव्यांगजनों को चिह्नित कर बांटे जायेंगे कृत्रिम अंग

**उरई।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्ड मुख्यालयों में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण वितरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों की दिव्यांगता केअनुरूप कृत्रिम अंग (बनावटी हाथ-पैर, कैलीपर्स) एवं सहायक उपकरण (ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, वैशाखी, स्मार्ट केन एवं वाकिंग स्टिक) की उपलब्ध कराने के लिए 16 जुलाई से चिन्हांकन शिविर शुरू कर दिए गए हैं जो 3 अगस्त चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड नदीगांव मुख्यालय में 75 दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता के सापेक्ष कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकित किया गया है। शिविर में विभाग की ओर से डॉ मधुसूदन सिंह (आर्थो), डॉ वीपी सिंह (ईएनटी), डॉ एके पाण्डेय (आई), शैलेश कुमार गुप्त (कनि.सहा.) व प्रमोद कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


अफसरों के साथ एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण। अमृत विचार

### जवानों के शौर्य और शहादत को किया गया नमन

**कालपी।** एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल दुष्यन्त सिंह चौहान और एडम अधिकारी नीलेश कुमार झा के निर्देशन में एमएसवी इन्टर कॉलेज कालपी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी कैडेट्स को कारगिल युद्ध में सैनिकों के शौर्य एवम् बलिदान की डाक्यूमेंट्री दिखलाई गई। कैडेट्स ने शहीदों की याद में पेंटिंग बनाई। लेफ्टिनेंट राजमणि ने कारगिल युद्ध विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता कराई और कैडेट्स से सैनिकों के अदम्य साहस से प्रेरणा लेने की सीख दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शाक्य ने कारगिल विभीषिका को याद करते हुए बताया कि भारतीय सैनिकों ने अपने पराक्रम से शत्रु देश के हजारों सैनिकों को मार गिराया। परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा, सूबेदार मनोज, सूबेदार योगेन्द्र सिंह सूबेदार संजय कुमार, महावीर चक्र कैप्टन अनुज नायर, विजयंत थापा आपरेशन कारगिल विजय के जाबांज नायक रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता सुशील द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह, अशोक तिवारी, अरविन्द शुक्ला, सन्तोष अवस्थी वेदप्रकाश, श्रीमती शशि मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### नवागंतुक नायब तहसीलदार ने संभाला पदभार

**कालपी।** नवागंतुक नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने पदभार ग्रहण करके राजस्व विभाग का कार्य शुरू कर दिया है। तारा शुक्ला इटावा जनपद की सैफई, ताखा, इटावा में नायब तहसीलदार रह चुकीं। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं को गतिशीलता से क्रियान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर नई तहसीलदार तारा शुक्ला ने आटा, चमारी, छौंक जोल्हूपुर ग्रामों का भ्रमण किया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर समस्याएं पूछीं।


तारा शुक्ला।

### रोजगार मेला व कैरियर काउंसिलिंग आज

**उरई।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी उरई (जालौन) आलोक मिश्रा ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई एवं राजकीय आईटीआई0 कोंच के संयुक्त प्रयास से 26 जुलाई यानी शुक्रवार को राजकीय आईटीआई कोंच के परिसर में प्रात: 11 बजे से रोजगार मेला व कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सभी अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रोजगार मेले में हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन एवं टीम प्लस एचआर सर्विस आदि कम्पनियां आ रही हैं।

### पल्लेदार मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बने राम सिंह

**उरई।** ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियंस एक्टू से संबद्ध पल्लेदार मजदूर यूनियन की गल्ला मंडी में बैठक मे पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कामरेड राजाराम वर्मा को अध्यक्ष पद पर दोबारा चुना गया। कामरेड राम सिंह चौधरी को मंत्री, देवी दयाल वर्मा को संयुक्त मंत्री, रमेश चंद्र उपाध्यक्ष को कोषाध्यक्ष, रामबाबू अहिरवार को कार्यालय प्रभारी, अशोक वर्मा, रम्मन, बाबू खां, देवेंद्र, मानसिंह परिहार समेत 15 सदस्य निर्विरोध चुने गए। नए अध्यक्ष राम सिंह चौधरी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश का पल्लेदार मजदूर यूनियन के संपर्क में है। पल्लेदारों के हक और अधिकार के लिए ट्रेड यूनियन संघर्ष कर रही है। पल्लेदार मजदूरों की मांगों पर संघर्ष के लिए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में हनुमान, सुरेश चंद्र, राज बहादुर, मानसिंह, अखिलेश, सुशील, सुनील, मंगल, चरण सिंह, कल्याण सिंह, प्रमोद, रामबाबू, अशोक कुमार, दयाराम, गोकुल प्रसाद, बाबू खान, ओम प्रकाश, सुलेमान, राजू, जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### दिसंबर में होगा धीरेन्द्र शास्त्री का कार्यक्रम

**कालपी।** बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की महर्षि वेदव्यास की जन्मभूमि कालपी में एक कार्यक्रम के लिए दिसम्बर में तीन दिवसीय आयोजन के लिए अनुमति दी है। सुदामा कुटी वृंदावन और गुरु प्रसाद शर्मा जी के माध्यम से वनखंडी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर महंत जमुनादास ने अपने शिष्यों नागेन्द्र गुप्ता, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विजय सिंह, नीतू गुप्ता आदि के साथ आयोजन की चर्चा के लिए बागेश्वर धाम पहुंचे। जहां महराज ने माता रानी के प्रसाद स्वरूप चुनरी पहनाकर उनका सम्मान किया। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने दिसम्बर माह में तीन दिवसीय आयोजन करने के लिए अनुमति प्रदान की है।


धीरेंद्र शास्त्री से मिले महंत जमुनादास।

### केन नदी में मॉकड्रिल कर बताए बाढ़ से बचाव के उपाय

**बांदा।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने गुरुवार को मॉक ड्रिल किया। ग्रामीणों को बाढ़ से निपटने व सावधानी बरतने का प्रशिक्षण दिया गया। बाढ़ के दौरान होने वाली मुश्किलों को कम समय में दूर करने के लिए प्रशासन ने आवश्यक रिहर्सल भी किया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व राज्य आपदा प्राधिकरण के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की उपस्थिति में भूरागढ़ स्थित केन नदी घाट पर मॉकड्रिल के जरिए ग्रामीणों को बाढ़ से निपटने व सावधानी बरतने का प्रशिक्षण दिया गया। बाढ़ के दौरान होने वाली मुश्किलों को कम समय में दूर करने के लिए प्रशासन ने आवश्यक रिहर्सल भी किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर रजत वर्मा, उप जिलाधिकारी पैलानी ने बाढ़ के दौरान मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

### जिलाधिकारी पहुंचे विद्यालय, बच्चों को भी पढ़ाया

**उरई।** प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को जिलाधिकारी शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं की हकीकत को परखने के लिए जनसुनवाई के बाद फील्ड पर निकलते हैं। इसी क्रम में गुरुवार सुबह लगभग 11.30 बजे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय कुकरगांव का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले मिडडे मील को देखा, मेन्यू के अनुसार भोजन बनाया गया था। इसके बाद कक्षा में पहुंचे यहां पर पर्यावरण विषय पर शिक्षक मोहम्मद शाहिद बच्चों को पढ़ा रहे थे। जिलाधिकारी ने बच्चों से पूछा कि वृक्ष हमें क्या देते हैं तो सटीक जवाब बच्चों ने दिया कि आक्सीजन, वृक्षों की पत्तियों में क्या पाया जाता है तो बच्चों ने कहा कि क्लोरोफिल। इसके बाद उन्होंने छात्रा महक, सृष्टि अनन्या से पहाड़ा सुनाने को कहा तो छात्राओं ने पहाड़ा सुना दिया। दूसरी कक्षा में जिलाधिकारी पहुंचे तो वहां पर शिक्षक बच्चों को महान व्यक्तित्व के बारे में समझा रहे थे। जिलाधिकारी ने लगभग एक घंटे तक बच्चों को पढ़ाया।


बच्चों को पढ़ाते जिलाधिकारी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024


## एक नजर

### खाद्य तेल में टिकाव, मूंग और अरहर दाल सस्ती

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मूंग दाल और अरहर दाल सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मूंग दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। चना, दाल चना, मसूर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

### बजाज फिनसर्व ने लार्ज कैप फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने केंडट्री रणनीति के तहत बजाज फिनसर्व लार्ज कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि यह इस श्रेणी में अनूठा फंड है। इसमें उच्च सक्रिय शेयर और चुनिंदा 25-30 स्टॉक पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक केंद्रित रणनीति है। इस अनूठे दृष्टिकोण के माध्यम से, फंड का लक्ष्य लंबी अवधि में बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न प्रदान करना है।

### ईक्यूटी ने आरबीएल बैंक की अपनी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल एशिया ने गुरुवार को निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक में अपनी समूची 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1,091 करोड़ में बेच दी। ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल अब आरबीएल बैंक से पूरी तरह अलग हो गई है। उसने अपनी इकाई मेपल-2 बी वी के जरिये हिस्सेदारी बेची। बीएसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मेपल-2 बीवी ने 4,78,40,700 शेयरों की बिक्री की जो आरबीएल बैंक में 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों को 228.08 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव पर बेचा गया।

# शेयर बाजार में पांचवें दिन भी गिरावट

## धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 109.08 टूटा

**मुंबई, एजेंसी**



- पांच सत्रों में सेंसेक्स में 1.60% और निफ्टी 1.59% गिरा

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से निवेशक अपना रुपया निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निकासी की है। पिछले कुछ सत्रों की तरह गुरुवार को भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 109.08 अंक यानी 0.14% की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 671 अंक तक लुढ़कते हुए 79,477.83 अंक पर आ गया था। लेकिन टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी ने गिरावट को थाम लिया। एनएसई का निफ्टी भी 7.40 अंक यानी 0.03% गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60% और निफ्टी में 394.75 अंक यानी 1.59% की गिरावट आई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार शुरुआत में अमेरिकी बाजार में गिरावट के असर में रहा लेकिन आखिर तक इसने नुकसान की भरपाई की। इसके पीछ तेल एवं गैस, वाहन शेयरों में लिवाली की भूमिका रही।

एक्सिस बैंक के शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के तिमाही के नतीजे निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहे। नेस्ले, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टाटा मोटर्स में 6% की बढ़त रही। लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे।

### मिडकैप और स्मॉल कैप में भी आई गिरावट

बीएसई मिडकैप में 0.22% और स्मॉलकैप में 0.14% की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अंत में बाजार कमोबेश स्थिर स्तर पर बंद हुए। बजट में खपत को बढ़ावा देने और ऊर्जा बदलाव की दिशा में प्रयासों से इस खंड को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एफआईआई ने बुधवार को 5,130.90 करोड़ मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

### आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को सुरक्षा मंजूरी मिली

- आरबीआई से हरी झंडी जल्द मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वालों को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61% हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की 30.48% और एलआईसी की 30.24% हिस्सेदारी को बेचा जाएगा। जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। गृह मंत्रालय से सुरक्षा और आरबीआई से उचित मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी लेनी होगी।

# आयकर कानून का मसौदा तैयार करेगा कर विभाग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संजय मल्होत्रा

- राजस्व सचिव बोले- विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से लेंगे परामर्श

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से जुड़ी है। वित्त

मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी कर ली जाएगी। इसका मकसद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद कम होंगे, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

मल्होत्रा ने कहा कि यह कोई नई प्रत्यक्ष कर संहिता नहीं है... यह एक व्यापक समीक्षा है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभागकी एक आंतरिक समिति की ओर से तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे पहला मसौदा एक आंतरिक दल की ओर से तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

# अनचाहे कॉल, संदेशों पर रोक के लिए दें टिप्पणियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उपभोक्ता मंत्रालय ने महासंघों, संघों और हितधारकों के अनुरोधों पर तिथि बढ़ाई की आठ अगस्त

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की आखिरी तारीख बढ़ाकर गुरुवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी।

मंत्रालय ने कहा कि उसे विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां मिले हैं, जिन पर गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये निर्देश कारोबारी संचार से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत हुआ है। अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।

# बजट से जलीय कृषि, समुद्री खाद्य निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने तथा वित्तपोषण सुविधाओं जैसी समुद्री क्षेत्र के लिए बजट घोषणाओं से देश के जलीय कृषि व समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एमपीईडीए ने गुरुवार को यह बात कही।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, बजट में समुद्री उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के मकसद से कई रणनीतिक उपाय हैं, जिनमें झींगा उत्पादन तथा निर्यात पर ध्यान दिया गया है। बजट में झींगा तथा मछली का चारा बनाने में इस्तेमाल कच्चे माल पर सीमा शुल्क छूट देने का प्रस्ताव है। खनिज तथा विटामिन प्री-मिक्स, क्रिल भोजन, मछली लिपिड तेल, कच्चा मछली तेल, एल्गल प्राइम, एल्गल तेल जैसे कच्चे माल को आयात शुल्क से छूट देने की भी घोषणा हुई। कीट भोजन और एकल कोशिका प्रोटीन के लिए आयात शुल्क घटाकर पांच प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव है।

# सोना 1,000 रुपये टूटा और चांदी 3,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट से आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलो रह गया। कारोबारी सत्र में चांदी 87,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो सबसे बड़ी गिरावट है।



## एक नजर

### जम्मू में 300 से ज्यादा बंदूक के लाइसेंस बरामद

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को जम्मू के सतवारी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से ज्यादा लाइसेंस बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से अधिक लाइसेंस मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वे फर्जी हैं, समाप्त हो चुके हैं या मान्य दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

### जमानत के लिए विभव कुमार जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार कुमार ने 19 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी और 24 जुलाई को इसे पंजीकृत किया गया। विभव ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

### अभिनेत्री के विरुद्ध ड्रग्स मामला हो सकता है खत्म

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने 2016 के ड्रग्स मामले में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को सबूतों की कमी का हवाला देते हुए रद करने का संकेत दिया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने अभी विस्तृत आदेश जारी नहीं किया है लेकिन संकेत दिया है कि अभिनेत्री की याचिका को खारिज करने की अनुमति दी जा सकती है। अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्हें ड्रग घोटाले में बलि का बकरा बनाया गया है जिसका पर्दाफाश ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 12 अप्रैल 2016 को किया था और जिसमें 80 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी।

### हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं ठप

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं ठप रहीं। हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएं संगठन के नेतृत्व में चिकित्सक हड़ताल कर रहे हैं। यह संगठन राज्य के सरकारी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये चिकित्सक विशेषज्ञ कैडर का गठन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती नहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए बांड राशि कम करने आदि मांग कर रहे हैं।

# पुणे में बारिश से चार की मौत, सेना तैनात

## उपमुख्यमंत्री पवार ने जलभराव क्षेत्र का किया दौरा, मौसम विभाग ने दी सतर्क रहने की चेतावनी

**पुणे, एजेंसी**



महाराष्ट्र के पुणे शहर में भरा बारिश का पानी।

महाराष्ट्र में गुरुवार को भारी बारिश से हुई घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। बारिश से पुणे और मुंबई शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया जिसके बाद यहां से लोगों को निकाला जा रहा है। मुंबई में बारिश से रास्तों पर पानी भर गया है और रेल सेवा प्रभावित हो गई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे का दौरा किया और कहा, सेना सिंहगढ़ मार्ग पर एकता नगर में तैनात है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ इलाके में मौजूद हैं। लवासा में भूस्खलन वाले स्थल पर बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन से कुछ बंगले प्रभावित हुए हैं और तीन लोगों के मलबे में होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पुणे जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर जिले के अधिकतर इलाकों के स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित किया गया है। पुणे शहर और वेल्हा, मुलशी, भोर तालुका समेत जिलों के अन्य हिस्सों में बुधवार रात से बारिश हो रही है। बाढ़ जैसे हालात के मद्देनजर फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए पुणे नगर निगम (पीएमसी) के अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने बताया कि खडकवासला बांध के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश से जलाशय से 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

### मुंबई में भारी बारिश से जलभराव, ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** मुंबई और उसके उपनगरों में भारी बारिश से सड़कों पर जलभराव होने से यातायात बाधित हुआ और लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित हुई। जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश से विहार और मोदक सागर झीलें उफान पर हैं। यात्रियों ने शिकायत की कि पश्चिमी रेलवे और मध्य रेलवे की ओर से संचालित उपनगरीय सेवाएं 10-15 मिनट देरी से चल रही हैं।

# बिहार विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने नीतीश सरकार में अविश्वास जताया

**पटना, एजेंसी**



- समानांतर कार्यवाही के संचालन व फर्नीचर पलटने की कोशिश
- अध्यक्ष ने चेताया- कोई घायल हुआ तो कार्रवाई को होंगे बाध्य

बिहार विधानसभा में उस समय हंगामा होने लगा जब विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ सरकार में अविश्वास व्यक्त करते हुए सदन के बीचों-बीच समानांतर कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया।

एक दिन पहले सदन में महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार तथा राजग सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को विपक्षी महिला विधायक काली पट्टी बांधे थीं। विपक्षी सदस्य हंगाम कर रहे थे। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल चलाने का फैसला किया। उन्होंने फर्नीचर को पलटने की कोशिश कर रहे विपक्षी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कृत्यों से कोई घायल होता है, तो मैं कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। प्रश्नकाल समाप्त होने तक विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे लेकिन बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और वह सदन से बहिर्गमन कर गये।

विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच शून्यकाल के संचालन के बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी। ऊपरी सदन में भी महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार का मुद्दा विपक्षी सदस्यों ने उठाया, जिससे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद सभापति अवधेश कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री और मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार का आरोप है कि विपक्ष की महिला विधायकों को कुछ भी पता नहीं है या वे कुछ भी नहीं समझती हैं।

# उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहें जवान : द्विवेदी

**श्रीनगर, एजेंसी**



- एलओसी पर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, पद संभालने के बाद पहला कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को एलओसी पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात जवानों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का आह्वान किया। सेना प्रमुख (सीओएएस) का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने क्षेत्र में हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस ने चिनार कॉर्प्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की। उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।

# मप्रः छात्रों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

**गुना, एजेंसी**

- निजी स्कूल की प्रधानाचार्य ने इस मामले में मांगी माफी

मध्य प्रदेश के गुना शहर में निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने इस मामले में माफी मांग ली है।

घटना 15 जुलाई को वंदना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा के दौरान हुई। तीन विद्यार्थियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया का पाठ किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य सिस्टर कैथरीन ने उनसे माइक छीन लिया और कहा कि स्कूल में ऐसे श्लोक बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में घटना का विवरण दिया गया है। दो दिन बाद कथित घटना के बारे में पता चलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्कूल में हंगामा किया जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उनके आग्रह पर सिस्टर कैथरीन वहां पहुंचीं और माफी मांगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह दिन अंग्रेजी में बातचीत के लिए आरक्षित था और इसीलिए विद्यार्थियों को रोका गया। वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और अगर उन्होंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो उन्हें खेद है।

पुलिस ने बताया कि माफी मांगने के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानाचार्य पर कार्रवाई व उन्हें हटाने की मांग करते रहे तथा वे दो घंटे तक परिसर में रहे और मांग की कि स्कूल में रोजाना श्लोक का पाठ किया जाए।

### यूपीएससी, एसएससी परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हाल में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई 2024 को ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की। कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए। मामले को 22 जून 2024 को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया था। दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है।

# ऑस्कर नामित फिल्म में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर होने पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट से फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध करने वाली उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप है।

झारखंड के गांव को केंद्र में रख कर बनाई टू किल ए टाइगर एक ऐसे व्यक्ति की पीड़ा बयान करती है जो अपनी 13 वर्षीय बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। उसकी बेटी का तीन लोगों ने यौन उत्पीड़न किया था। इस साल 96वें अकादमी पुरस्कारों में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामित किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट की याचिका पर केंद्र के साथ एमी पुरस्कार के लिए नामित हो चुकीं फिल्म निर्माता पाहुजा और फिल्म को स्ट्रीम करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने यह देखते हुए इस स्तर पर फिल्म की वर्तमान स्वरूप में स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि यह मार्च से ही यहां जनता के लिए उपलब्ध है।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, आरोपी निताई रॉय को 2021 में राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामला : ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य व सूत्रधार में साठगांठ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआई ने मामले में अब तक की गई जांच के अनुसार किया खुलासा

राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के सूत्रधार पंकज कुमार ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाधार्य के साथ सांठगांठ कर पांच मई को परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे हल कर उन उम्मीदवारों को भेजा जिन्होंने पैसे दिए थे। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक की गई जांच की जानकारी देते हुए बताया कि कुमार ने ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के जिला समन्वयक एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम के साथ सांठगांठ कर अपराध को अंजाम दिया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि वह पटना के छात्रावास से बरामद आधे जले कागजों के आधार पर केंद्र की पहचान कर सकती है। नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्रों वाले बक्सों को स्कूल में लाया गया और पांच मई की सुबह नियंत्रण कक्ष में रखा गया। प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य ने सूत्रधार को कमरे में जाने की अनुमति दी। परीक्षा की सुबह हजारीबाग में एम्स पटना, रिम्स रांची और भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के समूह ने प्रश्नपत्र हल किया।




# पेरिस ओलंपिक 2024





## आज से शुरू होगा पेरिस ओलंपिक, हिस्सा लेंगे 117 खिलाड़ी, पिछले तोक्यो ओलंपिक में भारत ने जीते थे अब तक के सबसे ज्यादा सात पदक

# खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य

पेरिस, एजेंसी

मंच सज चुका है और दुनिया भर के खिलाड़ियों की तरह भारत के 117 खिलाड़ी भी शुक्रवार से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जहां उनका लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा।

भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जो उसका ओलंपिक खेलों में अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और भारतीय खिलाड़ी इसमें सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भले ही उन पर इसके लिए अपेक्षाओं का बोझ भी है लेकिन कुश्ती को छोड़कर किसी भी अन्य खेल के खिलाड़ी अपनी तैयारी को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं कर सकते हैं। खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है, लेकिन इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि तोक्यो ओलंपिक के सात पदकों की संख्या की बराबरी करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि भाला फेंक में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी पदक का प्रबल दावेदार नहीं है।

ट्रैक और फील्ड एथलीटों, विशेषकर अविनाश साबले ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अपने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उनका प्रदर्शन उन्हें पदक के दावेदारों में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं लगता है। स्टीपलचेजर साबले लगातार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 है, लेकिन सात अंतर्राष्ट्रीय धावक हैं जिन्होंने उनसे बेहतर समय निकाला है। ऐसे में उनका फाइनल में पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। भारत की पदक की उम्मीदें नीरज तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की फॉर्म में चल रही बैडमिंटन जोड़ी पर टिकी हैं। नीरज भले ही अभी तक 90 मीटर की दूरी तक भाला नहीं फेंक पाए हैं लेकिन उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

इससे पहले पहलवान सुशील कुमार (2008 और 2012) तथा सिंधु (2016 और 2021) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी जिस तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए वह निश्चित तौर पर पदक की प्रबल दावेदार है। हॉकी में भारत ने पिछले ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीत कर 41 वर्ष के लंबे इंतजार को खत्म किया था लेकिन हाल में टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में टीम को छोटी गलती भी भारी पड़ सकती है।

निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिनमें मनु भाकर और सौरभ चौधरी भी शामिल हैं जिन्हें पदक का दावेदार माना जा रहा है। इनके अलावा सिफत कौर समारा (50 मीटर थ्री पोजिशन), संदीप सिंह (10 मीटर एयर राइफल) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल) ने भी निशानेबाजी में पदक का 12 साल का इंतजार खत्म करने का माद्दा दिखाया है। वर्तमान में भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग 2012 लंदन खेलों में 10 मीटर एयर राइफल कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर पहुंचने वाले आखिरी भारतीय निशानेबाज थे। कुश्ती में भारत ने पिछले चार ओलंपिक खेलों में पदक जीता है लेकिन इस बार भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण खिलाड़ियों की तैयारी अनुकूल नहीं रही हैं। इसके बावजूद अंशु मलिक, अंतिम पंघाल और अमन सहरावत को भारत का सबसे अच्छा दावेदार माना जा रहा है।

### कई स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद तय

भारत के 117 सदस्यों के दल में तीन खेलों एथलेटिक्स (29), निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) के आधे खिलाड़ी शामिल हैं। इन 69 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। अन्य खेलों में भी कमोबेश यही स्थिति है और इस तरह से देखा जाए तो भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों पर होगी। भारतीय दल में हालांकि कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें अपना खेल का स्तर बढ़ाना होगा। इन खिलाड़ियों में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी शामिल हैं जो निश्चित तौर पर अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं। हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों से पहले फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही जबकि मुक्केबाजों और पहलवानों को प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का कम मौका मिला। निशानेबाजों ने भी ओलंपिक से पहले मिश्रित परिणाम हासिल किए।



# दीपिका को पछाड़ कर अंकिता ने लगाया निशाना



व्यक्तिगत रिकर्व क्वालीफिकेशन में निशाने को तैयार भजन कौर।

पेरिस, एजेंसी

### अंकिता व्यक्तिगत में 11वें स्थान पर, महिला टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंची



क्वालीफिकेशन में निशाने लगातीं अंकिता भकत (मध्य में) व अन्य खिलाड़ी।

पदार्पण कर रही तीरंदाज अंकिता भकत ने गुरुवार को अनुभवी दीपिका कुमारी को पीछे छोड़ते हुए पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत रिकर्व क्वालीफिकेशन में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ 11वां स्थान हासिल किया, इससे देश ने चौथे स्थान पर रहकर टीम स्पर्धा में क्वार्टरफाइनल में पहुंचा।

अंकिता (26 साल) 666 अंक से भारतीय महिला तीरंदाजों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर रहीं, उनके बाद भजन कौर 559 अंक से 22वें और दीपिका कुमारी 658 अंक से 23वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन उप विजेता जबकि मेक्सिको तीसरे स्थान पर रहा। टीम तालिका में शीर्ष चार टीम सीधे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं जबकि पांचवें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीम राउंड 16 मुकाबले खेलेंगी। भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।

अगर भारतीय महिला टीम क्वार्टरफाइनल की बाधा पार कर लेती है तो उसे सेमीफाइनल में मजबूत कोरियाई टीम से भिड़ना पड़ सकता है। कोरियाई टीम ओलंपिक में अपराजेय रही है, उसने तीन साल पहले तोक्यो में लगातार नौवां पदक जीता था। व्यक्तिगत वर्ग में कोरिया की लिम सिहयिओन ने 694 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनकी हमवतन सुहियोन नाम 688 अंक से दूसरे स्थन पर रहीं। चीन की यांग जियाओलेई 673 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। दीपिका पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा में नहीं खेलेंगी क्योंकि अंकिता भारतीयों में शीर्ष पर रहीं। अंकिता पुरुष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले तीरंदाज के साथ मिश्रित टीम फाइनल्स में जोड़ी बनाएंगी। पुरुष क्वालीफायर दोपहर के सत्र में शुरू होंगे।

## स्पेन ने की जीत से शुरुआत, अर्जेंटीना पहला मैच हारा



मैच के बाद स्पेन के खिलाड़ी।

**पेरिस।** यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर ओलंपिक खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की लेकिन लियोनेल मेस्सी के बिना खेल रहे विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और इसलिए दर्शकों का उन्हें भरपूर समर्थन भी मिला। पेरिस ओलंपिक खेलों का पहला गोल स्पेन के राइट बैक मार्क पबिल ने 29वें मिनट में किया। एल्डोर शोमुरोदोव ने पहले हाफ के आखिर में पेनल्टी के जरिए अपना 41वां अंर्राजष्ट्रीय गोल करके बराबरी की, जिसका उज्बेकिस्तान के प्रशंसकों ने जमकर जश्न मनाया। स्पेन की तरफ से सर्जियो गोमेज ने 62वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इन खेलों में मेस्सी के बिना खेल रहे कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में मोरक्को से 2-1 से हार झेलनी पड़ी। मोरक्को की तरफ से दोनों गोल स्ट्राइकर सौफियाने रहीमी ने किए। मोरक्को की जीत जब सुनिश्चित लग रही थी तब अर्जेंटीना की तरफ से दूसरे हाथ के इंजरी टाइम मे क्रिस्टियन मदीना ने बराबरी का गोल कर दिया। मोरक्को के प्रशंसक मैदान पर उतर आए जिससे खेल खत्म होने से कुछ समय पहले मैच स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 2 घंटे तक खेल रुका रहा और जब खेल शुरू हुआ तो उससे कुछ देर पहले वीडियो प्रणाली से अर्जेंटीना का गोल ऑफ साइड होने के कारण अमान्य करार दे दिया गया। अन्य मैचों में इजरायल ने कड़ी सुरक्षा के बीच खेले गए मैच में माली को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि मेजबान फ्रांस ने अमेरिका को 3-1 से हराया।

## नागल के लिए मुश्किल ड्रा, फ्रांस की जोड़ी से भिड़ेंगे बोपन्ना-बालाजी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान फ्रांस के मोटेट कोरेंटिन के खिलाफ शुरू करेंगे जिसे वह अप्रैल में हरा चुके हैं और अगर वह पहले दौर का मुकाबला जीत जाते हैं तो उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के छठे नंबर के एलेक्स डि मिनौर से हो सकता है। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल का मोटेट के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी का है। मोटेट एटीपी एकल चार्ट में उनसे 12 पायदान ऊपर हैं। पहले दौर की बाधा पार करने के बाद नागल दूसरे दौर में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे डि मिनौर से भिड़ सकते हैं। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का सामना फ्रांस के फैबियन रेबॉल और एडोआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी से होगा।

### एंडी मरे एकल से हटे, सिर्फ युगल में खेलेंगे

पेरिस। दो बार के ओलंपिक टेनिस स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को पेरिस खेलों की एकल स्पर्धा से हटने का फैसला किया और वह डैन इवांस के साथ केवल युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन के 37 साल के मरे ने कहा कि ये ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने इस महीने विंबलडन की एकल स्पर्धा से भी हटने का फैसला किया था और युगल स्पर्धा में भी अपने बड़े भाई जैमी के साथ एक ही मैच खेला था। मरे ने गुरुवार को कहा मैंने डैन के साथ युगल स्पर्धा पर ध्यान लगाने के लिए एकल से हटने का फैसला किया है। हमारा अभ्यास शानदार रहा है और हम एक दूसरे के साथ अच्छा खेल रहे हैं। मरे के हटने की घोषणा ओलंपिक टेनिस स्पर्धा के ड्रा से कुछ देर पहले ही हुई।



### कर्बर ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

**पेरिस।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेगी। कर्बर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। कर्बर ने 2016 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन जीता है जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थीं। दो साल बाद उन्होंने विंबलडन ग्रैंडस्लैम अपने नाम किया।

### हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं: हरमीत

**पेरिस।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई का मानना है कि भारतीय पुरुष टीम के पास पेरिस ओलंपिक में किसी भी टीम को हराने का माद्दा है जिससे उसके पास सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका है। पेरिस ओलंपिक शुक्रवार को उद्घाटन समारोह से शुक्रवार को शुरू होंगे। हरमीत ने अल्टीमेट टेबल टेनिस को दिए साक्षात्कार में कहा अगर हम किसी दिन लय में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास किसी भी टीम को हराने का अच्छा मौका है। हम पहले भी दुनिया की शीर्ष टीम के खिलाफ जीत चुके हैं और इस बार संभव है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



### उद्घाटन में हो सकती है बारिश

**पेरिस।** सीन नदी पर पेरिस ओलपिक के अनूठे उद्घाटन समारोह के दौरान मौसम की गाज गिर सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान जताया है। फ्रांस के मौसम विभाग मेटियो फ्रांस ने शुक्रवार की सुबह बारिश की भविष्यवाणी की है। दोपहर को मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम को बारिश हो सकती है जिस समय उद्घाटन समारोह होना है। बारिश होने पर भी उद्घाटन समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। आम तौर पर खिलाड़ी पारंपरिक रूप से स्टेडियम में मार्च करते हुए प्रवेश करते हैं लेकिन पेरिस ओलंपिक में 10,500 खिलाड़ी 90 से अधिक नावों पर सवार होकर सीन नदी पर छह किलोमीटर की परेड करेंगे। इस दौरान सीन नदी के किनारे सैकड़ों की संख्या में दर्शक उनकी हौसलाअफजाई के लिये मौजूद रहेंगे।

### दूसरे दौर में भिड़ सकते हैं जोकोविच और नडाल




**पेरिस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। गुरुवार को जारी किए गए ड्रॉ के अनुसार जोकोविच अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के खिलाफ करेंगे जबकि नडाल का सामना मार्टन फुकसोविक्स से होगा। इन मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से 14 खिताब फ्रेंच ओपन के रूप में जीते हैं। उन्होंने 2008 में बीजिंग में एकल जबकि 2016 में रियो में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ का सामना पहले दौर में लेबनान के खिलाड़ी हैदी हबीब से होगा।

## प्रणव सूरमा ने विश्व रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** प्रणव सूरमा ने दृढ़ संकल्प के साथ अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बेंगलुरू में हाल ही में आयोजित ट्रायल में प्रणव ने एफ51 श्रेणी के क्लब थ्रो में 37.23 मीटर थ्रो फेंक यह उपलब्धि हासिल की, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड 36.22 मीटर से एक मीटर से अधिक है।

इस उपलब्धि के बाद प्रणव ने कहा, मई में कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाना निराशाजनक था। मेरे कोच सिंह और मैंने कड़ी मेहनत की। पेरिस जाते समय इस प्रदर्शन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। कोच नवल सिंह ने कहा प्रणव हमेशा से ही मेहनती रहा है, लेकिन कभी-कभी बाहर का शोर खिलाड़ी की एकाग्रता को तोड़ सकता है।

# हैट्रिक बनाने को तैयार हैं पीवी सिंधु

पेरिस, एजेंसी



- रियो में रजत और तोक्यो में कांस्य जीतने के बाद स्वर्ण की तैयारियों में जुटीं हैं भारतीय बैडमिंटन स्टार

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु लगातार तीसरे ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही हैं और उन्होंने अपना यह लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले कुछ महीनो में अलग-अलग तरीकों से कड़ा अभ्यास किया है।

सिंधु ने रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अगर वह पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहती है तो फिर वह पदकों की हैट्रिक पूरी करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने प्रकाश पादुकोण के साथ बिताने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह लगातार तीसरा पदक जीतने के लिए तैयार है। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा, निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं। जब भी मैं ओलंपिक में भाग लेती हूं तो वह मेरे लिए नया ओलंपिक होता है। इसलिए मैं जब भी ओलंपिक में खेलने के लिए उतरती हूं तो मेरा लक्ष्य पदक जीतना होता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही हैट्रिक पूरी करूंगी।

पेरिस आने से पहले सिंधु ने जर्मनी के सारब्रुकेन में स्पोर्टकैंपस सार में अभ्यास किया जहां की समुद्र तल से ऊंचाई, मौसम और परिस्थितियां फ्रांस की राजधानी के समान हैं। परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां उन्होंने अपने कमरे में एक हाइपोक्सिक चैंबर (कम ऑक्सीजन) बनाया और कुछ दिनों तक वहीं सोईं। हाइपोक्सिक चैंबर खिलाड़ी के शरीर को अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर खेलने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। मेरे पास बहुत अधिक समय नहीं था और इसलिए मैंने सोचा कि कहीं और जाने से बेहतर होगा कि यहीं उस तरह की परिस्थितियां तैयार की जाएं।

### महिला एशिया कप

## सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार भारत

**दाम्बुला।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी जिसमें शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी।

शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं जिससे वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ शेफाली को अच्छी शुरूआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। भारत ने सभी तीनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। यह मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।

# पंत और सैमसन में से एक का चयन कोच गंभीर के लिए बड़ी चुनौती

कोलंबो, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा।छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में भले ही दो स्थान खाली हैं लेकिन फिर भी इन दोनों में से किसी एक को बल्लेबाज के रूप में उतारना भी आसान नहीं होगा। पंत ने टी-20 विश्व कप में 171 रन बनाए जबकि सैमसन को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला जबकि वह टीम का हिस्सा थे।

भारत और श्रीलंका के बीच यह शृंखला भारतीय टीम के लिए इसलिए महत्वपूर्ण बन गई है क्योंकि गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली शृंखला है जबकि टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। गंभीर के पिछले रिकार्ड को देखते हैं तो यह निश्चित है कि टीम संयोजन में उनकी बात को अधिक तवज्जो दी जाएगी।

### चोट के कारण तुषारा टी-20 शृंखला से बाहर

**पालेकल।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। श्रीलंका ने तुषारा की जगह एक अन्य तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया है। तुषारा की चोट श्रीलंका के लिए बड़ा झटका है क्योंकि यह तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। उन्होंने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक आठ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट भी 5 .62 था। तुषारा चोटिल होने के कारण इस शृंखला से बाहर होने वाले श्रीलंका के दूसरे तेज गेंदबाज हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देशभर में पर्व जैसा माहौल, शहीदों को याद कर हुए भावुक

# मातृभूमि की रक्षा को अंतिम सांस तक डटे रहे थे जांबाज



यादों के झरोखों से ...वर्ष 1999 में कारगिल में तिरंगा लहराते जवान।



मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन का अनुपम बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। कारगिल युद्ध लगभग 50 दिन चला और भारतीय सैनिकों ने सीमित हथियारों के साथ दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा भारत सेना के साथ एकजुट खड़ा हुआ और पाकिस्तान को अपनी राष्ट्रभक्ति की मिसाल दिखाई। आज भारत में बने युद्ध स्मारकों में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में बने युद्ध स्मारकों में भी भारतीय जवानों के नाम अंकित हैं। कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को देश के सैन्यकर्मी यादकर भावुक हो गए।

### भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की : मलिक



जनरल (सेवानिवृत्त) वीपी मलिक ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के बाद से भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की है। युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि कुछ कमज़ोरियों के कारण ही 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा के इस पार घुसपैठ कर पाए थे। हमारे अधिकारियों और जवानों की बहादुरी के बल पर हमने पाकिस्तान के खिलाफ़ कारगिल युद्ध जीता था और पराजय के लिए विवश कर दिया गया।

### कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा: सीडीएस



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे।

### शहीदों की याद में पूर्व महिला सैन्य अधिकारी ने 160 किमी दौड़ लगाई



**मुंबई।** करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर एक पूर्व महिला सेना अधिकारी ने श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) वर्षा राय ने चार दिन के अंदर 160 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए पूरा की। उन्होंने कहा मैंने उन बहादुरों के सम्मान में दौड़ लगाई है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल राय श्रीनगर से द्रास सेक्टर तक दौड़ लगाते हुए करगिल युद्ध स्मारक पहुंची। उन्होंने 19 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी और यह 22 जुलाई को समाप्त हुई। उनके साथ चिनार वारियर्स मैराथन टीम भी थी।



### मोदी आज जाएंगे कारगिल, विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए विस्फोट करेंगे



प्रधानमंत्री मोदी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरे में वह लद्दाख क्षेत्र में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। इस दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन

## एक नजर

### तुर्की में 72 आईएस संदिग्ध पुलिस हिरासत में

**तुर्की।** यहां की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के संदेह में 72 लोगों को हिरासत में लिया है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा आईएस के खिलाफ एक अभियान में 13 प्रांतों से 72 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। मंत्री ने कहा कि पुलिस ने राजधानी अंकारा और इस्तांबुल तथा अंताल्या शहरों में छापेमारी की और तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में धन जब्त किये।

### रूस और चीन के बमवर्षक विमान देखे गए

**बीजिंग।** चीन और रूस के लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम चार बमवर्षक विमानों को अलास्का के नजदीक अंतर्राष्ट्रीय जल सीमा के ऊपर उड़ते देखा गया, जिसके जवाब में अमेरिका तथा कनाडा ने अपने लड़ाकू विमान भेजे। अमेरिका एवं कनाडा की संयुक्त एरोस्पेस कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### सिंगापुर में आतंकवादी हमले का खतरा

**सिंगापुर।** इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से सिंगापुर में संभावित आतंकवादी हमले का खतरा बना हुआ है। सिंगापुर आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, क्षेत्रीय चरमपंथी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर सिंगापुर विरोधी बयानबाजी के भी मामले बढ़े हैं।

### गाजा से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।

# मोदी की रूस यात्रा के समय को लेकर अमेरिका निराश

## यात्रा के दौरान नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- **अमेरिकी सांसदों ने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों पर चिंता जताई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐसे समय रूस की यात्रा करने को लेकर अमेरिका निराश है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यहां नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे थे। यह बात अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन सांसदों से कही, जिन्होंने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा की थी। यह यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से मोदी की पहली रूस यात्रा थी। भारत ने 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने यहां संसदीय बैठक में अमेरिकी सांसदों से कहा मैं मोदी की मॉस्को यात्रा के प्रतीकवाद और समय को लेकर हमारी निराशा के बारे में आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम अपने भारतीय मित्रों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा यदि मैं उस यात्रा के संदर्भ पर कुछ प्रकाश डालूं तो संभव है कि आप कुछ आश्वस्त हों। मॉस्को जाने से दो सप्ताह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की थी।

### मोदी का सम्मान करता हूं : लू

लू ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता हूं और प्रशंसा करता हूं। मॉस्को में युद्ध अपराधी पुतिन को गले लगाते हुए देखकर हैरान और दुखी हुआ, वह भी उसी दिन जब यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर मिसाइलें दागी।

### भारत का दो टूक जवाब रूस से संबंध दीर्घकालिक

**नई दिल्ली।** भारत ने मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है।

## कोलंबिया में फुटबॉल मैदान पर हुए ड्रोन हमले में 10 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया के काउका विभाग में एक फुटबॉल मैदान पर मंगलवार रात हुए ड्रोन हमले में एक नाबालिग सहित 10 लोगों की मौत हो गई। काउका में आर्मी स्पेसिफिक कमांड के प्रमुख जनरल फेडेरिको मेजिया के अनुसार यह हमला अर्गेलिया शहर के एल प्लैटेडो जिले में कोलंबिया विद्रोही समूह के निष्क्रिय हो चुके क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्टों द्वारा किया गया।

उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि मैदान पर हमले से पहले, जहां बच्चे खेल रहे थे, विस्फोटकों से लैस ड्रोन द्वारा सेना पर 13 हमले हुए। मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 9:00 बजे, फुटबॉल मैदान के पश्चिमी हिस्से में एक घर से भेजे गए आखिरी ड्रोन द्वारा मैदान पर एक विस्फोटक उपकरण गिराया गया, जिससे अज्ञात संख्या में लोग प्रभावित हुए और नाबालिग की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या हुई। जनरल मेजिया ने कहा कि ये हमले गुरिल्ला विरोधी सैन्य अभियानों के जवाब में किए गए हैं।

# भारत विरोधी तत्वों पर कार्रवाई करे कनाडा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत ने कनाडा के एडमॉन्टन में मंदिर में तोड़फोड़ की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए कनाडा सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस मुद्दे पर सवालों के जवाब में कहा हमने इस मामले को दिल्ली और ओटावा दोनों में कनाडा के अधिकारियों के साथ दृढ़ता से उठाया है।

हम तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करेंगे। मंदिरों के विरुद्ध ये हमले बार-बार होने वाली घटना बन गए हैं और एक ऐसे उद्देश्य से किए जाते हैं जिसे समझना मुश्किल नहीं है। जायसवाल ने कहा कि हमने कनाडा में हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं देखी हैं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की कमी ने ऐसे आपराधिक तत्वों को और अधिक प्रोत्साहित किया है। उग्रवाद और हिंसा की वकालत करने वालों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत है अन्यथा कनाडा में कानून का शासन और बहुलवाद के प्रति सम्मान को गंभीर रूप से कमजोर किया जाता रहेगा।

### बार-बार हो रही हिंसा

उन्होंने कहा हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा उन भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा जिन्होंने बार-बार हिंसा के जरिए भारतीय नेताओं, संस्थानों, एयरलाइंस और राजनयिकों को धमकी दी है। हम हमारे ख़िलाफ़ धमकियों पर कड़ी कार्रवाई, समान स्तर की कार्रवाई देखना चाहेंगे।

## सभी समुदायों से समान व्यवहार पर भारत के साथ बातचीत जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों से समान व्यवहार के महत्व पर भारत के साथ चर्चा की है। कुछ राज्यों के ढाबा, होटल मालिकों को अपने भोजनालयों में नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से कहा हमने ऐसी खबरें देखी हैं।

हमने उन खबरों को भी देखा है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 22 जुलाई को उन निर्देशों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। मिलर ने कहा इसलिए वे (निर्देश) वास्तव में अब प्रभावी नहीं हैं। सामान्य तौर पर, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, दुनिया में कहीं भी सभी धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और सम्मान देने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के लिए समान व्यवहार के महत्व पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की है।

# नेपाल : दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में एक बच्चे सहित 18 लोग मारे गए थे। सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जा रहा बॉम्बार्डियर सीआरजे-200' विमान बुधवार को त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई।

घटना में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में चालक दल के दो सदस्य, एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी और चार वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों का परिवार शामिल है। नागर विमानन प्राधिकरण के उपमहानिदेशक हंस राज पांडे ने बताया कि ब्लैक बॉक्स जांच टीम को सौंप दिया गया है।

### कॉकपिट अलग होने से बच गया था पायलट

**काठमांडू।** दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष हैं जो विमान में आग लगने से पहले चमत्कारिक रूप से कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए। हवाई अड्डे के सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि जब विमान रनवे से फिसलकर कंटेनर से टकराया तो कॉकपिट का अगला हिस्सा उसमें फंस गया जबकि विमान का बाकी हिस्सा जमीन के दूसरी ओर जाकर गिर गया था।

## इमरान खान ने याचिका दायर की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई की हिंसा के मामलों में खुद को सैन्य हिरासत में सौंपे जाने की आशंका के मद्देनजर एक याचिका दायर की है। याचिका में दलील दी गई है कि घटनाओं में शामिल बंदियों को नागरिक अदालतों के अधिकार क्षेत्र में रहना चाहिए। यह याचिका खान के वकील उजैर करामत ने लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, मामले में संघीय सरकार और सभी चार प्रांतों के महानिरीक्षकों (आईजी) को प्रतिवादी बनाया गया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान (71) ने कहा कि उन पर जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) में विरोध प्रदर्शन भड़काने का आरोप लगाते हुए एक झूठी कहानी गढ़ी गई है।

# लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- **बाइडेन का राष्ट्र के नाम संबोधन, चुनावी मैदान से हटने के कारण बताए**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव की दौड से हटने के बाद व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम संबोधन में चुनाव से चार महीने से भी कम का समय रहने के बीच मैदान से हटने के कारण के बारे में बताया। बाइडेन ने बुधवार रात को 11 मिनट के प्राइम-टाइम भाषण में कहा हमारे लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती। इसमें व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा भी शामिल है। राष्ट्रपति ने 27 जून को बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी उम्र और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं, जिसके कारण 30 से अधिक डेमोक्रेटिक सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने का आग्रह किया। बाइडेन ने कहा इसलिए मैंने निर्णय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मशाल को नयी पीढ़ी के हाथों सौंप दिया जाये। यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है। अमेरिकी अब जो निर्णय लेते हैं, वे आने वाले दशकों के लिए राष्ट्र और दुनिया का भाग्य निर्धारित करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेट्स से रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हैरिस ने बहुत जल्दी ही डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं का समर्थन हासिल कर लिया।

## कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

- **चुनावी रैली को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर किया तीखा हमला**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश में शासन करने के योग्य नहीं हैं। हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार अपनी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर यह तीखा हमला किया। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से अपना नाम वापस लिए जाने के बाद कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। हैरिस (59) अब संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं और अगस्त में ''डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की सबसे उदार निर्वाचित राजनीतिज्ञ हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह बर्नी सैंडर्स से भी ज़्यादा उदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया अगर वह कभी सत्ता में आईं तो वह इस देश को बहुत तेज़ी से नष्ट कर देंगी।

## बॉलीवुड हलचल



# बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर फिर से बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है। सोनम कपूर ने वर्ष 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी की और वर्ष 2022 में मां बनी। सोनम कपूर लंबे अरसे से फिल्मों से दूर है। सोनम कपूर ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में कमबैक करने वाली हैं। सोनम कपूर ने बताया, मैं फिर से एक्टिंग शुरू करने वाली हूं, चाहे लोग मुझे चाहें या ना चाहें। सोनम ने बताया कि उन्हें अब भी जो रोल ऑफर हो रहे हैं वो 20 साल की उम्र वाले किरदार हैं। सोनम कपूर ने अपनी कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो।

## श्रद्धा ने की तमन्ना तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने तमन्ना भाटिया की तारीफ करते हुये कहा है कि उन्होंने इतनी हसीन स्त्री, कभी नहीं देखी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया नजर आ रही है। आज की रात गाने की रिलीज के बाद से तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। तमन्ना भाटिया ने स्त्री 2 के इवेंट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जहां फैंस ने जमकर उनकी तारीफ की।

### लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करेंगे अजय देवगन

**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, फिल्मकार लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने लव रंजन की सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे में काम किया है। अजय इन दिनों लव रंजन फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम कर रहे है। अजय देवगन एक और फिल्म में लव रंजन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह एक हाई बजट एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** | नई जानकारी को वैज्ञानिकों ने वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी का नाम दिया

# शुक्र के वातावरण में तैर रही अम्लीय बादल की दीवार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शुक्र ग्रह के वातावरण में एक नए बदलाव की जानकारी आई है। वैज्ञानिकों ने इसे वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी यानी शुक्र बादल विच्छेदन नाम दिया है। यह अम्लीय बादलों का बड़ा जखीरा है, जो ऊंची दीवार के रूप मे शुक्र के वातावरण से गुजर रही है।

इटली के एमेच्योर वैज्ञानिक लुइगी मोरोन ने पिछले सप्ताह इसका पता लगाया है। वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी अपेक्षाकृत नई तरह की अलग खोज है। जिसके संकेत 2016 में जापान के वीनस ऑर्बिटर अकात्सुकी से मिल गए थे। बादलों का यह विशाल जखीरा शुक्र के भूमध्य रेखा को लंबवत रूप से काटती हुई जा रही है, जो लगभग 5000 मील तक फैली हुई है। यह लगभग 200 मील प्रति घंटे की गति से शुक्र की परिक्रमा कर रही है।



कुछ तरह का है शुक्र ग्रह का वातावरण का काल्पनिक चित्र।

यह वायुमंडलीय व्यवधान शुक्र पर मौसम के संदर्भ में नई घटना है। किसी अन्य ग्रह पर इस तरह की घटना अभी तक नही देखी गई है। बहरहाल शुक्र के इस विचित्र बदलाव के कारण का अभी पता नही चल पाया है। ज्ञातब्य हो शुक्र का वातावरण वायुमंडल बेहद घना है। माना जाता है कि वह पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 90 गुना अधिक विशाल है। इसके वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस 96 फीसद है। नाइट्रोजन की मात्र सिर्फ 3 प्रतिशत है। सल्फ्यूरिक एसिड बादलों की एक मोटी परत इसके वातावरण में तैरती है। शुक्र का रंग पीला नजर आता है।

### क्यों बदल गया वातावरण

शुक्र ग्रह का वातावरण कैसे बदल गया ? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर आज तक नही मिल सका है। अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड के साए में घिरे शुक्र का पारा निरंतर बढ़ रहा है। माना जाता है कि कभी पृथ्वी के समान शुक्र की जलवायु हुआ करती थी। सागर व नदिया बहा करती थी। मगर ऐसा क्या हुआ, हो जो सब गायब हो गया और एसिड की बारिश इसके ऊपरी वातावरण में होने लगी।

### प्राचीन काल में ही हो गई थी शुक्र ग्रह की पहचान

**नैनीताल।** शुक्र ग्रह चन्द्रमा के बाद आकाश मे हमारा सबसे निकटतम पड़ोसी है। आसमान मे सबसे ज्यादा चमकने वाला ग्रह भी। रोमन लोग इसे वीनस, यूनानी कुप्रोस जिसका लैटिन रूप सिप्रिस जिसका अर्थ है शुक्र कहते थे। वहीं ऋग्वेद मे वेन शब्द को आकाश की चमकीली ज्योति कहा गया है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मत था कि वेन, वीनस, कुप्रिस और शुक्र शब्द एक ही अर्थ के घोतक हैं। चार हजार वर्ष पूर्व जब यूनानियों और भारतीय आर्यो के पूर्वज एक स्थान पर रहते थे, तब वे शुक्र को पहचानकर इसका नामकरण कर चुके थे।